आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

पानी भर रही महिला को दबंगों ने घसीटा, पेट पर मारी लात

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



गुरुवार 07 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 293 www.janexpresslive.com/epaper


रेल मंत्री बोले, रिंगस से खाटू श्याम... 12

# 11 जवानों समेत 100 से अधिक लापता

## धराली त्रासदी–400 का रेस्क्यू, केरल के 28 टूरिस्ट का सुराग नहीं, 5 लोगों की मौत, एक शव बरामद

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल प्रतिबिंब से प्रभावित क्षेत्र धराली, हर्षिल और सुखी टॉप में सर्च ऑपरेशन जारी है। हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी और सेना बचाव कार्य में जुटे हैं। आईटीबीपी के प्रवक्ता कमलेश कमल ने बताया- 400 से ज्यादा लोगों की ड्यूटी लगाई गई है. 100 से ज्यादा अभी भी प्यारे हैं। शाम तक उन्हें भी बचा लिया जाएगा। एनडीआरएफ के गवाह ने कहा कि सेना के 11 जवान लापता हैं। रविवार सुबह पीएम मोदी ने उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। इसके बाद धामी ने धराली और दूसरी जगह का एरियल सर्वे किया। वे अधिकारियों के साथ आर्किटेक्चर ऑपरेशन को लेकर भी गए। यहां केरल के 28 पर्यटकों का समूह धराली की घटना के बाद से लापता है। परिवार के सदस्यों ने कहा- एक दिन पहले सभी ने गंगोत्री की यात्रा पर जाने की बात कही थी, लेकिन भूस्खलन के बाद उनका कोई संपर्क नहीं हो सका। गंगोत्री तीर्थयात्रियों के प्रमुख निरीक्षण धराली गांव के बाजार-मकान, होटल बहेड़ खेड गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आये, सिर्फ 34 साल की उम्र में ये बर्बादी हुई।





### हिमालय की दरार पर बसा है धराली, 10 साल में तीसरी बार तबाह हुआ

धराली गांव में 1864, 2013 और 2014 में भी पहाड़ पर बादल फटे थे। इससे खीर नाले ने तबाही मचाई। भूगर्भ वैज्ञानिकों ने तीनों ही आपदाओं के बाद धराली गांव को कहीं और बसाने की सलाह राज्य सरकार को दी। यह भी बताया कि आपदा के लिहाज से धराली टाइम बम पर बैठा है, लेकिन इसे शिफ्ट नहीं किया गया। वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. एसपी सती बताते हैं.. धराली ट्रांस हिमालय (4 हजार मी. से ऊपर) में मौजूद मेन सेंट्रल थर्स्ट में है। यह एक दरार होती है, जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। ये भूकंप का अति संवेदनशील जोन भी है। जिस पहाड़ से खीर गंगा नदी आती है, वो 6 हजार मी. ऊंचा है, जब भी वहां से सैलाब आता है, धराली को तहस-नहस कर देता है। करीब 6 महीने पहले पहाड़ी का एक हिस्सा टूटकर खीर नदी में गिर रहा था, लेकिन ये अटक गया। संभवत- इस बार वही हिस्सा टूटकर नीचे आया है।

### धराली गंगोत्री धाम से 18 किमी दूर

धराली गांव उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित एक छोटा पहाड़ी गांव है। यह गांव भागीरथी नदी के किनारे, हर्षिल घाटी के पास बसा हुआ है। धराली गांव गंगोत्री यात्रा का एक प्रमुख पड़ाव है। गंगोत्री धाम से पहले यह अंतिम बड़ा गांव है, जहां से लोग आगे की कठिन चढ़ाई के लिए रुकते हैं। तीर्थयात्रियों को यहां रहने और खाने की सुविधा मिलती हैं। देहरादून से 218 किमी और गंगोत्री धाम से 18 किमी दूर है। अब तक यह सामने नहीं आया है कि आपदा के वक्त यहां कितने लोग मौजूद थे। प्रशासन का कहना है कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य

हर्षिल, धराली में राहत एवं बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। पुलिस, सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन आदि आपदा दल प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य में जुटें हैं। अभी तक आठ स्थानीय लोग, दो नेपाली मूल के व्यक्ति और नौ आर्मी जवानों के लापता होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिसमें रेस्क्यू टीम द्वारा एक स्थानीय व्यक्ति के शव को बरामद किया गया है। गंगनानी के पास मार्ग अवरुद्ध होने के कारण जिलाधिकारी उत्तरकाशी, प्रशांत आर्य एवं पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल भटवाड़ी हेलीपैड से हेली के माध्यम से हर्षिल, धराली आपदा प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना हैं।

### 1500 साल पुराना मंदिर भी ध्वस्त

आपदा में धराली में स्थित प्राचीन कल्प केदार महादेव मंदिर भी मलबे में दफन हो गया। भागीरथी नदी किनारे स्थित 1500 साल पुराना यह मंदिर पंच केदार परंपरा से जुड़ा है। स्थानीय लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र था।

### सेना के लगभग 11 जवान भी लापता

एनडीआरएफ के डीआईजी मोहसिन शाहेदी ने बताया, जानकारी के अनुसार, चार लोगों की मौत हो गई है और 50 से ज़्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। हर्षिल और सुखी टॉप में दो जगहों पर अचानक बाढ़ आने की भी खबर है। हर्षिल में सेना के लगभग 11 जवान लापता बताए जा रहे हैं। सुखी टॉप में कोई हताहत नहीं हुआ है। ऋषिकेश-उत्तरकाशी हाईवे प्रभावित है, इसलिए आवाजाही बहुत धीमी है। कई जगहों पर सड़क जाम होने के कारण टीमों को मौके पर पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए हमारी टीमें देहरादून में तैयार हैं।

### एक युवक का शव बरामद

हर्षिल में राहत कार्यों को तेज़ करने के लिए और भी सेना की टीमें, खोजी कुत्ते, ड्रोन, और खुदाई करने वाली मशीनें भेजी गई हैं। इस दौरान धराली में एक 32 वर्षीय युवक का शव मलबे से बरामद हुआ है। मरने वालों की संख्या चार हो गई है।

### वीडियो में लोग जान बचाते दिखे, 30 फीट तक मलबा जमा

इस आपदा के कई वीडियो सामने आए। इनमें लोग जान बचाने के लिए यहां-वहां भागते नजर आए। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। जो लोग इसके वीडियो बना रहे थे, वो लोगों से दूरी होने के बाद भी चिल्ला-चिल्लाकर बचने के लिए कह रहे थे। आपदा के बाद धराली में 30 फीट तक मलबा जम गया। बाजार की कई दुकानें और आसपास के मकान जमींदोज हो गए।

### उत्तराखंड के सांसदों की प्रधानमंत्री से मुलाकात

उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में घटित भीषण प्राकृतिक आपदा ने जन-जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। आपदा से उत्पन्न गंभीर हालात, जन-धन की क्षति, और राहत-बचाव कार्यों की तत्कालिक आवश्यकताओं को लेकरहरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह और नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान धराली क्षेत्र में आई भीषण आपदा, उसकी भयावहता, प्रभावित परिवारों की स्थिति और चल रहे राहत-बचाव कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

### चिनूक, एमआई 17 तैनात

राज्य सरकार की मांग पर केंद्र सरकार ने चंडीगढ़, सरसावा और आगरा से 02 चिनूक और 02 एमआई – 17 हेलिकॉप्टर, बुधवार तड़के ही जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उपलब्ध करा दिए। सड़क यातायात बहाल करने के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर से भारी मशीनरी भी पहुंचाई जा रही है। बचाव अभियान में सेना के 125 अधिकारी और जवान, आईटीबीपी के 83 अधिकारी और जवान भी लगे हुए हैं। इधर, बीआरओ के 06 अधिकारी, 100 से अधिक मजदूरों के साथ बाधित सड़कों को खोलने में जुटे हुए हैं।

### अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

उत्तरकाशी में नदी के बढ़ते जल स्तर ने चिंता बढ़ाई हुई है। आस-पास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। धराली उत्तरकाशी में सभी सरकारी एजेंसियां, विभाग और सेना आपसी समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। बीती रात 130 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है। बंद रास्तों को खोला जा रहा है और प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# सीएम योगी ने बरेली को दी 22.64 अरब के विकास कार्यों की सौगात



- 2017 से पहले नौकरियों पर डाला जाती थी डकैती, चाचा-बबुआ करते थे वसूली: योगी

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली मंडल के पहले यूनानी मेडिकल कॉलेज में अब इलाज के साथ पढ़ाई की राह आसान होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने बुधवार को इसका लोकार्पण किया। बरेली कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 22 अरब 64 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं की जिले को सौगात दी। उन्होंने यूनानी मेडिकल कॉलेज समेत 223 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 322 विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया।

### लाभार्थियों को किया सम्मानित

विभागों की ओर से लगाए जाने वाले स्टॉल के सामने प्लाई बिछाई गई। बरेली कॉलेज के मैदान पर आकर्षक तरीके से तिरंगा पंडाल बनाया गया। उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि सीएम युवा उद्यमी योजना में 1550 अभ्यर्थियों को लोन बांटा गया है। इसमें मुख्यमंत्री के हाथों से पांच लोगों को डमी चेक दिया गया। इसी तरह आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। डूडा की तरफ से बने प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी दी गई। शिक्षा विभाग के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

### 12 हजार बेटियों को मौका मिला, जनप्रतिनिधि करें सम्मान

सीएम योगी ने कहा कि इन दिनों प्रदेश में 60 हजार से अधिक पुलिसकर्मी ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां शामिल हैं। जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि ट्रेनिंग ले रहे पुलिसकर्मियों के परिजनों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करें। ताकि अभिभावकों को लगे कि उनका बेटा-बेटी सही राह पर चल निकला है और समाज में प्रेरणा का संचार हो।

### 'अच्छी सरकार विकास समृद्धि लेकर आती है'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सावन माह में नाथनगरी में आकर महादेव के चरणों में नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बरेली की जनता को विकास कार्यों के लिए बधाई। उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है तो विकास और समृद्धि साथ लेकर आती है। यह वही बरेली है, 2017 से पहले दंगे का दाग लगता था। बरेली दंगाग्रस्त जनपद बन गया था। लेकिन 2017 के बाद दंगा नहीं बल्कि आज नाथ कॉरिडोर से बरेली की पहचान बन गई है।

### युवाओं को किया प्रेरित

उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ लेने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कहा कि इस योजना में युवाओं को उद्यम के चयन और प्रशिक्षण के साथ पांच लाख रुपये तक गारंटी मुक्त और ब्याज मुक्त ऋण मिलता है। समय से भुगतान करने पर 7.5 लाख रुपये और फिर 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के लिए योजनाएं ही नहीं बनती थी। अब डबल इंजन की सरकार में युवाओं के लिए योजनाओं और अवसर की कोई कमी नहीं है।

### बिना भेदभाव के सबका विकास: योगी

सीएम योगी ने कहा कि हम विकास की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के हर किसी को देंगे। लेकिन अगर कोई मानता हो कि किसी विशेष रूप से उनके लिए पिछली सरकारों की तर्ज पर योजनाएं बनेंगी। अब वो नहीं हो सकता है। अब नया भारत है, योजनाओं में भेदभाव नहीं करता है। उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक पूरे भारत को जोड़ने में विश्वास रखता है।

### 8, 9 और 10 अगस्त को महिलाओं के लिए निशुल्क यात्रा

मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर 8, 9 और 10 अगस्त को प्रदेश की सरकारी बसों में महिलाओं के लिए नि:शुल्क यात्रा की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था नगर परिवहन और परिवहन निगम की बसों में बहनों के लिए एक सहयात्री के साथ लागू रहेगी। सीएम ने साफ-सफाई को नागरिक जिम्मेदारी बताते हुए स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी से पहले विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की।

### मंडल को मिला पहला यूनानी मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री योगी सुबह 1040 बजे सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने करीब एक घंटे तक जनप्रतिनिधियों के साथ मंडलीय बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी जनसभा स्थल बरेली कॉलेज पहुंचे। मंच पर सीएम योगी का डमरुओं की निनाद से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने बटन दबाकर 322 विकास कार्यों का शिलान्यास और 223 योजनाओं का लोकार्पण किया। हजियापुर में बनकर तैयार यूनानी मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण भी किया गया। यह बरेली मंडल का पहला यूनानी मेडिकल कॉलेज है। इसके शुरू होने के बाद मंडल में इलाज के साथ पढ़ाई की राह आसान होगी।

# इलाज नहीं, लाशें दे रहा है नर्स नाजमीन की डॉक्टरी का पेशा

**निजी हॉस्पिटल की नर्स नाजमीन बिना निगरानी बिना स्त्री रोग विशेषज्ञ कर दी महिला की छ्हह्ष्; हालत बिगड़ी तो नहीं पहुंचाया गया अस्पताल, मौत के बाद चुपचाप गांव भेजा गया शव**

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में निजी हास्पिटल की नर्स नाजमीन ने इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक महिला इलाज कराने गई थी, लेकिन लौटकर आई तो एक लाश बनकर! अस्पताल में न डॉक्टर थे, न कोई विशेषज्ञ, और न ही कोई मेडिकल बोर्ड फिर भी रेनू उर्फ़ सोनी नाम की महिला की गोपनीय डीएनसी कर दी गई, वो भी एक नर्स नाज़मीन द्वारा, जिसने खुद को डॉक्टर बताकर खेला मौत का खेल, रेनू की हालत बिगड़ती गई, लेकिन नाजमीन ने न तो किसी बड़े अस्पताल में ले गई न पुलिस को सूचना दी, और न ही स्वास्थ्य विभाग को। जब महिला ने दम तोड़ दिया, तो उसका शव रात के अंधेरे में चुपचाप गांव भेज दिया गया, ताकि न कोई शोर हो, न कोई सवाल उठे। मौत को छुपाने की ये साज़िश बता रही है कि ये कोई पहली घटना नहीं थी।



नर्स नजमीन

### अस्पताल या कत्लगाह?

सबसे बड़ा सवाल क्या यह सब कुछ मोहान सेवा हॉस्पिटल प्रशासन की जानकारी के बिना हो रहा था? या फिर ये पूरा खेल उन्हीं की छत्रछाया में चल रहा है? स्थानीय सूत्रों का कहना है कि नाज़मीन पहले भी कई बार इसी तरह की अवैध गतिविधियों में लिप्त रही है, लेकिन अब तक उसे न रोका गया, न टोकने वाला कोई सामने आया।

### मौत पर भी खामोश है पुलिस और स्वास्थ्य विभाग

- रेनू की संदिग्ध मौत के बाद भी कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, न ही किसी की गिरफ्तारी हुई।
- स्वास्थ्य विभाग चुप, पुलिस प्रशासन मौन, और अस्पताल प्रशासन अज्ञातवास में।
- परिजनों की आंखों में आँसू हैं, लेकिन उनके सवालों का कोई जवाब नहीं!

### समाज का सवाल है

अगर नर्सें ही डॉक्टर बन जाएं, और अस्पताल ही कब्रगाह बन जाएं, तो आम लोग जिएं तो कैसे?

### जनता का आक्रोश: दोषियों पर हत्या का मुकदमा हो

- रेनू की मौत अब सिर्फ एक परिवार का दर्द नहीं रही — ये अब पूरे समाज की लड़ाई बन चुकी है।
- जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।
- साथ ही नाज़मीन के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग तेज़ हो गई है।


### इलाज के नाम पर मौत कब तक?

रेनू की मौत ने प्रदेश के निजी अस्पतालों की असलियत एक बार फिर उजागर कर दी है। जहां न जान की कीमत है, न कानून का डर। अगर अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो एक और रेनू, एक और मासूम जान, इस इलाज के कारोबार में कुर्बान हो जाएगी। यह सिर्फ एक रिपोर्ट नहीं, एक सवाल है क्या आम इंसान की जान इतनी सस्ती हो गई है? क्या अब अस्पतालों से इलाज नहीं, लाशें निकलेंगी?

# अमेरिका ने भारत पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी किया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अब 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत द्वारा लगातार रूस से खरीदे जा रहे तेल के जवाब में यह 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ गया है। ट्रंप ने इस टैरिफ को लगाने के एक कार्यकारी आदेश पर बुधवार को हस्ताक्षर किए। प्रारंभिक शुल्क 7 अगस्त से प्रभावी होगा, जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिनों के बाद लागू होगा। ट्रंप ने अपने प्रारंभिक टैरिफ लागू होने से 14 घंटे से भी कम समय पहले अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। 30 जुलाई को ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था, जो 7 अगस्त से प्रभावी है। वहीं, अतिरिक्त टैरिफ 21 दिन बाद



यानी 27 अगस्त से प्रभावी होगा। ट्रंप पिछले दिनों कई बार यह बात दोहरा चुके हैं कि भारत, रूस से तेल खरीदता है और ऐसा करके वह यूक्रेन युद्ध को भड़काने में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मदद कर रहा है। एक दिन पहले भी उन्होंने 24 घंटे के भीतर भारत पर बहुत अधिक टैरिफ लगाने की बात कही थी। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हस्ताक्षर किए गए कार्यकारी

### क्या है कार्यकारी आदेश?

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं उसके अनुसार, 8 मार्च 2022 को रूस पर यूक्रेन पर हमला करने के चलते कुछ आयात और निवेशों पर प्रतिबंध लगाया गया था। 15 अप्रैल, 2021 को भी अमेरिका ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया था। इस आदेश के तहत रूस से कच्चे तेल, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम ईंधन, तेल और उनसे जुड़े उत्पादों का अमेरिका में आयात बैन था। ट्रंप ने दूसरे आदेश के तहत ही भारत पर टैरिफ लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं।

आदेश में कहा गया है, मुझे यह ज्ञात हुआ है कि भारत सरकार वर्तमान में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रूस संघ से तेल का आयात कर रही है। लागू कानूनों के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका के कस्टम क्षेत्र में भारत से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की अतिरिक्त दर से शुल्क लगाया जाएगा। इस आदेश की धारा 3 के अधीन यह शुल्क उन वस्तुओं पर लागू होगा जो उपभोग के लिए अमेरिका में प्रवेश करती हैं, या गोदाम से उपभोग के लिए निकाली जाती हैं। यह अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त 2025 से लागू होगा। हालांकि, यह अपवाद उन वस्तुओं पर लागू होगा। जिन्हें बंदरगाह से एक पोत पर लादा गया हो और जो अंतिम ट्रांजिट मोड में 21 दिनों के भीतर अमेरिका में प्रवेश कर चुकी हों। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने वाणिज्य मंत्री को यह पता लगाने का काम सौंपा है कि क्या बाकी देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूसी तेल खरीद रहे हैं।

# चित्रकूट के मानिकपुर में घर में लगी भीषण आग, पटाखों के धमाकों से थर्राया इलाका

- वाल्मीकि नगर में पटाखों के विस्फोट से मचा हड़कंप, तीन लोग घायल
- लगातार धमाकों से क्षेत्र में दहशत, डेढ़ घंटे तक जलता रहा घर

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



**मानिकपुर।** चित्रकूट जनपद के मानिकपुर थाना क्षेत्र के वाल्मीकि नगर पश्चिमी वार्ड में बुधवार को करीब तीन बजे एक घर में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर घर में रखे भारी मात्रा में पटाखों में लगातार धमाके होने लगे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पाए। लगभग डेढ़ घंटे तक धमाकों और आग का तांडव चलता रहा।

### धमाकों की गूंज से कांपा मोहल्ला

घटना के दौरान पूरे मोहल्ले में धमाकों की गूंज सुनाई देती रही। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें और धमाकों की आवाजें दूर-दूर तक सुनाई दीं।

### प्रशासन और पुलिस मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर एसडीएम, स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों में एक बच्चा और एक बुजुर्ग शामिल हैं जिन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया। बाद में एसडीएम ने पुष्टि की कि तीन लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है।

### पटाखों का अवैध भंडारण बना हादसे का कारण

एसडीएम मानिकपुर ने बताया कि, इस्त्याक नामक व्यक्ति के घर में पटाखे रखे गए थे, जो इनका व्यापार करता है। अवैध रूप से रखे गए पटाखों में ही आग लगने से यह हादसा हुआ। आग पर अब पूरी तरह काबू पा लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

### बड़ी दुर्घटना से टला संकट

गनीमत रही कि विस्फोटकों के बावजूद कोई बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ। लेकिन घटना ने घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अवैध पटाखा भंडारण पर प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा के अभाव को उजागर कर दिया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में मेविस टक ने किया कार्यभार ग्रहण

जन एक्सप्रेस/बांदा। भारतीय पुलिस सेवा की वर्ष 2022 बैच की अधिकारी मेविस टक (IPS-2022) ने दिनांक 4 अगस्त को देर शाम सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। तथा दिनांक 5 अगस्त को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक बांदा के साथ की जनसुनवाई।

### सूने घर में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्यामतपुर में महिला ने सूने घर में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। नियामतपुर निवासी सत्येंद्र उर्फ सोनी की 20 वर्षीय पत्नी सोनल बुधवार की सुबह घर पर अकेली थी। जिसने किन्हीं कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्वजनों ने बताया कि सुबह उसने नाश्ता किया, इसके बाद पति सत्येंद्र, ससुर प्रेमचंद व सास उर्मिला देवी खेतों पर चले गए थे। जब घर के लोग खेतों से लौटकर वापस आए तब उन्हें बच्ची की रोने की आवाज आई। तब वह घर के अंदर के कमरे में पहुंचे। जहां उन्होंने सोनल को फांसी के फंदे पर देखा और चीख-पुकार शुरू हो गई। इसके बाद उसे फांसी के फंदे से उतारकर स्वजन उपचार के लिए गांव के नर्सिंग होम ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया स्वजनों ने बताया की सोनम का मायका कानपुर देहात के थाना राजपुर क्षेत्र के गांव कमलपुर नवीपुर है। जिसकी सूचना उसके पिता अतर सिंह व मां सीमा देवी को दे दी गई है। महिला की शादी 2 वर्ष पहले हुई थी, जिसके दो महीने की एक पुत्री है। चौकी इंचार्ज शिवम सिंह ने बताया की अभी तक मायके पक्ष के लोगों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

### नौ को होगी जनसुनवाई

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में नौ अगस्त को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में प्रातः 09:00 बजे महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 10:00 बजे से महिला जागरूकता भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम में मौजूद रहने के निर्देश दिए है।

### मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा के लिए बुक करें अप्वाइंटमेंट: एडीएम

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि नागरिकों को सुलभ पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ द्वारा मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों तक पासपोर्ट सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, जहां अभी तक पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) या डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपी एसके) की सुविधा उपलब्ध नहीं है। बताया कि इसकी सुविधा की शुरुआत महोबा जिले से की जा चुकी है, जहाँ बीती 14, 15 व 16 जुलाई को मुख्य डाकघर महोबा में यह शिविर आयोजित किया गया था।

# मनरेगा काम के भुगतान करने पर मांगी 15 हजार की रिश्वत, रंगे हांथो एडीओ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उरई

सहायक विकास अधिकारी उद्योग एवं व्यवसाय को विजिलेंस ने रंगे हाथों पकड़ा। मनरेगा मजदूरी के नाम पर 15 हजार रुपये मांगे थे। नहीं देने पर सात लाख रुपये रोक दिया था।इसके बाद विजिलेंस ने रिश्वत लेते पकड़ा। डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम मौखरी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आकाश कुमार ने विजय के खेत से बंबा तक जलरोधक बांध का निर्माण व पुलिया व ग्राम कुइया के अस्थायी गोशाला में समतलीकरण के साथ अन्य कार्य ग्राम निधि व मनरेगा से कराए थे। जिसका आठ लाख 55 हजार रुपये धन आवंटित हुआ था। जिसका भुगतान भी मजदूरों के खाते में कर दिया गया था। मनरेगा मजदूर ग्राम प्रधान के सहयोग से लगाए जाते हैं जिस कारण क्षेत्र पंचायत ऐर ब्लाक डकोर के सेक्टर प्रभारी (सहायक विकास अधिकारी उद्योग एवं व्यवसाय) रमेश चंद्र उदैनिया भुगतान के बदले 15 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर अन्य



कामों के तीन भुगतान रोक दिए थे। सचिव के उत्पीड़न से परेशान होकर प्रधान प्रतिनिधि ने झांसी एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। इसके बाद बुधवार को टीम ने ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचकर सचिव को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही कोतवाली डकोर में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम कुइया मौखरी में गीता देवी ग्राम प्रधान हैं। उनका पूरा काम उनका पुत्र आकाश कुमार देखता है। उसने बताया कि कुइया मजरा मौखरी में विजय के खेत से बंबा तक जलरोधक बांध का निर्माण व संजू धोबी के खेत से बंबा की पुलिया तक जलरोधक बांध का निर्माण व ग्राम कुइया के अस्थायी गोशाला में समतलीकरण व अन्य कार्य के लिए ग्राम निधि व मनरेगा के तहत 8,55,000 रुपये का धन आवंटित हुआ था। सभी कार्य पूर्ण होने पर कार्यों का भुगतान मजदूरों के खातों में हो गया था। जिस कारण सहायक विकास अधिकारी उद्योग व व्यवसाय रमेश चंद्र उदैनिया निवासी ग्राम धंतौली जालौन हाल निवासी 920 नया पाठकपुरा कोंच रोड उरई कराए गए कामों के भुगतान के बदले 15000 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे। रिश्वत न देने की स्थिति में रमेश चंद्र उदैनिया उसके अन्य सात लाख रुपये के लंबित भुगतान न किए जाने की धमकी दे रहे थे। इससे परेशान होकर आकाश कुमार ने शनिवार को झांसी जाकर एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया। साथ ही बुधवार का दिन रुपये देने के लिए निर्धारित हुआ था। शाम करीब 3 बजे से एंटी करप्शन की टीम ब्लाक परिसर में बने सीएचसी के आसपास पहुंच गई थी। साथ ही तीन कर्मचारी ब्लाक कार्यालय में फरियादी बनकर घूम रहे थे और एक कर्मचारी किसान बनकर अंदर बैठा था। जैसे ही आकाश अंदर पहुंचा और उसने एडीओ रमेश उदैनिया को रुपये दिए तो टीम के सदस्यों ने तुरंत उसे पकड़ना चाहा लेकिन उसने रुपये फेंक दिए। इसके बाद टीम के साथियों ने दस्ताने पहनकर रुपये उठाए और परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी सुरक्षित कर लिए। इसके बाद रमेश उदैनिया को कोतवाली ले जाकर उसके हाथ धुलवाए तो हाथों में लगे केमिकल से पानी लाल हो गया। इसके बाद टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक शादाब खान, श्याम सिंह, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार सिंह, कमल, शिवम कुमार द्विवेदी, जितेंद्र सिंह ने उसे गिरफ्तार कर कोतवाली में मामला दर्ज करा दिया है।

### किशोर की नाले में गिरकर डूबने से मौत

जन एक्सप्रेस/जालौन। कोतवाली क्षेत्र के सींगपुरा में बकरी चराने गए किशोर की नाले में गिरकर डूबने से मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी 14 वर्षीय किशोर विक्की गांव के बाहर बकरियां चराने गया था। जब वह देर शाम तक घर न लौटा, तो परिजनों को उसकी चिंता हुई और उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर स्थित नाले में शव को उतराता हुआ देखा और तुरंत इसकी सूचना परिजनों के साथ पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नाले से बाहर निकालकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बकरी चराते समय किशोर नाले के किनारे गया था। इसी दौरान बारिश होने से वह फिसलकर नाले में गिर गया गया और पानी का बहाव तेज होने से वह खुद को संभाल नहीं पाया, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई। घटना से किशोर के परिवार में कोहराम मच गया और मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एकता वन को लिया गोद




जन एक्सप्रेस। उरई

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में एक व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल ने करमेर रोड स्थित वन विभाग कार्यालय में पहुंचकर प्रभागीय वन अधिकारी प्रदीप कुमार को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर आभार प्रकट किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को देखते हुए वन विभाग द्वारा एकता वन को व्यापार मंडल को गोद देने का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। इस पर व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे समय-समय पर वन क्षेत्र में उपस्थित होकर देखरेख, रख-रखाव एवं विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग करेंगे। निकट भविष्य में एकता वन को एक सुंदर और उपयोगी पार्क के रूप में विकसित करने की भी योजना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री अरुण त्रिपाठी, जिला महामंत्री संजीव सिपोलिया, प्रदीप द्विवेदी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सेठ, संजय सुहाने, जिला उपाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा राजपूत, महेंद्र भाटिया, दिनेश पुरवार, धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ, बंटू गुर्जर सहित कई जिला एवं नगर पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## चकंबदी कार्य में नहीं होनी चाहिए कोई लापरवाही: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने चकबंदी से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी चकबंदी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी चकबंदी के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सहायक चकबंदी अधिकारियों से कहा कि धारा चार के प्रकाशन के बाद जिन गांवों में अभी तक चकबंदी का कार्य शुरू नहीं हुआ है, वहां तत्काल चकबंदी प्रक्रिया शुरू कराएं। ऐसा न करने पर सम्बन्धित के



खिलाफ कार्यवाही होगी। चकबंदी आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशानुसार गांवों में चकबंदी कराएं। कहा कि जिन गांव का सर्वे हो गया है, उन गांवों का नक्शा तरमीम कराकर कार्य शुरू करें। बाढ़ प्रभावित गांवों को छोड़कर अन्य गांवों में चकबंदी के कार्यों को तेजी से कराएं। पड़ताल के कार्य में प्रगति कराएं। कहा कि सभी सहायक चकबंदी अधिकारी 25 अगस्त तक धारा नौ के अवशेष बचे कार्यों को प्रत्येक दशा में पूरा कराएं। डीएम ने धारा 20, धारा तीन, धारा सात, धारा आठ, धारा 27, धारा 52, जमाबंदी, बंदोबस्त, पैमाइश आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मन, सहित चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के भरे नमूने

जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी रक्षाबंधन त्योहार को लेकर जनपद की तहसीलों में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों विशेषकर मिलावटी दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाइयां, समस्त प्रकार की मिठाइयां खोया, बूंदी के लड्डू, की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कर कार्यवाही करते हुये उरई नगर पालिका के झांसी चुंगी चौराहा में



स्थित बालाजी किराना स्टोर प्रो0 प्रमोद कुमार के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पोहा का नमूना संग्रहीत किया। पीतांबरा स्वीट्स हाउस से खाद्य पदार्थ बेसन का लड्डू का नमूना। कोंच रोड स्थित उज्ज्वल सोनी के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सोनपापड़ी का नमूना। कोंच तहसील में उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह के नेतृत्व में भगत सिंह नगर चौराहा पर स्थित फैजल अहमद के प्रतिष्ठान से बूंदी के लड्डू का नमूना। पापा जी स्वीट्स से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना। चंद्रकुआ कोंच तहसील से मानवेंद्र यादव के परिसर से खाद्य पदार्थ बेसन का लड्डू का नमूना, हरिमोहन के परिसर से बेसन का लड्डू व प्रमोद कुमार किराना से बेसन व बूंदी का नमूना संग्रहित किया गया। उक्त नमूनों को जाँच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अनुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा टीम में सहायक आयुक्त खाद्य डॉ0 जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार संखवार, कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार, महेश प्रसाद मौजूद रहे।

## 60 क्षयरोगियों को किया गया पोषण पोटली का वितरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में क्षय रोगियों को जागरूक किया गया। साथ ही इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से 60 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में चिकित्साधिकारी डॉ तनुषा टीआर ने क्षय रोगियों से टीबी की दवा खाने से हो रही दिक्कतों की जानकारी ली तथा स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से दवाओं का सेवन करने के लिए कहा। साथ ही गुटका, बीड़ी व शराब आदि का नशा न करने की सलाह दी। कहा कि सभी लोग स्वच्छता का विशेष ध्यान दें तथा सार्वजनिक स्थलों पर न थूकें। टीबी मरीज के परिवार के प्रत्येक सदस्य भी अपने बलगम की जांच नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराएं। कोई भी टीबी मरीज बिना डॉक्टर की सलाह के दवा बंद न करें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अरुण पटेल ने कहा कि खून की कमी होने पर लोहे की कड़ाही में बने भोजन का सेवन करें तथा हरी सब्जी, अंकुरित व भुना चना, मूंगना, सहजन आदि को खाने में शामिल करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के अधीक्षक डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि टीबी रोगी खोज अभियान के तहत टीबी के लक्षण युक्त मरीज को जांच के लिए जरूर प्रेरित करें। इसमें सभी आशा व स्वास्थ्य टीमों को भी लगाया जाएगा। बताया कि टीबी रोग से सम्बन्धित जांच एवं दवाएं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। इस दौरान चिकित्साधिकारी डॉ. तनुषा टीआर ने 60 टीबी मरीजों को पोषण पोटली का भी वितरण किया। जिसमें सोयाबीन, अरहर की दाल, गुड़, मूंगफली, भुना चना आदि सामग्री शामिल रही।

# भाजपा ने की हर घर तिरंगा कार्यक्रम की कार्ययोजना बैठक

जन एक्सप्रेस। बांदा

भारतीय जनता पार्टी की भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम की कार्ययोजना बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले की सरकारों के समय देश में आतंकवाद पनप रहा था। पाकिस्तान ने पूरे देश में आतंकवादियों की घुसपैठ कराई आतंकवादियों ने देश को नेस्तो-नाबूद करने करने का प्रयास किया लेकिन 15 अगस्त 1947 के बाद देश जब देश आजाद हुआ और अटल बिहारी बाजपेई की देश में सरकार बनी तो यहाँ की सेना ने लड़ाई लड़ी और पाकिस्तान को परास्त करने का कार्य किया इसके बाद मोदी के नेतृत्व में सेना ने आतंकवादियों को समाप्त कर देश का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार आपरेशन सिन्दूर में आतंकवादियों की फैक्ट्री को नष्ट



करने का कार्य किया। आज भारत एक शक्तिशाली देश बन गया है। उन्होंने भाजपा द्वारा चलाये जाने वाले मतदाता पुरीक्षण अभियान व हर घर तिरंगा की सफलता हेतु सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी के साथ जिले से लेकर बूथ स्तर तक कार्य करने को कहते हुए वोटर लिस्ट से फर्जी मतदाताओं को हटवाने व वास्तविक वोटर का नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराने को कहा। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि यदि मण्डल के सभी पदाधिकारी1+2 (1संयोजक, 2सह संयोजक) तथा मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी व मण्डल प्रवासी योजना बनाकर कार्य करेंगे तो मतदाता पुनरीक्षण व हर घर तिरंगा कार्यक्रम शत प्रतिशत सफल होगाइसके होने कहा कि10अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा मण्डल स्तर पर निकाली जाएगी।

### भाद्रपद अमावस्या के पहले ठीक करा लें मोहरवा पुल से आवागमन की व्यवस्था: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने समिति के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सड़क दुर्घटना, रोड सेफ्टी पॉलिसी, ब्लैक स्पॉट, चालान सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए एनएच अधिकारियों से कहा कि बरगढ़ घाटी, मानिकपुर काली घाटी सहित जिन राजमार्गों पर अधिक सड़क घटनाएं हो रही है, वहां पर सांकेतिक बोर्ड, रंबल स्टेप स्पीड ब्रेकर आदि लगवाएं। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग में भरतकूप से पुलिस लाइन तक बीच में डिवाइडर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि भाद्रपद माह के अमावस्या मेले से पहले राजापुर के मुहरवां पुल को ठीक कराएं ताकि छोटे वाहनों का आवागमन प्रभावित न हो। साथ ही राजापुर-कर्वी मार्ग की खराब सड़क को भी ठीक करें। सभी चैराहों, तिराहों पर साइन बोर्ड लगवाएं। प्रयागराज-बांदा रोड पर भी सड़क सुरक्षा के कार्य कराएं। डीएम ने मंदाकिनी नदी कर्वी पुल व खोह ओवरब्रिज का भी निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व यातायात प्रभारी को निर्देशित किया कि बस स्टैंड कर्वी में वाहनों को खड़ा कर आवागमन बाधित करने वालों का अभियान चलाकर चालान करें। साथ ही सभी मुख्य मार्गों के पेड़ों पर रिफ्लेक्टर लगवाएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाई जा सकें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी, यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मण्डल स्तर पर भाजपा करेगी तिरंगा यात्रा का आयोजन: कोटार्य

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को हर घर तिरंगा यात्रा अभियान से सम्बन्धित बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करते हुए जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा सहित अन्य देश भक्ति के कार्यक्रम आयोजित कर देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेंगे। बताया कि यह कार्यक्रम मण्डल स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारी इन कार्यक्रमों में अम जनमानस के साथ सहभागिता सुनिश्चित करें। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा अभियान कार्यक्रम लोगों में देशभक्ति जगाने का काम करेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता प्रयास करें। कार्यक्रम संयोजक राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत सात व आठ अगस्त को मण्डलों में बैठक होगी तथा आगामी 10 व 12 अगस्त को प्रत्येक मण्डलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी तथा युद्ध वीरों, शहीदों व देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वालों का सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता से जुड़े स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा आगामी 13 से 15 अगस्त तक घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। विभाजन की विभीषिका कार्यक्रम के संयोजक आलोक पांडेय ने बताया कि 14 अगस्त को जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन कर मौन जुलूस निकालकर विभाजन से प्रभावित लोगों से भेंट की जाएगी तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मा संचालन जिला महामंत्री राघवेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, राजापुर चेयरमैन संजीव मिश्रा, ब्लाक प्रमुख मऊ सुशीला वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बब्लू त्रिपाठी, जिला महामंत्री अश्विनी अवस्थी, हरिओम करवरिया, भाजपा नेता प्रेमलाल बाल्मीकि, राजेश्वरी द्विवेदी, देव त्रिपाठी, हेमन्त प्रताप सिंह, अंजू वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, मनोज तिवारी, हीरो मिश्रा, संजय पाण्डेय, रवि गुप्ता, सोनू खंगार, दिव्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, साधना सिंह, राकेश कोल, प्रमोद पटेल, दीपक द्विवेदी, माया प्रजापति, श्रवण पटेल, आशीष पाण्डेय, गोलू गर्ग, अखिलेश रैकवार, राखी चौबे, अंकित पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में चलाया गया साइबर जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। बांदा

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में चलाया गया साइबर जागरूकता अभियान, लोगों को साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। बुधवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें छात्र /छात्राओं व आमजन को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराते हुए ओ.टी.पी. किसी व्यक्ति को साझा न करने, अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करने, लॉटरी/ईनाम के कॉल, मैसेज के फ्रॉड होने की



सम्भावना होने, अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने, किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप (जैसे एनी डेस्क, क्वीक सपोर्ट, टीमव्यूवर, स्क्रीन मिरर आदि) अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करें, सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्रॉड की जानकारी दी। साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज के लिए साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही साइबर फ्रॉड होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गयी वेबसाइट www.cybercrime.gov.in की भी जानकारी दी गयी तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये विडियो निर्देशों के अनुसार भी जागरुकता को प्रचारित किया गया। थाने पर आये जनसामान्य को तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं जनपद में स्थित साइबर क्राइम पुलिस थाना व समस्त जनपदीय थाना स्तर पर बनी साइबर हेल्प डेस्क पर तुरन्त सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गयी। समस्त प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया व बताया गया कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सुरक्षित व सावधानी पूर्वक उपयोग करें व किसी के बहकावे में न आकर अपनी फोटो व गोपनीय जानकारी कभी अनजान व्यक्ति से साझा न करें तथा किसी भी तरीके के साइबर अपराध होने पर तत्काल नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करायें।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


# पानी भर रही महिला को दबंगों ने घसीटा, पेट पर मारी लात

## सरिता देवी का चीखता हुआ सवाल: क्या एक औरत की इज्जत की कोई कीमत नहीं?

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सरकारी नल से खाना बनाने के लिए पानी भर रही एक महिला को गांव के दबंगों ने उस वक्त निशाना बना डाला जब वह घर के बाहर अकेली थी। मीरानपुर गांव की रहने वाली सरिता देवी के साथ जो कुछ हुआ, उसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। घटना 29 जुलाई की शाम लगभग 7 बजे की है। सरिता देवी का आरोप है कि गांव के ही अयोध्या के घर पर शराब पी रहे पांच दबंग - सुभाष, कन्हई, लक्ष्मी नारायण, कल्लू और करन - पहले से साजिश रचकर बैठे थे। जैसे ही वह पानी भरने लगी, पांचों ने मिलकर उसे घेर लिया, जबरन हाथ पकड़कर घसीटने लगे और उसके साथ गंदी हरकत करने की कोशिश की। जब सरिता जान बचाकर भागी तो दबंगों ने उसके पीछे दौड़कर उसे गिरा दिया। उसके पेट पर लात मारी - जहां उसका हाल ही में ऑपरेशन हुआ था - जिससे उसे असहनीय दर्द और गंभीर चोटें आई हैं। हमलावरों ने लात-घूंसे चलाकर उसे नाली में गिरा दिया और बुरी तरह पीटा। बाएं हाथ में भी गंभीर चोट लगी है। गांव के ही एक युवक दिलीप ने विरोध किया, लेकिन दबंगों पर कोई असर नहीं हुआ। सरिता देवी का कहना है कि वह घटना के बाद से बेहद डरी-सहमी है और अब घर से निकलने में भी डर लगने लगा है। पीड़िता ने निगोहां थाने में तहरीर दी है और आरोपियों पर कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लेकिन अब तक पुलिस की चुप्पी और निष्क्रियता लोगों के गले नहीं उतर रही।



### प्रशासन मौन क्यों?

- क्या लखनऊ के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की इज्जत, उनकी सुरक्षा और सम्मान केवल सरकारी विज्ञापनों तक सीमित है?
- सरिता देवी का दर्द प्रशासन से जवाब मांग रहा है। उनका सवाल है –
- अगर पानी भरने तक की आज़ादी नहीं बची, तो कैसा है ये रामराज्य?
- सरिता देवी के साथ हुआ यह कृत्य केवल एक महिला के खिलाफ हमला नहीं, बल्कि समाज और व्यवस्था के मुंह पर तमाचा है। अब देखने वाली बात यह है कि पुलिस इन दबंगों पर कब कार्रवाई करती है, या फिर यह मामला भी बाकी मामलों की तरह फाइलों में दफ्न हो जाएगा।

# साधन सहकारी समिति पर 280 रूपए की बेची जा रही यूरिया, किसान परेशान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ





लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब क्षेत्र में साधन सहकारी समिति पहाडपुर में यूरिया 280 रुपए की बेची जा रही है। वहीं इस मामले को लेकर हंगामा मचा हुआ हैं। वहीं किसान यूनियन के नेता राजेश मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूरिया मात्र 266 रूपए में मिलती है मगर यहां पर 280 रूपए में यूरिया को बेचा जा रहा हैं। यह मामला बहुत ही चर्चा में बना हुआ हैं। पूरे इलाके में इस मामले को लेकर बवाल हो रहा है। किसान का कहना है कि,उनके पास पैसो को लेकर इतनी दिक्कते होती है कि,उनका जीना हराम हो गया है। वही दूसरी ओर सचिव के द्वारा यूरियो को महंगा बेचा जा रहा हैं। बीकेटी क्षेत्र में साधन सहकारी समिति पहाड़पुर में किसानों का आरोप है कि,हर जगह यूरिया का रेट मात्र 266 रुपए में मिलता है। लेकिन साधन सहकारी समिति पर 280 रुपए की यूरिया बेची जा रही है। जिसके बाद किसानो ने इस मामले को विरोध किया। किसानो ने जामकर बवाल काटते हुए खूब हंगामा किया और प्रर्दशन भी किया है। किसानो के द्वारा हंगामा करने के मामले में सचिव ने समिति का गेट बंदकर वितरण रोक दिया। जिसके बाद किसानो के द्वारा बहुत ही नाराजगी जताई जा रही है। न्याय की पुकार को लेकर किसान प्रर्दशन करते हुए कुम्हरावा सड़क तक? पहुंच गए। किसान का कहना है कि,इस मामले को लेकर उनको न्याय मिलना चहिए और सचिव पर भी सख्ती से कार्यवाही होनी चहिए।

# जनता और वेदांता अस्पताल की घोर लापरवाही से गई गर्भवती महिला की जान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी के निजी अस्पतालों की लापरवाही और संवेदनहीनता ने एक खुशहाल परिवार को मातम में डुबो दिया। 28 वर्षीय गर्भवती महिला सुषमा देवी, जिन्होंने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया था, जनता हॉस्पिटल और वेदांता हॉस्पिटल की कथित चिकित्सीय लापरवाही के चलते दर्दनाक मौत का शिकार बन गईं। इस हृदयविदारक घटना ने न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि प्रशासन की निष्क्रियता पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाया है।

### खून बहता रहा, डॉक्टर तमाशा देखते रहे

पीड़ित पति आनन्द कुमार गौतम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे शिकायती पत्र में लिखा है कि प्रसव के बाद उनकी पत्नी के टांकों से लगातार खून बहता रहा, लेकिन जनता हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। दर्द से कराहती महिला को सिर्फ इंजेक्शन देकर बहलाया गया जबकि रक्तस्राव बढ़ता रहा। रात 2 बजे तक डॉक्टर तमाशबीन बने रहे और जब हालत बेकाबू हो गई तो अस्पताल प्रशासन ने बिना परिजनों की अनुमति के महिला को चुपचाप वेदांता हॉस्पिटल ले जाकर आईसीयू में भर्ती कर दिया।

### जन एक्सप्रेस सवाल पूछता है

- एक स्वस्थ महिला की डिलीवरी के कुछ घंटों में ही मौत क्यों और कैसे हुई?
- क्यों नहीं दिया गया मेडिकल रिकॉर्ड और डिस्चार्ज पेपर?
- बिना परिवार की अनुमति आईसीयू में भर्ती करने और फिर शव सौंपने की प्रक्रिया को क्या कहा जाए?
- क्या सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी?
- इस मामले ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब तक सिस्टम में जवाबदेही तय नहीं होती, तब तक जनता की जान यूं ही जाती रहेगी। जन एक्सप्रेस इस पीड़ित परिवार की लड़ाई को न्याय मिलने तक उजागर करता रहेगा।

### 'मौत नहीं, यह सिस्टम की हत्या है'

आनंद कुमार ने मांग की है कि जनता और वेदांता अस्पताल की प्रशासनिक, चिकित्सीय व लाइसेंसी जांच की जाए। जिम्मेदार डॉक्टरों पर आईपीसी की धारा 304ए (गैर इरादतन हत्या) सहित सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज हो। फैमिली डॉक्टर नितेश कुमार की योग्यता और पंजीकरण की भी जांच की जाए। पीड़ित परिवार को न्याय व पर्याप्त मुआवज़ा दिया जाए।

### वेंटिलेटर के नाम पर मौत छिपाई गई

वेदांता अस्पताल में भी हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ते गए। आनंद कुमार का आरोप है कि डॉक्टरों ने वेंटिलेटर का बहाना बनाया, लेकिन परिजनों को ना तो दिखाया गया, ना ही कोई मेडिकल अपडेट दिया गया। आखिर में जब परिजनों ने 112 नंबर पर पुलिस बुलाई, तब जाकर महिला का शव सौंपा गया बिना किसी डिस्चार्ज पेपर, मेडिकल रिपोर्ट या दवा की पर्चियों के।

### प्रशासन मौन, दोषी अस्पताल बेखौफ

यह कोई पहली घटना नहीं है जब लखनऊ के निजी अस्पतालों ने अपनी मनमानी से किसी मासूम की जान ली हो। सवाल यह है कि क्या अस्पतालों को इंसान की जान से खेलने की खुली छूट मिल चुकी है?

# प्रधान प्रतिनिधि के घर से लाइसेंसी रिवाल्वर और 10,000 चोरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गाँव में प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह के घर से एक लाइसेंसी रिवाल्वर और 10,000 नकद चोरी हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच में जुट गई है। बता दें कि धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 31 जुलाई को वह अपने घर पर बैठे थे। घर के बाहरी हिस्से में बने एक कमरे की अलमारी में उन्होंने 10,000 नकद और लाइसेंसी रिवाल्वर स्न्नत्27455 रखा हुआ था। जब सुबह वह तैयार होने के लिए अलमारी के पास गए, तो उन्होंने देखा कि अलमारी से पैसे गायब हैं। दराज खोलने पर रिवाल्वर भी गायब मिला। यह देखकर वह हैरान रह गए। वहीं धर्मेंद्र सिंह ने तुरंत रहीमाबाद थाने में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरी की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि चोरी की इस वारदात में किसी करीबी का हाथ है या यह किसी बाहरी व्यक्ति का काम है।

# इंदिरानगर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बुधवार सुबह इंदिरानगर के नीलगिरी कॉम्प्लेक्स में शॉर्ट सर्किट के कारण एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई। आग इतनी तेज़ी से फैली कि उसने बगल की दुकान और ऊपर के एक फ्लैट को भी अपनी चपेट में ले लिया। दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। वहीं सुबह करीब 10 बजे, नीलगिरी कॉम्प्लेक्स में स्थित दर्शित इंटरप्राइजेज नामक इलेक्ट्रॉनिक दुकान के बाहर एसी फैन और मीटर बोर्ड में अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों ने दुकान से धुआँ उठता देखा और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।



आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया और पास की डॉग एंड पेट क्लिनिक को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके अलावा, आग की लपटें कॉम्प्लेक्स के ऊपर बने नक्षत्र अपार्टमेंट के एक फ्लैट तक भी पहुँच गईं, जहाँ अनुभूति शर्मा के ऑफिस की एसी में आग लग गई।वहीं इंदिरानगर के फायर स्टेशन ऑफिसर (स्न्नस्ह) ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने तुरंत पंपिंग कर आग को फैलने से रोका और पूरी तरह से बुझा दिया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, आग से दुकानों और फ्लैट में रखा सामान जलकर राख हो गया, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया।

### लखनऊ एयरपोर्ट: आगे बढ़ा मेंटेनेंस का काम, जुलाई के बजाय 15 अगस्त तक पूरी होगी रनवे की मरम्मत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ एयरपोर्ट के रनवे पर मरम्मत का काम जारी है, जो कि 15 अगस्त को पूरा हो जाएगा। इसके बाद ही 24 घंटे फ्लाइटों का संचालन हो सकेगा। इस बीच एयरपोर्ट ने 20 अगस्त से 5 नवम्बर तक नियमित देखभाल के लिए एक 'नोटम' यानी नोटिस टू एयरमैन लिया है। बुधवार को सुबह 9:30 से दिन के 1:00 बजे तक उड़ानों के लिए बंद रहेगा। यात्रा से पहले अपनी फ्लाइट का शेड्यूल चेक कर लें। रनवे को एक मार्च से रोजाना दिन में 11 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखकर मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

### प्रदेश महामंत्री जन्मदिवस पर मरीजों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फल किए वितरण, लंबी उम्र की कामना





जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश सदस्य विधान परिषद अनिल अनूप गुप्ता के जन्म दिवस पर इटौंजा भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप व वर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र लोधी एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता के जन्म दिवस पर शक्ति केंद्र इटौंजा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा में मरीजों को फल वितरण किये। बता दें कि इस दौरान भाजपा नेता राजू कश्यप ने बताया कि तेरी तरफ से प्रदेश महामंत्री भाजपा उ?प्र?, सदस्य विधान परिषद, प्रभारी कानपुर बुन्देलखण्ड संगठन शिल्पी पूरा जीवन राष्ट्र और भाजपा को समर्पित करने वाले कार्यकर्ताओं के प्रेरणा श्रोत अनूप गुप्ता आपको जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं महादेव आपकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण करें सदैव कृपा बनाये रखें। इस दौरान इटौंजा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर किसलय बाजपेई, भाजपा नेता राजू कश्यप, इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र लोधी,राकेश लोधी मंडल महामंत्री,मदन मोहन मिश्रा,मनोज कुमार रावत मंडल मंत्री, सीमा शर्मा, पूर्णिमा रावत, यश गुप्ता,रवि यादव शक्ति केंद्र संयोजक अन्य अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिलेश का प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला, कहा, पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल, खत्म हुई कानून व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में अराजकता का माहौल है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। बिजली व्यवस्था चरमरा चुकी है। किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी रोकने में सरकार विफल है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश के कई जिले बाढ़ से जूझ रहे हैं। लाखों की आबादी के सामने खाने-रहने, दवा, इलाज का संकट



है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं और आम जनता सभी को धोखा दिया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के सभी दावे और वादे झूठे साबित हो चुके हैं। यह सरकार प्रदेश के लिए अभिशाप बन चुकी है। इसने प्रदेश की जनता को संकट में डाल दिया है। संविधान के खिलाफ है एसआईआर सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बिहार में भाजपा एसआईआर (मतदाता सूची का गहन विशेष पुनरीक्षण) को लागू करके संविधान का विरोध कर रही है। जनता भाजपा के खिलाफ वोट न डाल सके, इसलिए भाजपा जनता से वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है।

### उत्तरकाशी में युद्धस्तर पर हो बचाव कार्य

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तरकाशी के धराली में बचाव और राहत का कार्य युद्धस्तर पर किया जाए। लोगों के जीवन को बचाने का हरसंभव प्रयास किया जाए। हर एक जीवन अनमोल है। पहाड़ी इलाकों में जिस तरह से आपदा आ रही है, वो बहुत चिंता का विषय है।

# प्रदेश के 17 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट, बिजनौर में हुई सर्वाधिक बारिश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पश्चिमी तराई इलाकों में पिछले दो दिनों में भारी बरसात के बाद मानसून बृहस्पतिवार को प्रदेश के दक्षिणी हिस्से, विंध्य क्षेत्र और पूर्वांचल का रुख करेगा। इसके बाद तराई इलाकों में दोबारा बरसात होगी। मौसम विभाग के मुताबिक बांग्लादेश के ऊपर बने सिस्टम की सक्रियता बढ़ने से प्रदेश में बारिश का सिलसिला अभी कुछ और दिन और जारी रहने वाला है। मंगलवार और बुधवार को पश्चिमी-तराई में भारी बारिश देखने को मिली। बिजनौर में सर्वाधिक 190 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं बरेली में 160 मिमी, मुरादाबाद में 150 मिमी बरसात हुई। पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर आदि में भी अच्छी बारिश हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बांग्लादेश के ऊपर और बंगाल की खाड़ी में निचले और मध्य क्षोभमंडल में अभी एक द्रोणी मौजूद है। पूर्वा हवाओं के साथ प्रतिक्रिया करने की वजह से बृहस्पतिवार को मानसूनी बारिश प्रदेश के दक्षिणी हिस्से, विंध्य क्षेत्र और पूर्वांचल की ओर शिफ्ट होगी। इसके बाद तराई इलाकों में दोबारा बारिश होगी। प्रदेश के विभिन्न इलाकों में फिलहाल रुक रुक कर बरसात होती रहेगी।

### इन जिलों में है भारी बारिश की चेतावनी

प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या व आसपास के इलाकों में।

### तीन दिन...तीन त्योहार और महिलाओं को फ्री सफर, रक्षाबंधन से पहले सरकार का बड़ा एलान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद को एक साथ कई सौगातें दीं। बुधवार को उन्होंने शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत तैयार किए गए स्पंदन सरोवर और देश के सबसे बड़े वेस्ट म्यूजियम का भव्य उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राज्य की सभी महिलाओं को आठ से 10 अगस्त तक यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने दिल्ली रोड स्थित आवास विकास फेस-2 में 17 करोड़ रुपये की लागत से विकसित स्पंदन सरोवर का उद्घाटन किया। उन्होंने वहां आयोजित म्यूजिकल लेजर शो को भी देखा, जिसमें सतयुग से लेकर कलियुग और कल्कि अवतार तक की कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस तालाब को एक सुंदर वॉटर पार्क में तब्दील किया गया है, जिसमें 100 मीटर ऊंचे फव्वारों के साथ लेजर, संगीत और जल स्क्रीन के मेल से शो तैयार किया गया है। तालाब के किनारे सुंदर दीर्घा बनाई गई है, जहां लोग परिवार संग बैठकर शो का आनंद ले सकते हैं। मुख्यमंत्री ने शो की सराहना करते हुए इसे पर्यटन, मनोरंजन और ज्ञान का केंद्र बताया।

#### एक साथ कई परियोजनाओं का लोकार्पण

- 1.20 करोड़ रुपये की लागत से बना राष्ट्रीय गौरव स्मारक
- एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर
- 36 पार्कों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम
- 120 वेंडिंग कियोस्क
- 276 पार्कों में ओपन जिम
- ब्रास फर्नेस के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर
- दांडी यात्रा स्मारक

#### देश का सबसे बड़ा वेस्ट म्यूजियम भी हुआ समर्पित

मुख्यमंत्री ने कांशीराम नगर स्थित गौतम बुद्ध पार्क में नगर निगम द्वारा 15 करोड़ रुपये की लागत से तैयार वेस्ट म्यूजियम का भी लोकार्पण किया। यह देश का सबसे बड़ा म्यूजियम है जो पूरी तरह कूड़े पर केंद्रित है। यहां डिजिटल माध्यम से कचरे के स्रोत, निस्तारण, जनभागीदारी, निगम की भूमिका और व्यावसायिक मॉडल को छह जोन में बांटकर प्रदर्शित किया गया है। साथ ही बच्चों के लिए गई गेम्स भी लगाए गए हैं, जिनके जरिये वह कूड़े से जुड़े स्टार्टअप्स और नवाचार की जानकारी ले सकते हैं।

# सेवा समर्पण और अनुशासन के साथ संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन का केंद्र है भाजपा कार्यालय: धर्मपाल सिंह

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर कैसरबाग कार्यालय में अटल कल्याण सभागार निर्माण का भूमि पूजन व शिलान्यास मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ।कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संजय राय वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल , विधायक डॉ नीरज बोरा, डा. राजेश्वर सिंह, योगेश शुक्ला, एमएलसी अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान सहित वरिष्ठ नेतागण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है। संगठनात्मक गतिविधियों, कार्यकर्ता निर्माण और कार्यक्रम संचालन के लिए कार्यालय की आवश्यकता होती है। कार्यालय को हम एक पवित्र मंदिर के रूप में देखते हैं। कार्यालय संगठनात्मक गतिविधियों का केंद्र है। सेवा समर्पण और अनुशासन भारतीय जनता पार्टी की पद्धति और कार्य में दिखाई देता है। लखनऊ महानगर का संगठन प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ संगठनों में है जिसका दिन प्रतिदिन विस्तार और सशक्तिकरण हो रहा है। संगठनात्मक कार्यों को विधिवत संचालित करने के लिए महानगर कार्यालय का भवन का भी विस्तारीकरण किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर में बहु प्रतीक्षित एक बड़े मीटिंग हॉल बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। भाजपा कार्यालय सिर्फ भवन नहीं बल्कि पार्टी के विचार संकल्प और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का जीवंत प्रतीक होता है। कार्यालय विस्तार संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन को नई ऊर्जा देगा। नीरज सिंह ने कहा कि कार्यालय किसी भी संस्था का मेरूदंड होता है जो विकास और उत्तरदायित्व का बोध कराता है। व्यवस्थित कार्यालय सुनिश्चित समय पर पार्टी के अभियानों और कार्यक्रमों को संपन्न करने का सशक्त आधार होता है। अटल सभागार राजनीति के पुरोधा और हम सभी के प्रेरणा स्रोत अटल जी और कल्याण सिंह जी को समर्पित है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने वरिष्ठ नेताओं को अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट किया। आनंद द्विवेदी ने सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारीयों के सहयोग से हो रहे सभागार निर्माण के लिए सभी का आभार प्रकट किया। आनंद द्विवेदी ने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यालय संगठन को और अधिक सशक्त करने का आधार बनेगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यालय के विस्तारीकरण के उद्देश्य से प्रथम तल पर लगभग 3000 स्क्वायर फीट के नवीन सभागार का निर्माण किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष, मोर्चों के अध्यक्ष, अतिथि कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम सहित आधुनिक तकनीक व सुविधाओं से युक्त अन्य आवश्यक निर्माण भी किए जाएंगे । नवीन सभागार व अन्य निर्माण 6 माह के अंदर बनकर तैयार होंगे। महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, राकेश गुप्ता और दीपक शुक्ला को निर्माण कार्य की देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। बुधवार प्रातः केसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर पंडितों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अशोक बाजपेई, नटवर गोयल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, अमित टंडन, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, सुशील तिवारी पम्मी, गिरीश गुप्ता, टिंकू सोनकर, राकेश सिंह, अशोक तिवारी, जया शुक्ला, सौरभ वाल्मीकि, मानवेंद्र सिंह,सीता नेगी सहित बड़ी संख्या में मंडल अध्यक्ष, पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तीन वैकल्पिक मार्ग बहने से सैकड़ों गांवों का संपर्क टूटा, ग्रामीणों को करना पड़ रहा 15 किलोमीटर अतिरिक्त सफर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में हो रही लगातार बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।जिले में तीन अलग-अलग स्थानों पर निर्माणाधीन पुलों के वैकल्पिक मार्ग बह जाने से सैकड़ों गांवों के लोगों का जिला मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। इससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्हें तहसील और जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए 10 से 15 किलो मीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।अमेठी-संग्रामपुर मार्ग पर लाल बाबा के पास निर्माणाधीन पुल का वैकल्पिक मार्ग बह जाने से जरौटा, बलभद्रपुर, जयरामपुर और उत्तर गांव सहित कई गांवों के लोगों का सीधा संपर्क कट गया है। इसी मार्ग के टिकरिया के पास मालती नदी में तेज बहाव के चलते वैकल्पिक मार्ग बह जाने से भवसिंह पुर, संग्रामपुर, सरैया कनू, पुन्नपुर और सोनारी कनू के ग्रामीण भी परेशान हैं। इन गांवों के लोग ब्लॉक मुख्यालय स्थित सीएचसी, थाना, बैंक, स्कूल आदि तक पहुंचने के लिए मजबूरी में लंबा रास्ता पकड़ने को विवश हैं।अमेठी किठावर मार्ग पर विशेष गंज के पास निर्माणाधीन पुल का वैकल्पिक मार्ग भी बुधवार को बह गया, जिससे तीन जिलों को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग ठप हो गया है। इस मार्ग से जुड़े 50 से अधिक गांवों की करीब एक लाख आबादी आवागमन की समस्या से जूझ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वह विशेष गंज बाजार में ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन मार्ग टूटने के कारण उनका रोजगार बंद हो गया है। ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई है। संग्रामपुर के लोगों ने बताया कि पुल निर्माण और वैकल्पिक मार्ग की खराब गुणवत्ता की शिकायत पहले ही आरजीआरएस पोर्टल पर की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीडब्ल्यूडी अवर अभियंता ने बताया कि पानी का बहाव कम होने पर जल्द ही वैकल्पिक मार्गों की मरम्मत कराकर आवागमन बहाल किया जाएगा।

# कटारी में कूड़ा घर बना ग्रामीणों की समस्या का केंद्र, मच्छरों और बदबू से लोग परेशान

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




स्वच्छता अभियान के तहत जनपद के गांव कटारी में बनाया गया सामुदायिक कूड़ा घर अब ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बन गया है।नियमित सफाई न होने से यहां कचरे का अंबार लग गया है,जिससे मच्छरों का प्रकोप और चारों ओर फैली दुर्गंध ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से यह कचरा घर बनाया गया था।

लेकिन समय पर कूड़ा न उठाए जाने के कारण अब यह स्वयं गंदगी का अड्डा बन गया है।कचरे के ढेर के बीच मवेशी घूमते रहते हैं और दुर्गंध के कारण आसपास रहना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रशासन से शिकायत की गई, मगर अब तक कोई समाधान नहीं निकला। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है, कि नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए, ताकि गांव स्वच्छ और रोगमुक्त रह सके।

# पति ने ही की पत्नी की हत्या, सेविंग ब्लेड के रैपर से खुला राज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जामों थाना क्षेत्र के फत्ते का पुरवा,मजरे पूरब गौरा गांव में महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि इलाइची देवी 45 वर्ष की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। उसका शव गांव से करीब 500 मीटर दूर खेत में खून से लथपथ हालत में मिला था।मामला हत्या का था, लेकिन शुरुआती जांच में कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिल रहा था। इसी दौरान पुलिस को घटनास्थल के पास एक सेविंग ब्लेड का रैपर मिला, जिसने इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने जब रैपर को जांच में शामिल किया तो गौरा चौराहे के दुकानदार सुशील कुमार ने बताया कि घटना वाले दिन शाम को मृतका का पति दादू मंगता उनकी दुकान से पान-सुपारी के साथ ब्लेड भी खरीदकर ले गया था। पुलिस ने जब दादू से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसकी पत्नी शाम करीब पांच बजे वारिस गंज बाजार गई थी, और वापस नहीं लौटी।

लेकिन जब पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और ग्रामीणों से पूछताछ की तो दादू का बयान झूठा साबित हुआ। पड़ोसी धर्मेंद्र मंगता ने पुलिस को बताया कि घटना की रात उन्होंने देखा था कि इलाइची देवी आगे- आगे जा रही थी और दादू उसे रोकने का प्रयास कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि इलाइची देवी उस दिन कबाड़ बेचकर पैसे लेकर घर आई थी और बाजार नहीं गई थी।

पुलिस के कड़े सवालों के सामने आखिरकार दादू टूट गया और पत्नी की हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि घरेलू विवाद और पत्नी के व्यवहार से क्षुब्ध होकर उसने ब्लेड से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। और मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 15 अगस्त तक तीन चरणों में **हर घर तिरंगा** अभियान चलाया जायेगा। उन्होने बताया है कि जनपद में प्रथम चरण में स्कूलों की दीवारों और बोर्डों को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाया जायेगा। विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेंगी, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा तथा सार्वजनिक स्थानों बाज़ारों को तिरंगा के रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागों युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन कराया जायेगा। उन्होने बताया है कि हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय चरण में तिरंगा महोत्सव' के रूप में एक ही दिन **'तिरंगा मेला'** और **'भव्य तिरंगा म्यूज़िकल कंसर्ट'** का वृहद आयोजन किया जायेगा। **तिरंगा महोत्सव** का आयोजन जन प्रतिनिधियों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में कराया जायेगा। **तिरंगा महोत्सव** आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर **'तिरंगा मेला'** का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सरकार के स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद तथा **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम** विभाग के सहयोग से निर्मित उत्पादों स्थानीय उत्पादों ओडीओपी, तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं की बिक्री पर केन्द्रित तिरंगा मेला का आयोजन तथा मेले में तिरंगा प्रदर्शनी' का प्रदर्शन भी किया जायेगा।वीआईपी कार्यक्रम के दिन, व्यापक जनभागीदारी के साथ, प्रसिद्ध और स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य **'तिरंगा संगीत कार्यक्रम'** का आयोजन किया जायेगा। जनपद के पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिक बलों, एनसीसी, एनएसएस सिविल डिफेन्स, होमगाड्र्स एवं खेल विभाग आदि के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली, तिरंगा साइकिल रैली' का आयोजन किया जायेगा।

डीएम ने बताया कि बृहद तिरंगे कपड़े के साथ तिरंगा रैलियों का आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों और पंचायतों में आयोजित किए जाएँगे। जिनमें स्कूली बच्चों,युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। तिरंगा और उससे सम्बन्धित वस्तुओं आदि की बिक्री को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय बाजारों में सौंदर्यपरक तिरंगा प्रकाश और सजावट किया जायेगा।तथा जनपद में स्वयं सहायता समूहों, पीडीएस दुकानों, खादी भंडारों और स्थानीय बाजार के वस्त्रालयों आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण का प्रबंधन किया जायेगा।हर घर तिरंगा अभियान का तृतीय चरण तेरह अगस्त से पन्द्रह अगस्त तक चलेगा, जिसके मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बाँधों, पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगाप्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने झण्डा फहराने के नियम के सम्बन्ध में बताया है कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना अथवा लगाना है। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए, झण्डे को यदि सरकारी अवसर पर फहराया जाता है, तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिये तथा सूर्यास्त के साथ सम्मान के साथ उतारना चाहिए। निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने वाले झण्डों को उक्त समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर रखा जायेगा। झण्डा उतारने के बाद किसी के भी द्वारा फेंका नहीं जायेगा उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए तथा हर घर पर झण्डा विधिवत तरीके से लगाया जाना चाहिए,आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनपद में कुल 4.50 लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके सापेक्ष स्वयं सहायता समूह द्वारा झंडा निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा भी खादी के झंडे की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, डीआईओएस, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में जिला प्रशासन की कड़ी कार्यवाही, तीन पर एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

तहसील सदर में चारागाह की भूमि अपने भाइयों के नाम खाता बंधवा कर बैनामा कराने के मामले में तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

शिकायतकर्ता अशोक कुमार मौर्य ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया था कि आदित्य कुमार, अजय कुमार व अमिय कृष्ण ने चारागाह की भूमि को गलत तरीके से अपने नाम बैनामा करवा लिया है।

जिसकी जांच जिला प्रशासन ने कार्रवाई जिसमें घटना का होना सत्य पाया गया। उक्त के संबंध में राजस्व लेखपाल सदर के प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली सदर में तीनों पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम धारा (2)(3) में एफआईआर दर्ज की गईं है।

# पूर्व कैबिनेट स्वामी प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में उनके कार्यकर्ताओं पर अराजक तत्वों ने किया हमला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली में आज पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को स्वागार्थी बनकर आये युवक ने माला पहनाने के बाद थप्पड़ जड़ दिया। हालांकि थप्पड़ स्वामी प्रसाद के न लगकर कार्यकर्ता को लगा। उधर कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी मे थप्पड़ मारने वाले युवक को पीट पीट कर लहू लुहान कर दिया। घटना यहां के मिल एरिया थाना इलाके मे सारस चौराहे की है। यहां पूर्व फतेहपुर कार्यक्रम में जा रहे स्वामी प्रसाद के स्वागत को लेकर कार्यकर्ता खडे थे। उसी भीड़ में डीह थाना इलाके का रहने वाला रोहित द्विवेदी भी खड़ा था। उसने स्वामी के गाड़ी से उतरते है पहले माला पहनाई फिर थप्पड़ चला दिया। हालांकि स्वामी समर्थकों ने पुलिस की मौजूदगी में ही उसे दौड़ा दौड़ा कर पीटा जिससे वह लहूलुहान हो गया।

इस घटना पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि करणी सेना के नाम पर कीड़े मकोड़े कानून की धज्जिया उड़ा रहे हैं और योगी सरकार गूगी बहरी बनी है। उन्होने इस दौरान पुलिस पर भी आरोप लगाया कि उसकी मौजूदगी में घटना हुई है। वहीं पुलिस ने कहा कि स्वागत करने वालों की भीड़ में युवक मौजूद था और घटना के बाद उसके साथी समेत दो को दबोच कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उधर थप्पड़ मारने वाले युवक रोहित का कहना है कि स्वामी ब्राह्मण और स्नातन विरोधी हैं। इनके कई बार दिये गए बयान से आहत होकर उसने मारा है।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी, दो को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध बुधवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील महाराजगंज के थाना शिवगढ़ में तौली ग्राम पंचायत अंतर्गत संदिग्ध ग्राम बोधि खेड़ा, इंदुखेड़ा में विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की। दबिश के दौरान लगभग 28 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 250 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।

# नहर की बांध कटने से धान की फसल जलमग्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली के राही ब्लॉक के गोंदवारा ग्रामसभा में नहर की बांध कटने से सैकड़ों बीघे धान की फसल जलमग्न हो गई है। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों ने नहर विभाग के अधिकारियों को इस समस्या की सूचना दी थी। लेकिन सूचना मिलने के बावजूद कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। नहर की बांध कटने से दूर-दूर तक धान के खेतों में पानी भर गया है। स्थिति ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उनकी मेहनत से उगाई गई फसल पानी में डूब गई है। किसानों का कहना है कि नहर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें भारी नुकसान हो रहा है।

स्थानीय किसान राम कुमार मौर्य, सुरेश और अनुज ने नहर विभाग के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। किसानों ने जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# रोजगार मेले में 148 अभ्यर्थी चयनित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में डा0 अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, ऊँचाहार, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पेरेग्रिन गार्डिंग प्रा0लि0, टाटा मोटर्स लि0, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक, पुखराज हेल्थ केयर, इन्स्टा ह्यूमन्स मैनेजमेण्ट प्रा0लि0, एसपीएनएन बिजनेस सर्विस प्रा0लि0, हनुमन्त विजय प्रा0लि0, शिवशक्ति बायोटेक्नॉजी प्रा0लि0, द्वारा विभिन्न पदों हेतु उपस्थित प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया गया जिसमें से 148 प्रतिभागियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया।

रोजगार मेले का शुभारम्भ जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया गया। तनुजा यादव, रोजगार मेला प्रभारी द्वारा प्रतिभाग करने वाली कम्पनी के पदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुषमा द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के प्रयास की सराहना की गयी और यह आशा व्यक्त की गयी कि कार्यालय द्वारा भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके। महाविद्यालय के डॉ. अर्चना, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. बालेन्द्र सिंह, डॉ. गौतम गुप्ता, डॉ. नीता एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के धीरेन्द्र कुमार, विजय कुमार, मो0 जमीर, रामेन्द्र कुमार पाण्डेय (वाई0पी0) द्वारा मेले के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

## एसडीएम ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों और गौशालाओं का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर सभी तहसीलों के एसडीएम ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और राहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने गौशालाओं का भी निरीक्षण किया, जहां पशुओं के आश्रय स्थल,चारा-पानी, प्रकाश,जल निकासी,चिकित्सा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। सभी उप जिलाधिकारियों ने बाढ़ चौकियों में तैनात स्वास्थ्य, पशुपालन, आंगनबाड़ी आदि विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर राहत कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाएं और प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता, जैसे भोजन, पानी, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षित आश्रय, शीघ्र उपलब्ध कराएं। गौशालाओं में पशुओं के चारे और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

# पुल निर्माण के दौरान नैय्या पर लगाया गया बांध टूटा महराजगंज-इन्हौना मार्ग का आवागमन हुआ बंद

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



**महराजगंज।** रायबरेली-महराजगंज-इन्हौना मार्ग पर कैर चौराहा के पास नैय्या नाला पर पुल निर्माण का कार्य चल रहा था। जिसकी वजह से बाईपास बनाया गया था और इस बाईपास का प्रयोग करके साधन निकल रहे थे। नैय्यानाला पर अस्थाई बांध लगाया गया था और जो पुराना पुल था वह काफी सकरा था और अंग्रेजों द्वारा बनवाया गया था सकरा होने की वजह से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। इसलिए पुल का निर्माण कार्य पिछले 8 माह से चल रहा था और सुस्त गति से चल रहे पुल निर्माण कार्य ने लोगों को भारी परेशानी में डाल दिया है। सोमवार को लगभग 4:00 बजे नैय्या नाला पर बना बांध टूट गया जिसकी वजह से बाईपास के नीचे से पानी बहने लगा और पानी लगातार तेज होता चला गया वहीं आनन-फानन प्रशासन द्वारा भारी वाहन और चार पहिया वाहनों पर रोक लगा दी गई साइकिल कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा महराजगंज इन्हौना मार्ग के सुखई पुरवा तिराहे पर बैरिकेडिंग करते हुए भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया और वहीं आने जाने वाले फिर भी नहीं मान रहे थे मोटरसाइकिल सवार और साइकिल सवार बैरिकेडिंग का बांस ऊपर करके निकल रहे हैं जो कि खतरनाक है।

निकलना काफी घातक है वहीं ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा क्षेत्रीय जनता भुगत रही है क्योंकि 20 किलोमीटर की यात्रा जिस पर ओरी दास बाबा मऊ अहोरवा भवानी सेमरौता सहित प्रमुख स्थान है अब उन लोगों को आने जाने में भारी दिक्कत होगी और उन्हें कई किलोमीटर की अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ेगी तब वह कहीं महराजगंज जो रायबरेली पहुंच सकते हैं वहीं इस वजह से अमेठी जनपद जाने वाले व्यक्तियों के लिए भी दिक्कतों का सामना क्योंकि महराजगंज इन्हौना मार्ग से प्रतिदिन लाखों सबसे अधिक दिक्कत उन विद्यार्थियों को होगी जो महराजगंज पढ़ने आते थे महराजगंज कस्बे के प्रतिष्ठित विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी अब कैसे आएंगे जाएंगे अब उनको अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ेगी तो वहीं मरीजों के लिए भी दिक्कत है तथा व्यापारियों के लिए भी भारी मुसीबत बांध टूटने की वजह से खड़ी हो गई है अगर जल्द से जल्द प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 07 अगस्त, 2025





**मोबाइल के लिए रिश्तो का कत्ल...**

बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां पोते ने महज मोबाइल के लिए अपने फौजी बाबा की हत्या कर दी... ▸ शेष पेज 10 पर...

# बिल्हौर तहसील के नून नदी के चडांरी तालाब में कमल के बीज रोपण कमिश्नर सीडीओ एसडीएम ने किया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**






बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर ब्लॉक के रामपुर नरुआ गांव में नून नदी के चड़ारी तालाब में कमल की खेती का शुभारंभ मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पाण्ड्यन और मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, एसडीम संजीव कुमार दीक्षित ब्लॉक प्रमुख शुभम दीक्षित ने बीज रोपण किया। इसके बाद उन्होंने तालाब के किनारे वृक्षारोपण किया।

प्रदेश सरकार की पहल और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन के प्रयासों से नून नदी के पुनरुद्धार का कार्य शुरू हुआ था। शिवराजपुर ब्लॉक में रामपुर नरुआ गांव स्थित कन्हैया झील से 32 ग्राम पंचायतों से होते हुए बिठूर में गंगा नदी तक बहने वाली नून नदी के अवरुद्ध 23.5 किलोमीटर भाग का पुनरुद्धार 22 फरवरी को मनरेगा के तहत शुरू किया गया था। लगभग 4 माह में 68 लाख रुपए की लागत और एक हजार मनरेगा मजदूरों की मदद से नदी का पुनरुद्धार पूरा कर लिया गया। नदी के किनारों को संरक्षित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए 40 हजार पौधों का रोपण अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व में शुरू किया गया।19 जुलाई को मुख्य विकास अधिकारी ने नून नदी क्षेत्र का भ्रमण कर चड़ारी तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से तालाब में कमल की खेती कर आय बढ़ाने के विषय पर चर्चा की। उनके प्रयास से स्वयं सहायता समूहो की 60 महिलाओं को इसके लिए प्रशिक्षण दिलाया गया।

मंडलायुक्त ने क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कमल की खेती से स्वयं सहायता समूहों की आय में कई गुना वृद्धि होगी। इससे क्षेत्र में खुशहाली आएगी। नदी के पुनरुद्धार से शुरू हुए जल प्रवाह से कृषि भूमिकी निशुल्क सिंचाई हो सकेगी। इससे क्षत्रीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्र में होने वाले जलभराव से भी छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की पहल पर अन्य नदियों के भी पुनरुद्धार का कार्य चल रहा है। इससे प्रदेश में हरित क्रांति को बढावा मिलेगा। मंडलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी, ग्राम प्रधानों और मनरेगा मजदूरों के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में उनके द्वारा नदी के पुनरुद्धार में सहयोग करने वाले ग्राम प्रधानों और श्रमदान करने वाली मजदूरों और स्वयं सहायता समूहों को प्रशस्ति प्रदकर सम्मानित किया

# दबंगों ने युवक को लोहे की राड और डंडों से हमला कर दिया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर थाना अंतर्गत मुंपोछा गांव में एक युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया। बाजार जा रहेयुवक को रास्ते में घेरकर लोहेकी रॉड और चाकू से वार किए। घटना के बाद पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए भेजा और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित उज्ज्वल त्रिवेदी ने बताया कि मंगलवार शाम वह गांव से शिवराजपुर बाजार जा रहा था। इसी दौरान गांव के बाहर दुर्गापुर गांव के विनय पाल उर्फ शिकारी और गोलू यादव ने अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ उसे घेर लिया। हमलावरों ने उस पर लोहे की रॉड और चाकू रे हमला कर दिया। उज्ज्वल के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों को आता देख हमलावर वहां से भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि युवक उससे रंजिश रखते हैं और कई दिनों से उसका पीछा कर रहे थे।

उज्ज्वल के अनुसार, आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं उनके खिलाफ शिवराजपुर थाने में पहले सेही करई गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने बताया तहरीर मिल गई है। घायल को इलाज के लिए भेजा गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक ने थैली सिमिया के बीमार बच्चों के लिए किया रक्तदान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




राजयसभा सांसद, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रताप गढ़ी के जन्मदिन पर थैली सिमिया के बीमार बच्चों को समर्पित रक्तदान शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक पं भूधर नारायण मिश्र ने फीता काट कर किया। जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर मे बड़े उत्साह के साथ 4श्लोगो ने भाग लेकर रक्तदान किया!

रक्तदान शिविर का आयोजन लाला लाजपत राय (हैलट)अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टरो कि देख रेख मे सम्पन्न हुआ। रक्तदान करने वालो में प्रमुख रूप से समीर द्विवेदी सर चरण जीत सिंह, सर हानि सलूजा, सर दलजीत सिंह, सर परमजीत सिंह सर सिमरन जीत सिंह, सर अमरजीत सिंह सर बाबी जीत सिंह, सर रिंकू गंभीर, मनोज तिवारी, प्रदीप साहू, मुकेश यादव अभिषेक अवस्थी, अभिमन्यु शर्मा, ऋषभ सोनकर, नसीम प्रताप गढ़ी लिए अनार का जूस, काफ़ी, बिस्कुट आदि कि व्यवस्था कि गईं एवं गुलाब का फूल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया गया।

उक्त अवसर पर 21 किलो का केक पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्र,शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रकाश अग्निहोत्री, एवं कार्यक्रम के संयोजक, पार्षद सरदार अमन दीप सिंह गंभीर ने काट कर इमरान प्रताप गढ़ी के दीर्घायु होने कि कामना कि गई। कार्यक्रम संयोजक सरदार अमन दीप सिंह गंभीर ने कहा कि समाज से जुड़ने वाले कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित किये जायेंगे जिससे गरीब, बीमार लोगो को सुबिधा मिल सके तथा आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से निजामुद्दीन खा, इक़बाल अहमद, सर हरविंदर सिंह लार्ड ग्रीन बाबू सोनकर, साइमुअल लकी सिंह, शंकर दत्त मिश्र, संजीव खन्ना, दीपक धवन, ज़फर शाकिर, राजेंद्र त्रिपाठी, समीर द्विवेदी, दिनेश त्रिवेदी आदि शामिल थे।

# कर्मचारियों का उत्पीडन वा शोषण के खिलाफ 16 सूत्री मांगों का दिया ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कर्मचारी संयुक्त संघ (6828) के अध्यक्ष श्री धीरज गुप्ता व महामंत्री श्री हरीओम बाल्मीकि की अगुवाई मे नगर निगम कानपुर के नगर आयुक्त सुधीर कुमार से मिल ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम के कर्मचारियो के वेदना सुनाई।

कर्मचारी नेता हरीओम बाल्मीकि ने बताया कि नगर निगम/जलकल विभाग के कर्मचारी नगर का विकास एवं नगर को स्वच्छ बनाने के लिए पूरी मेहनत ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करता है समस्त कर्मचारियों द्वारा नगर को स्वच्छता की श्रेणी में नंबर एक मे लाने के पूर्ण सहयोग कर रहे है, उसके बाद भी कर्मचारियों के साथ शोषण, उत्पीड़न व जुल्म हो रहा है।

कर्मचारियों से मदत बेगार के साथ अतिरित कार्य जबरन लिया जाता है जो नियम विरुद है और समय से वेतन न मिलना सहित वार्डो मे दबंगो द्वारा आये दिन गाली गलौल, हॉथापाई की घटनाये बढ़ रही है जिसपर नगर निगम के सम्बन्धित अधिकारी अनदेखी करते है।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या पूनम द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती पूनम द्विवेदी की अध्यक्षता में बीते दिन सर्किट हाउस, कानपुर नगर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं महिलाओं की समस्याओं का त्वरित न्याय दिलाना था। जनसुनवाई में महिलाओं से संबंधित कुल 27 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न तथा अन्य महिला-संबंधी मामलों पर गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की गई। प्रत्येक मामले के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश सदस्या द्वारा दिए गए। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की महिला उत्पीड़न या घरेलू हिंसा की स्थिति में तत्काल 112 नंबर पर कॉल करें तथा अपनी शिकायत पंजीकृत कर पुलिस सहायता प्राप्त करें। साथ ही, महिला हेल्पलाइन 1090 एवं 181 पर भी संपर्क कर सहायता ली जा सकती है। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय) श्रीमती ऋतु प्रिया, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती कमर सुल्तान, जिला कारागार अधीक्षक बी.डी. पांडये सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के उपरांत सदस्या पूनम द्विवेदी जी द्वारा अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़ी सभी सरकारी योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए और महिलाओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## शिवराजपुर कस्बे में पति गया गंगा नहाने,पत्नी दो बच्चों सहित लाखों नगदी लेकर रफू चक्कर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे में एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ लाखों रुपए नगद ,जेवर और दो बच्चों को लेकर रफू चक्कर हो गई पति गंगा नहा कर घर लौटा दो देख कर सन्न रह गया पीड़ित अजय निवासी शिवराजपुर कस्बे के वार्ड नंबर सात में रहते हैं। अजय ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को गंगा स्नान करने गया था। गंगा स्नान के बाद जब वह घर लौटा तो पत्नी वहां नहीं थी।उसने आसपास तलाश की तो मोहल्ले के लोगोंसे उसे पूरे मामले की जानकारी मिली। अजय का कहना है कि पड़ोसी युवक उसकी पत्नी को अपनी कार बिठाकर ले गया। वह अपने साथ नगद रुपए, गहने और दो बच्चों को साथ लेगई। पीड़ित ने आरोपी और उसके परिवार से अपनी जान-माल का खतरा भी बताया है। थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में महिला और पड़ोसी युवक के बीच प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और महिला तथा आरोपी युवक की तलाश जारी है।

# ऑपरेशन महाकाल, पहली रिपोर्ट जाजमऊ में दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




कानपुर में भूमाफिया और वसूलीबाजों पर शिकंजा कसने के लिए ऑपरेशन महाकाल की शुरुआत हो गई है। ऑपरेशन महाकाल के तहत पहली रिपोर्ट जाजमऊ थाने में दर्ज की गई है। जाजमऊ निवासी साहब अनवर ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इसमें जिन नामों पर आरोप है उनमें एक बर्रा थाने का हिस्ट्रीशीटर और कथित पत्रकार दिवस पांडेय शामिल है। इसके अलावा शैलेंद्र सिंह यदुवंशी, नवीन गुप्ता, योगेश दीक्षित, अनिल गर्ग, मोहित शर्मा पर कम्मू शेख , फैजान हैदर, कमलेश फाइटर मुर्शीर, सिपाही सीमांत कुमार आदि शामिल हैं। इन सभी पर पीड़ित ने सोशल मीडिया पर छवि खराब करने और रुपये मांगने का आरोप लगाया है। इनमें से कमलेश और उसका कैमरा मैन जेल में है, जबकि दिवस पांडेय जिला बदर है। बता दें कि ऑपरेशन महाकाल के तहत भूमाफिया, वसूलीबाजों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही संपत्ति का जब्तीकरण किया जाएगा।

# बिल्हौर नगर पालिका द्वारा जूनियर स्कूल में निर्माणाधीन शौचालय की दीवार टेहडी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



नगर पालिका कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर जूनियर स्कूल में निर्माणाधीन शौचालय में घटिया निर्माण की शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं पहुंचे झांकने तक यहां तक कि ठेकेदार की शिकायत करने को जनप्रतिनिधि भी शिकायत करने से कतराते दिखे लेकिन हां यह जरूर उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही नगर पालिका अधिकारी को मना किया था कि हमारे वार्ड में ऐसे लोगों को काम ना दें लेकिन सभासदों की सुनता कौन है । पिछले कुछ दिनों से निर्माण कार्य चालू हुआ नींव भरने से लेकर ऊपर तक बिना ही मानक के अनुरूप चालू हुआ एक दिन बारिश हो गई इसके चलते एक दीवाल टेढ़ी भी हो गई वहीं पर जो शौचालय के दरवाजे लगे हुए हैं उन पर शटरिंग के बाद में लेंटर डालने के बाद ही दरवाजे लगाए जाते हैं लेकिन दरवाजे पहले लगा दिए गए उसके ऊपर मसाला ईट और सरिया डाल दी गई जिससे वह सब धनुषाकार के हो गए इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है कि नगर पालिका में जितने भी निर्माण कार्य हो रहे हैं मानक की देखरेख करने वाले अधिकारी क्यों नहीं पहुंचते हैं।

# तेज बारिश में कच्चा मकान भरभराकर गिरा, पिता-पुत्री घायल



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में नरवल तहसील के सरसौल विकासखंड के अंतर्गत महुआ गांव के मजरा घाघूखेड़ा में बुधवार शाम करीब पांच बजे तेज बारिश के कारण एक कच्चा मकान गिर गया। इस हादसे में घर के अंदर बैठे दो लोग, इंद्रजीत यादव और उनकी बेटी मीना गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद, शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और दोनों को मलबे से बाहर निकाला, जिससे उनकी जान बच गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, क्योंकि इंद्रजीत की एक और बेटी उस समय पढ़ने गई हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि गाव में जल निकासी की सही व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी कच्चे मकानों को कमजोर कर रहा है।

### रात में हादसे से होता बड़ा नुकसान

उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और रिपोर्ट तैयार कर राजस्व विभाग को भेजी है।

ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भय का माहौल है, उनका कहना है कि अगर यह हादसा रात में होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले आरपीएफ आईजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था, स्टेशन पर खड़ी ट्रेनों का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर, रेलवे सुरक्षा बल की आईजी रेनू पुष्कर बुधवार को सेंट्रल स्टेशन पहुँचीं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर खड़ी ट्रेनों का निरीक्षण किया और सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया।

आईजी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने टाटमिल स्थित आरपीएफ की बैरक का भी निरीक्षण किया। रेनू पुष्कर ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि वे रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता और समर्पण के साथ काम करें। अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें स्टेशन की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्थाओं से अवगत कराया।

# तीन दिन से लापता युवक का कीचड़ में मिला शव, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





कानपुर में रावतपुर के मसवानपुर में तीन दिन से लापता युवक का शव कीचड़ में मिलने से हड़कंप मच गया। शव के सिर से मांस गायब है और जबड़ा तक बाहर आ गया है। उसे वजनदार वस्तु से प्रहार या तेजाब से जलाने की आशंका है। मृतक की मां के मुताबिक मोहल्ले की एक लड़की से बेटे का प्रेम प्रसंग था। तीन दिन पहले ही लड़की के परिजनों ने घर में घुसकर धमकी दी थी।

इसके बाद से युवक लापता था। रावतपुर थाने में शिकायत करने गए, तो उन्हें भगा दिया गया। बुधवार दोपहर शव मिलने की सूचना मिली। मसवानपुर के फर्रा मस्जिद के पीछे प्राइवेट कर्मी रज्जन गौतम अपनी पत्नी सुनीता और बेटा सुमित (18) और दो बेटियां पायल, नैना के साथ रहते हैं। बेटा सुमित और पत्नी सुनीत भी तम्बाकू फैक्ट्री में काम करती है।

### शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बुधवार को घर के पास तालाब की जमीन पर कीचड़ में सुमित का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। एसीपी रंजीत कुमार समेत थाना पुलिस पर पहुंची और घटना की तफ्तीश की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करने का आरोप लगाया है।

### खाना छोड़कर निकला था घर से

परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाए हैं। मृतक की मां ने एसीपी रंजीत कुमार से बताया कि जब शिकायत करने गए तो पुलिस ने भगा दिया। मां सुनीता ने बताया कि पड़ोस की रहने वाली किशोरी से उनके बेटे का प्रेम प्रसंग था। बीते रविवार शाम को सुमित खाना खा रहा था तभी एक फोन आया जिसके बाद वह खाना छोड़कर चला गया, तब से वह नहीं आया।

### पुलिस पर लावरवाही का आरोप

सोमवार को युवती के पिता और तीन चाचा जबरन उनके घर में घुस आए और गाली गलौज व मारपीट की थी। इतना ही नहीं सुमित का मोबाइल फोन भी उठा ले गए। आरोप है कि जब वह शिकायत करने थाने पहुंची तो पुलिस ने उन्हें भगा दिया। अगर पुलिस ने समय से कार्रवाई की होती, तो शायद उनका लाल जिंदा होता। एसीपी रंजीत कुमार ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

### पोस्टमार्टम और सीडीआर की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति होगी साफ

वहीं, पुलिस ने मामले में युवती के पिता और तीन चाचा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसीपी रंजीत कुमार ने बताया कि जिनके ऊपर आरोप लगाए गए है। पोस्टमार्टम और सीडीआर की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से साफ हो सकेगी।

एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने भी परिजनों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिजन जो आरोप लगा रहे हैं उसकी भी जांच कराई जाएगी।

मृतक की मां का आरोप है कि रविवार शाम को लड़की का फोन आया उसने मिलने के लिए बुलाया था बोला कि फोन घर पर रख कर आना। इससे बेटे की लोकेशन न मिल सके। बेटा यहां से गया इसके बाद फिर वापस नहीं मिला। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने उल्टा बेटे का मोबाइल ही थाने में रख लिया।

# डिंपल का पहनावा मस्जिद में जाने लायक नहीं: जमाल सिद्दीकी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




कानपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव का पहनावा मस्जिद के नियमों के अनुसार सही नहीं था, क्योंकि उन्होंने बिना सिर ढके मस्जिद में प्रवेश किया। उन्होंने इसे मुसलमानों का अपमान बताया और कहा कि मस्जिद में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए पूरे शरीर को ढकना अनिवार्य है।

सपा पर निशाना साधते हुए जमाल सिद्दीकी ने कहा कि ए फॉर अखिलेश, डी फॉर डिंपल और आर फॉर रामगोपाल है। कहा कि अखिलेश का तंबू मुसलमानों के बंबू पर टिका हुआ है। सिद्दीकी ने अखिलेश पर मस्जिद में जाकर ठहाके लगाने का आरोप भी लगाया। साथ ही, जमाल सिद्दीकी ने डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0 की घोषणा की। यह अवॉर्ड भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर देशभर के सर्वश्रेष्ठ अल्पसंख्यक युवाओं को दिया जाएगा।

जमाल सिद्दीकी ने मोदी सरकार की योजनाओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि अखिलेश सरकार के दौरान जहां 30 हजार स्टार्टअप थे। वहीं मोदी सरकार के आने के बाद यह संख्या बढ़कर चार लाख छत्तीस हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं से युवाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने डॉ. कलाम को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्शों पर चलते हुए देश के भविष्य और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में योगदान देना चाहिए।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ट्रंप की धमकी पर भारी पड़ेगी मोदी की कूटनीति

**जहां तक ताजा घटनाक्रमों की बात है तो आपको बता दें कि भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद पर अमेरिका और यूरोपीय संघ की आलोचना को सख्ती से खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किये गए वक्तव्य में साफ तौर पर कहा गया है कि रूस से आयात ऊर्जा की कीमतों में स्थिरता को बनाये रखने के लिए उठाया गया कदम है। विदेश मंत्रालय ने यह भी उजागर किया है कि अमेरिका और यूरोप स्वयं अभी भी रूस से उर्वरक, खनिज, रसायन, यूरेनियम और एलएनजी जैसी सामग्रियों का भारी व्यापार कर रहे हैं।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक जटिल कूटनीतिक और राजनीतिक परिस्थिति का सामना कर रहे हैं। एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए शुल्क बढ़ाने और दंडात्मक कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी भारत-रूस ऊर्जा साझेदारी को मजबूती से बनाए रखना चाहते हैं। इसके पीछे सिर्फ आर्थिक कारण नहीं, बल्कि एक व्यापक भू-राजनीतिक संदेश भी है कि पश्चिम के सामने झुकने का युग अब समाप्त हो चुका है। देखा जाये तो मोदी सरकार वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बनकर उभरी है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और नैतिक उपदेशों के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपने हितों को स्वतंत्र रूप से साधने की नीति अपनाई। यह वही ÷रणनीतिक स्वायत्तता÷ है, जिसकी बात भारत दशकों से करता आया है, पर जिसे आज व्यवहार में लाने का साहस शायद पहली बार किसी सरकार ने इस हद तक दिखाया है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह चुनौती केवल बाहरी नहीं है। देश के भीतर कांग्रेस जैसे विपक्षी दल उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निकटता पर तंज कस रहे हैं। माई फ्रेंड डोनाल्ड जैसे वाक्य अब राजनीतिक व्यंग्य बन चुके हैं। कांग्रेस यह सवाल उठा रही है कि अगर अमेरिका से घनिष्ठता इतनी ही प्रभावशाली थी, तो भारत को टैरिफ धमकी क्यों झेलनी पड़ रही है? देखा जाये तो यह आलोचना राजनीतिक रूप से स्वाभाविक है, पर इसमें कूटनीतिक यथार्थ की गहराई को नजरअंदाज किया जा रहा है। भारत आज आर्थिक, सामरिक और राजनीतिक दृष्टि से एक उभरती शक्ति है और ऐसे में विश्व के साथ उसकी मोल-भाव करने की शैली भी बदली है। मोदी जिस भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वह न केवल अपने हितों की रक्षा करना जानता है, बल्कि विकल्पों का निर्माण भी कर रहा है– जैसे का मंच, ऊर्जा विविधता की दिशा में कदम और नए व्यापारिक सहयोग। इसके अलावा, मोदी है तो मुमकिन है सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि इस समय एक परीक्षण की कसौटी बन चुका है। प्रधानमंत्री को अब यह साबित करना है कि वह पश्चिम के दबाव को संतुलित करते हुए, रूस से रिश्ते बनाए रखते हुए और विपक्ष की आलोचनाओं को दरकिनार करते हुए भारत को एक स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेता के रूप में उभार सकते हैं। देखा जाये तो इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए मोदी को तीन स्तरों पर निर्णायक पहल करनी होगी- 1. अमेरिका के साथ संवाद बनाए रखते हुए, ट्रेड वार को टालना होगा और भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की स्पष्ट पैरवी करनी होगी। 2. घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना होगा ताकि आयात और शुल्क जैसे हथियारों का असर सीमित हो और ऊर्जा आपूर्ति में विविधता भी लानी होगी। 3. आंतरिक एकता और विपक्ष के प्रहारों का उत्तर तथ्यों और नीतिगत पारदर्शिता से देना होगा, ताकि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि दिखाई दे। देखा जाये तो यह वह घड़ी है जब प्रधानमंत्री मोदी को नेतृत्व के अपने सबसे कठिन अध्याय में प्रवेश करना पड़ा है। लेकिन यदि वे इस दौर को सफलता से पार कर जाते हैं, तो यह केवल उनकी नहीं, बल्कि एक नए भारत की विजय होगी– जो दबाव में नहीं झुकता, हितों की रक्षा करता है और दुनिया को सम्मान के साथ संवाद करना सिखाता है। और तब शायद 'मोदी है तो मुमकिन है' सिर्फ चुनावी नारा नहीं, अंतरराष्ट्रीय राजनीति का यथार्थ भी बन जाएगा।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें। हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को अपनी युवा आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लिये इस दिशा में बड़ी पहल करनी होगी। हमारा शिक्षा का ढांचा इस तरह तैयार हो कि हम कौशल विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं। जिससे हम कालांतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक का उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिये कर सकें। तब स्वदेशी के संकल्प से भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा।**

# टैरिफ दादागिरी के बीच 'स्वदेशी' एक जनक्रांति बने



- ललित गर्ग

**देश की आलोचना के नाम पर विदेशी अपमान का समर्थन करने की प्रवृत्ति का जनतांत्रिक रूप से विरोध हो। लोकतंत्र की सच्ची परिपक्वता यही है कि सरकार की आलोचना करते हुए भी हम राष्ट्र की प्रतिष्ठा और आत्मगौरव की रक्षा करें। जब तक भारत के भीतर से ही भारत की आवाज़ कमजोर की जाएगी, तब तक ट्रंप जैसे बाहरी 'तानाशाहों' को हमारे आत्मबल पर वार करने का साहस मिलता रहेगा।**

वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे संकल्प लें कि अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उनका यह आह्वान न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दबाव की राजनीति' और 'टैरिफ की दादागिरी' का माकूल जबाव है बल्कि भारत को सशक्त अर्थ-व्यवस्था बनाने की बुनियाद भी है। मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान इसी सोच के साथ किया है। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि भारत को 'लोकल के लिए वोकल' बनना होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहन आर्थिक और सांस्कृतिक रणनीति है जो हमें बाहरी निर्भरता से मुक्त कर सकती है। यह वही आत्मनिर्भरता है, जिसका बीजारोपण महात्मा गांधी ने चरखे और खादी के माध्यम से किया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वदेशी जागरण के माध्यम से कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था÷ तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है। इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने इस अपमानजनक बयान को घरेलू राजनीति की 'ऑक्सीजन' मानकर इसे आंतरिक राजनीति का हथियार बनाकर न केवल प्रचारित किया, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन भी किया। अक्सर विपक्षी दल देशविरोधी नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुट जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अंग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के समय एकजुटता ही राष्ट्रवाद की पहचान होती है। यह वही देशविरोधी मानसिकता है जो विदेशी मंचों पर देश की छवि को चोट पहुंचाती है और राजनीतिक स्वार्थों एवं मतभेदों को राष्ट्रीय स्वाभिमान से ऊपर रखती है। भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने 'मृतप्राय' कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जिस गति से पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है। सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था न तो मृत है, न ही दिशाहीन। हां, चुनौतियां हैं, बेरोजगारी, महंगाई, आय असमानता, लेकिन इनसे जूझते हुए भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। वैश्विक मंचों पर भारत की वाणी अब कमजोर नहीं,



**डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है।**

बल्कि दृढ़ता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसे देश एकतरफा फैसलों से वैश्विक व्यापार संतुलन को तोड़ने पर आमादा हैं, तब भारत को अपनी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मंत्र को एक संकल्प बनाकर व्यवहार में लाना होगा। अमेरिका हो या चीन, आर्थिक नीतियों में नैतिकता नहीं, स्वार्थ ही केंद्र में रहता है। इसीलिए भारत को अब यह समझना होगा कि केवल आयात पर निर्भर रहकर हम अपनी आर्थिक सुरक्षा नहीं कर सकते। जब तक हम उत्पादन, निर्माण और उपभोग के क्षेत्र में स्वदेशी विकल्प नहीं अपनाते, तब तक हम इस टैरिफ आतंकवाद और वैश्विक अस्थिरता के शिकार बने रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से यह बात दोहराते रहे हैं कि भारत की आर्थिक समृद्धि का मूल मंत्र 'स्वदेशी' है। यह विचार केवल देसी वस्तुओं के प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य है, स्वदेशी संसाधनों, तकनीकों, कौशल और संस्कृति के आधार पर विकास का रास्ता तय करना। भारत का आर्थिक इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब देश ने अपनी आंतरिक क्षमताओं पर विश्वास किया, तब-तब उसने वैश्विक मंच पर अपना प्रभुत्व सिद्ध किया। चाहे दूध उत्पादन में श्वेत क्रांति हो, अंतरिक्ष में इसरो की सफलताएं हों या कोविड काल में स्वदेशी वैक्सीन बनाना, भारत ने दिखाया है कि वह किसी से कम नहीं। स्वदेशी का मंत्र सिर्फ 'यहां बनाएं' तक सीमित नहीं है, यह 'यहां के लोगों द्वारा, यहां की सोच के साथ' बनाया गया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी का 'मेक इन इंडिया' अभियान अब 'मेड बाय इंडिया' की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारत को ऐसी आर्थिक संरचना बनानी होगी जिसमें विदेशी पूंजी या तकनीक की बजाय स्वदेशी नवाचार, स्वदेशी उद्योग, और स्वदेशी उद्यमिता को बल मिले। इस संदर्भ में सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नीतियां बनें, वे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाली हों, न कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लॉबी के दबाव में चलने वाली। आज का समय वैसा ही है जैसा 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय था, जब बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और अरविंद घोष जैसे क्रांतिकारियों ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। आज फिर एक नई क्रांति की जरूरत है, लेकिन यह क्रांति फैक्ट्रियों में, बाजारों में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लड़ी जाएगी। हमारे युवाओं को चाहिए कि वे स्टार्टअप, इनोवेशन और तकनीकी प्रयोगों में विदेशी नकल न करें, बल्कि भारतीय ज़रूरतों और मूल्यों के अनुरूप नए समाधान विकसित करें। यही आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। हर भारतीय को यह समझना होगा कि जब वह विदेशी मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, या चीनी उत्पाद खरीदता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद नहीं ले रहा, बल्कि वह अपने देश के एक कारीगर, किसान या उद्यमी से रोज़ी-रोटी छीन रहा है। अब समय है कि उपभोक्ता भी जिम्मेदार बने। स्वदेशी उपभोग सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति का आधुनिक रूप है। आज जब वैश्विक पूंजीवाद लड़खड़ा रहा है और पश्चिमी देशों की नीतियों में आत्मकेंद्रितता हावी हो रही है, भारत को अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक और बौद्धिक जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यही समय है जब 'स्वदेशी' एक आंदोलन बने, एक जनक्रांति बने और एक ऐसी नई अर्थव्यवस्था की नींव डाले जो टिकाऊ, समावेशी और पूर्णतः आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री मोदी ने जो स्वदेशी का दीप जलाया है, वह केवल सरकार का काम नहीं, यह हम सभी का नैतिक, राष्ट्रीय और आत्मिक दायित्व है। तभी हम न केवल ट्रंप जैसी टैरिफ दादागिरी का जवाब दे पाएंगे, बल्कि एक सशक्त, सम्मानित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे, अपने स्वेद, अपने स्वप्न और अपने स्वदेश के बल पर। वर्तमान परिप्रेक्ष्यों में यह आवश्यक हो गया है कि देश की आलोचना के नाम पर विदेशी अपमान का समर्थन करने की प्रवृत्ति का जनतांत्रिक रूप से विरोध हो। लोकतंत्र की सच्ची परिपक्वता यही है कि सरकार की आलोचना करते हुए भी हम राष्ट्र की प्रतिष्ठा और आत्मगौरव की रक्षा करें। जब तक भारत के भीतर से ही भारत की आवाज़ कमजोर की जाएगी, तब तक ट्रंप जैसे बाहरी 'टैरिफ तानाशाहों' को हमारे आत्मबल पर वार करने का साहस मिलता रहेगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा। विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है।

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 14:28 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढा 14:01 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | विष्कुम्भ, 06:41 तक |
| सूर्योदयः | 05:47 |
| सूर्यास्तः | 19:06 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 14:06-15:46 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### जनजीवन अस्त-व्यस्त !

*बाढ़ और बारिश ने ।*
*है कहर बरपाया ।।*
*जनजीवन अस्त-व्यस्त ।*
*छिन रहा है साया ।।*
*धर लिया है प्रकृति ने ।*
*रूप बड़ा विकराल ।।*
*फट रहे भी बादल ।*
*बन रहे अब काल ।।*
*मंजर है भयावह ।*
*हर तरफ तबाही ।।*
*दृश्य है जो सामने ।*
*दे रहे गवाही ।।*
*राहत और बचाव पर ।*
*होगा देना जोर ।।*
*चले काम ज्यादा ।*
*कम मचे पर शोर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## रातों-रात मुंह के छालों से मिलेगा छुटकारा करें

# अमरूद के हरे पत्ते का इस्तेमाल



**ज्यादा** तला-भूना, मसालेदार खाना खाने, पेट में गर्मी होने या विटामिन्स के कारण भी लोगों को कई बार मुंह में छाले होने की समस्या हो सकती है। इनके कारण लोगों को अक्सर मुंह में अधिक दर्द होने और खाने-पीने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इनसे राहत के लिए लोगों को कई तरीकों के उपाय बताए जाते हैं। इन्हीं में से एक है अमरूद के पत्ते। औषधीय गुणों से भरपूर अमरूद के पत्तों में विटामिन-सी, हीलिंग प्रॉपर्टीज, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-अल्सर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं, जो छालों की समस्याओं या ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**संक्रमण से बचाव करेः** अमरूद के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल करने से मुंह के इंफेक्शन से बचाव करने और सूजन को कम करने में मदद मिलती है। ये ओरल हेल्थ के लिए फायदेमंद है।

**घाव भरने में सहायकः** अमरूद के पत्तों में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण और विटामिन-सी होता है। इसका इस्तेमाल करने से घाव को तेजी से भरने और छालों को फैलने से रोकने में मदद मिलती है।

**दर्द और सूजन को करे कमः** अमरूद के पत्तों में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल करने से छालों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद मिलती है। छालों के लिए कैसे करें अमरूद के पत्तों का इस्तेमाल? मुंह के छालों से राहत के लिए अमरूद के पत्तों को चबाना फायदेमंद है। 5-10 अमरूद के पत्तों को पानी में डालकर अच्छे से उबाल लें। अब इसको ठंडा होने पर मॉउथ वॉश की तरह इस्तेमाल करें। अमरूद के पत्तों के पेस्ट तैयार करें। अब इनको छालों पर लगाएं और 5-10 मिनट तक लगाएं और गुनगुने पानी से मुंह धो लें।

**निष्कर्षः** अमरूद के पत्तों में बहुत से गुण होते हैं। इससे छालों को कम करने के साथ-साथ ओरल हेल्थ को बेहतर करने में भी मदद मिलती है। लेकिन ध्यान रहे, इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। कोई भी परेशानी होने पर इसका इस्तेमाल करने से बचें। इसके अलावा, लंबे समय तक मुंह में छाले होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# सूखी धरती का संकल्पनायक जलपुरुष राजेंद्र सिंह



प्रो. आरके जैन

**राजेंद्र सिंह को केवल 'जलपुरुष' कहना उनके विराट योगदान को सीमित करना होगा। वे एक जीवंत आंदोलन हैं, एक प्रेरणा का स्रोत, जो हमें सिखाता है कि परिवर्तन की शुरुआत एक छोटे से कदम से हो सकती है एक जोहड़, एक तालाब, एक गांव से।**

**आज, जब पानी की बोतलें दूध से भी महंगी हो चुकी हैं और नदियां प्रदूषण व लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं, राजेंद्र सिंह का जीवन एक प्रज्वलित मशाल की तरह हमें राह दिखाता है। उन्होंने सिद्ध किया कि विशाल बजट, जटिल तकनीक या सरकारी सहायता के बिना भी क्रांतिकारी बदलाव संभव है। उनकी सफलता का मूल मंत्र था— सादगी, सामुदायिक एकता और प्रकृति के प्रति गहन संवेदना।**

**पानी** की एक-एक बूंद में जीवन की सांस, सूखी धरती पर हरियाली का स्वप्न और समाज को जगाने की अटल जिद–यह है 'जलपुरुष' राजेंद्र सिंह की प्रेरक गाथा। 6 अगस्त 1959 को उत्तर प्रदेश के बागपत के डौला गांव में जन्म लेकर राजस्थान की बंजर भूमि को जीवन का आलिंगन दिया। वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी चेतना हैं, जो कहती है कि अगर इरादा पक्का हो, तो सूखी नदियां फिर से गीत गा सकती हैं और बंजर खेत फसलों से लहलहा सकते हैं। 'जलपुरुष' के नाम से मशहूर राजेंद्र सिंह ने न केवल पानी को बचाया, बल्कि एक पूरी पीढ़ी को यह सिखाया कि प्रकृति और मानवता का रिश्ता अटूट है। उनकी यह यात्रा केवल जल संरक्षण की नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण के प्रति प्रेम की है, जो हर दिल को छूती है और हर मन को प्रेरित करती है। राजस्थान– वह धरती, जहां सूखा जीवन का पर्याय था, कुएं खामोश थे और नदियां केवल लोककथाओं में सिमटी थीं। ऐसे में राजेंद्र सिंह ने वह कर दिखाया, जो असंभव प्रतीत होता था। न सरकारी योजनाओं की बाट जोही, न विदेशी तकनीकों का सहारा लिया। उनका सबसे बड़ा हथियार था– लोगों का विश्वास और सामूहिक श्रम। अपने चार साथियों–नरेंद्र, सतेन्द्र, केदार और हनुमान–के साथ उन्होंने तरुण भारत संघ को जल संरक्षण और ग्रामीण सशक्तिकरण का प्रतीक बनाया। उनकी रणनीति सरल थी, पर प्रभाव इतना गहरा कि राजस्थान की तस्वीर बदल गई। जोहड़, तालाब और चेकडैम जैसी प्राचीन जल संरचनाओं को उन्होंने आधुनिक दृष्टिकोण से पुनर्जनन दिया। यह केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति थी, जिसने ग्रामीणों को उनके संसाधनों का सच्चा स्वामी बनाया। चुनौतियों का पहाड़ सामने था। गांववाले राजेंद्र सिंह के विचारों को हवाई ख्वाब मानते थे–कुछ ने हंसी उड़ाई, कुछ ने समय की बर्बादी करार दिया। मगर राजेंद्र सिंह का इरादा अडिग रहा। उन्होंने समझाया कि पानी की कमी प्रकृति का कोप नहीं, मानव की लापरवाही का परिणाम है। उनकी बातों ने धीरे-धीरे दिलों को छुआ, और गांववाले उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल पड़े। जोहड़ बनने शुरू हुए, और फिर चमत्कार साकार हुआ। सूखे कुओं में पानी की लहरें गूंजीं, बंजर खेत हरियाली से मुस्कुराए, और गांवों में जीवन की रौनक लौट आई। यह केवल पर्यावरण का पुनर्जनन नहीं, बल्कि एक नई चेतना का उदय था, जिसने लोगों को सिखाया कि बदलाव का बीज जमीनी स्तर पर ही बोया जाता है। आंकड़े उनके काम की महानता को चीख-चीखकर बयां करते हैं। तरुण भारत संघ के नेतृत्व में राजेंद्र सिंह ने 1,000 से अधिक गांवों में 6,500 से ज्यादा जोहड़ और चेकडैम बनवाए। इन संरचनाओं ने भूजल स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और अरावरी, रूपारेल, सासा व भगानी जैसी नदियों को पुनर्जनन दिया। अरावरी नदी, जो कभी कहानियों में सिमटी थी, आज फिर बहती है–राजेंद्र की मेहनत और सामुदायिक एकता का जीवंत प्रतीक। उनके प्रयासों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जागृत किया। खेती फिर से लाभकारी बनी, पलायन रुका और गांववासियों में आत्मविश्वास जगा कि वे अपनी तकदीर खुद लिख सकते हैं। राजेंद्र सिंह की सोच जल संरक्षण तक सीमित नहीं थी; वे जल, जंगल और जमीन को समाज की धड़कन मानते थे। उनका अटल विश्वास था कि जब तक ये संसाधन समाज के पास हैं, तभी सच्ची स्वतंत्रता जीवित है। लेकिन जब ये निजी कंपनियों या मुनाफाखोर ताकतों के चंगुल में जाते हैं, तो यह आधुनिक गुलामी का नया चेहरा है। उन्होंने जल निजीकरण के खिलाफ बुलंद आवाज उठाई और उन नीतियों की कड़ी निंदा की, जो पानी को बाजार का माल बनाती हैं। उनकी यह विचारधारा आज, जब जलवायु परिवर्तन और जल संकट वैश्विक आपदा बन चुके हैं, पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। उनका मानना था कि जल पर समाज का अधिकार अडिग होना चाहिए, क्योंकि पानी जीवन का आधार है, मुनाफे का साधन नहीं। उनके कार्यों की गूंज स्थानीय सरहदों को पार कर वैश्विक मंच तक पहुंची। 1998 में 'द वीक' ने उन्हें 'मैन ऑफ द ईयर' का सम्मान दिया। 2001 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, जिसे एशिया का नोबेल कहा जाता है, उनके नाम रहा। 2005 में जमनालाल बजाज पुरस्कार ने उनके ग्रामीण विकास में योगदान को रेखांकित किया। 2015 में स्टॉकहोम वॉटर प्राइज, जल संरक्षण का सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मान, उन्हें प्रदान किया गया।

# नहर कटने से फसलों पर संकट, प्रशासन व सिंचाई विभाग की तत्परता से बची भारी बर्बादी

- ग्राम प्रधान की सूचना पर तत्काल पहुंची टीम, मौके पर हुई मशीनों से मरम्मत
- लगातार बारिश और डैम से छोड़े गए पानी से बाढ़ का खतरा, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मरोरी विकासखंड के ग्राम बड़ेपुरा में मंगलवार तड़के नहर के पटरे के कटने से किसानों की फसलों पर संकट मंडराने लगा। ग्राम प्रधान एवं पत्रकार गौरी शंकर अग्निहोत्री ने सुबह 4 बजे ही प्रशासन को सूचना दी कि निगोही ब्रांच की नहर का पटरा कट गया है, जिससे तेज बहाव के कारण आसपास के खेतों में पानी भर गया है और किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं।

सूचना मिलते ही सुबह 7 बजे मुख्य अभियंता, शारदा सागर खंड से बातचीत कर स्थिति से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि यदि समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो सैकड़ों एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। मुख्य अभियंता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सिंचाई विभाग, तहसील प्रशासन और पुलिस को मौके पर भेजा।





## भड़रिया मोड़ जलभराव पर भी शुरू हुआ नाला निर्माण कार्य

### भड़रिया मोड़ पर जलभराव की शिकायत पर हुआ त्वरित समाधान

इसी बीच बीसलपुर-बरेली-लखीमपुर मार्ग पर भड़रिया मोड़ के पास भारी जलभराव की समस्या सामने आई, जहां सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण और दुकानों के कारण बरसात के पानी की निकासी बाधित हो रही थी। यह मार्ग लखीमपुर से बरेली होते हुए बीसलपुर तक सीधा जुड़ा हुआ है, जिससे आवाजाही में दिक्कतें बढ़ रही थीं।समस्या की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अभियंता शशांक भार्गव से वार्ता कर वैकल्पिक नाले की खुदाई शुरू करवाई गई। मौके पर त्वरित कार्यवाही से सड़क पर जमे पानी का निकास शुरू हुआ।

### जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से जनता को राहत

ग्राम प्रधान गौरी शंकर अग्निहोत्री, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक सक्रियता से कई बड़ी समस्याओं का समाधान हुआ है। चाहे नहर कटने का मामला हो या जलभराव की समस्या, इन सभी पर तत्काल समाधान कर जनता को राहत दी गई। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे सावधानी बरतें, प्रशासन से संपर्क में रहें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत दें।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी, मशीनों से किया गया मरम्मत कार्य

लेखपाल रूपेश, एसडीओ सिंचाई विभाग, पुलिस टीम और मजदूरों की सहायता से मशीन लगाकर कटे पटरे की मरम्मत शुरू की गई और कुछ ही घंटों में बहाव को नियंत्रित कर लिया गया। किसानों ने राहत की सांस ली और प्रशासन की तत्परता की सराहना की।

### सांसद जितिन प्रसाद रख रहे हैं नजर

इन सभी घटनाओं पर केंद्रीय मंत्री एवं सांसद श्री जितिन प्रसाद स्वयं नजर बनाए हुए हैं। चाहे वह दिल्ली में संसद में हों या अपने आवास पर, क्षेत्रीय समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेना उनकी प्राथमिकता रही है। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया या सीधे संपर्क के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर वह तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करा रहे हैं।

### बाढ़ का खतरा, लोगों को सतर्क रहने की सलाह

उधर लगातार हो रही बारिश और शारदा व देवहा नदियों में डैम से छोड़े जा रहे पानी के चलते बाढ़ की स्थिति बनने लगी है। सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा हाल ही में हुई बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि डैम से पानी एक बार में न छोड़कर धीरे-धीरे छोड़ा जाए ताकि जान-माल और फसल की हानि से बचा जा सके।

# मक्के की फसल ने दी साठा धान को चुनौती



- साठा प्रतिबंधित होने के बाद किसानों को भायी मक्के की खेती, इस बार पूरनपुर क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ में लगी मक्के की फसल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

साल में तीसरी फसल का विकल्प बने साठा धान पर प्रशासन के प्रतिबंध लगाने के बाद मक्के की फसल किसानों की पसंद बन गई है। जागरुक किसानों ने साठा धान का मोह छोड़कर मक्के की फसल बोई। मक्के की फसल में मुनाफा अच्छा होने से अब साठा धान की रोपाई पूरी तरह रोपाई बंद हो जाएगी। मक्के की फसल में किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा हुआ। इसमें पानी और उर्वरकों की खपत कम लगी जोकि पर्यावरण के लिए लाभदायक है।

पूरनपुर क्षेत्र में किसान साल भर गेहूं और धान की फसल की बोवाई करते थे। इसके अलावा गन्ने की फसल भी हजारों एकड़ रकवे में लगाई जाती है। बीस साल पहले पूरनपुर क्षेत्र के किसानों ने साठा धान की रोपाई की। यह गेहूं और धान के बीच में तीसरी फसल के विकल्प में शामिल की गई। इससे किसानों को मुनाफा होने लगा। इस फसल में हर साल पानी का दोहन बढ़ता गया। इसके अलावा उर्वरक और कीटनाशक के प्रयोग की मात्राएं भी बढ़ गई। साठ से नब्बे दिन में तैयार होने वाली साठा धान की फसल में लगभग 15 से 17 बार सिंचाई करने से जलसंकट गहराने लगा। पर्यावरण विभाग की रिपोर्ट के बाद दो साल पहले प्रशासन ने साठा धान की रोपाई पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद भी किसानों का साठा धान से मोह नहीं छूटा। इस बार भी काफी किसानों ने साठा धानकी रापाई की। हांलाकि प्रशासन ने साठा की रापोई करने वालों परसख्त कार्रवाई की चेतावनी दी लेकिन किसानों पर इसका असर नहीं हुआ। कृषि विभाग की ओर से किसानों को साठा धान के स्थान पर साठा मक्का लगाने की सलाह दी गई। साठा को लेकर किसान कोर्ट चले गए। जागरुक किसानों ने साठा न लगाकर अपने खेतों में मक्के की फसल बोई। पहली बार बोई गई मक्के की फसल में साठा से कम लागत आई। इसके साथ ही पानी की खपत भी कम रही।

इससे किसानों का मोह धीरे धीरे साठा से भंग होने लगा है। इस बार सैकड़ों एकड़ जमीन में मक्के की फसल बोई गई।

इससे साफ कहा जा सकता है कि मक्के की फसल ने साठा धान को चुनौती देते हुए किसानों का मोह भंग करने का प्रयास किया है।

> साठा धान की रोपाई प्रतिबंधित है। पूरनपुर के सैकड़ों किसानों ने हजारों एकड़ रकवे में मक्के की फसल इस बार बोई। कम लागत में ही अधिक मुनाफा हुआ। राजकीय बीज भंडार से इसका बीज छूट पर दिया जाता है।
>
> **दिलपी वर्मा, एडीओ कृषि।**

### कम लागत में अधिक मुनाफा

मक्के की फसल में किसानों को साठा की तरह कमरतोड़ मेहनत नहीं करनी पड़ती है। लगभग पांच हजार रुपए एकड़ का बीज मिलता है। उसकी बुवाई के बाद नाम मात्र उर्वरक की आवश्यकता मक्के की फसल में होती है। हांलाकि सिंचाई लगभग आठ से दस बार करनी पड़ती है लेकिन पानी भराव नहीं करना पड़ता। खेत में नमी होने से ही फसल हरी भरी बनी रहती है। इससे लागत का खर्च भी काफी कम आता है।

### कटाई और ब्रिकी में आसानी

मक्के की फसल तैयार होने के बाद उसे कंबाइन से आसानी से काटा जा सकता है। इसके अलावा किसान उसे पास के ही राइस मिल पर ब्रिकी भी कर सकते हैं। राइस मिलर्स मक्के की खरीद कर रहे हैं। प्रति एकड़ में लगभग पचास से साठ क्विंटल की दर से मक्के की फसल की पैदावार होती है। बाजार में यह 2000 से 2500 रुपए प्रति क्विंटल में बिकती है। इससे किसानों को साठा धान से अधिक मुनाफा होता है।

# सास-बेटा-बहू सम्मेलन में परिवार नियोजन और सामंजस्य का दिया गया संदेश

- मोहल्ला सुनगढ़ी वार्ड नं. 6 स्थित मदर ग्रेस पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन, नवदम्पत्तियों को दी गई शगुन किट

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



नगर क्षेत्र के मोहल्ला सुनगढ़ी वार्ड नं. 6 में स्थित मदर ग्रेस पब्लिक स्कूल में बुधवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार और स्थानीय सभासद रत्ना शुक्ला ने फीता काटकर की। आयोजन स्थल को गुब्बारों और रंगोली से आकर्षक रूप से सजाया गया था।सम्मेलन में नवविवाहित दंपतियों, परिवार नियोजन के साधन अपनाने वाले लाभार्थियों, लक्ष्य दंपतियों के साथ-साथ मोहल्ले की सास, बहुएं और बेटे बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रारंभ में प्रतिभागियों ने एक-दूसरे का परिचय दिया और पारिवारिक भूमिका में उनकी विशेषताओं को साझा किया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आयोजन का मकसद सास, बेटा और बहू के बीच संवाद और समझदारी को बढ़ावा देना है ताकि प्रजनन स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और सामाजिक समरसता के प्रति जागरूकता लाई जा सके।परिवार नियोजन प्रबंधक अमित शर्मा ने परिवार नियोजन के महत्व और 'बास्केट ऑफ च्वाइस' के माध्यम से स्थायी व अस्थायी साधनों की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार छोटा परिवार सुखी और समृद्ध जीवन की ओर ले जाता है।सम्मेलन का सफल संचालन जिला अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर कमल कुमार ने किया और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता नितिन गंगवार ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस की तिथियों और उससे जुड़ी सुविधाओं की जानकारी साझा की। क्षेत्रीय एएनएम संत कुमारी ने बताया कि नवविवाहित जोड़े शादी के बाद कम से कम दो वर्ष का अंतर रखें और दो बच्चों के बीच भी उचित अंतराल जरूरी है। उन्होंने छोटा परिवार रखने के फायदों को विस्तार से समझाया। गुब्बारों की मदद से आयोजित रोचक खेल के माध्यम से यह बताया गया कि अधिक बच्चे होने से परिवार को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि सीमित बच्चे होने पर उन्हें बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाएं मिल पाती हैं।

सम्मेलन में भाग लेने वाले नवविवाहित जोड़ों को 'शगुन किट' वितरित की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वालों को डॉ. आलोक कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी पुरुष प्रतिभागियों को यह शपथ दिलाई गई कि वे परिवार नियोजन को अपनाकर अपने परिवार का ध्यान रखेंगे और अपने आस-पड़ोस में भी इसके लिए लोगों को प्रेरित करेंगे।इस अवसर पर डॉ. आलोक कुमार, रत्ना शुक्ला, अमित शर्मा, कमल कुमार, नितिन गंगवार, संत कुमारी, आशा कार्यकर्ता राखी रानी व शैफाली सक्सेना, मास समिति अध्यक्ष नीरू सोनकर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाढ़ की संभावना को देखते हुए तहसीलदार ने ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

हजारा। हजारा थाना क्षेत्र में बाढ़ की संभावना को देखते हुए तहसीलदार राजस्व टीम के साथ ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचकर क्षेत्र का और शारदा नदी का जायजा लिया और क्षेत्र की बाढ़ चौकियों राजस्व चौकी सहित एसएसबी चौकी पर पहुंचकर जरुरी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही लगातार बारिश और बनबसा बैराज से लगातार शारदा नदी में लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है।शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने में नेपाल की बामिनी और जगबूढा नदियों से आ रहे पानी और इजाफा कर रही हैं।पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश और बनबसा बैराज से छोड़े जा रहे पानी को देखते हुए ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बाढ़ की संभावना को देखते हुए पूरनपुर तहसील के तहसीलदार हवीव उर रहमान अंसारी राजस्व टीम के साथ नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव बमनपुरी भगीरथ बैल्हा और 49 वीं वाहिनी एसएसबी कंबोज नगर बीओपी चौकी पर पहुंचकर संभावित बाढ़ की संभावना को देखते हुए जरुरी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं इसके अलावा ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव भरतपुर में पहुंचकर बाढ़ शरणालय का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को देखा साथ ही गांव राणा प्रताप नगर में पहुंचकर शारदा नदी का जायजा लिया और अधिनिस्थो को नदी व बाढ़ की स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया है। गांवों व नदी का निरीक्षण करने के बाद तहसीलदार राजस्व चौकी पर पहुंचकर समस्त लेखपाल व कर्मचारियों को बाढ़ की संभावना और निचले भागों में जलभराव सहित ग्रामीणों के प्रति सुरक्षात्मक व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। इस दौरान तहसीलदार हवीव उर रहमान अंसारी राजस्व कानून गो महेश चंद्र राजस्व लेखपाल आशीष कुमार निषाद, श्याम मौर्या, भूपेंद्र शर्मा, रामेश्वर चौहान भरतपुर ग्राम प्रधान शमशेर आलम के अलावा अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### सैधरी हत्याकांड पर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर के सैधरी गांव में हुए हत्याकांड के विरोध में हिंदू संगठनों ने आज 6 बुधवार समय करीब दोपहर के 12:00 बजे कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल और हिंदू समाज पार्टी के पदाधिकारी दोपहर करीब 12 बजे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के पास पहुंचे।संगठनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया। इसमें 2 अगस्त को हुए हमले का उल्लेख किया गया। ज्ञापन के अनुसार, नितिन भार्गव को अगवा कर उन पर हमला किया गया। उन्हें बचाने आए भाई अमित की बेरहमी से हत्या कर दी गई।हिंदू संगठनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि उन्होंने पीड़ितों की एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके विपरीत पुलिस ने अभद्रता का व्यवहार किया। ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें आरोपियों के मकान पर बुलडोजर चलाने, परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने, केस की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने और मृतक के परिजनों पर दर्ज केस वापस लेने की मांग शामिल है।ज्ञापन देने वालों में अनुज तिवारी, देव जुनेज, जसवंत राज, मनीष कुमार और विनय तिवारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। हिंदू संगठनों में न्याय की मांग को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शारदा नदी का जलस्तर बढ़ा, बाढ़ और कटान से डरे ग्रामीण

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** मैदानी इलाकों और पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश के कारण शारदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। बुधवार को बनबसा बैराज से करीब 1.60 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदी उफान पर है। जिससे पूरनपुर तहसील के नदी किनारे बसे चंदिया हजारा समेत कई गांवों में ग्रामीणों की धड़कनें तेज हो गई हैं। खेतों से होकर पानी अब आबादी की तरफ बढ़ रहा है, जिससे बाढ़ और कटान का खतरा गहराने लगा है।ग्रामीणों का कहना है कि निचले इलाकों में जलभराव पहले से ही बना हुआ है, ऐसे में नदी का बढ़ता जलस्तर बड़ी मुसीबत बन सकता है। चंदिया हजारा क्षेत्र के प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि बीते वर्ष भी इसी क्षेत्र में नदी ने भारी तबाही मचाई थी और कई घरों तक पानी पहुंच गया था। प्रशासन द्वारा अब तक जो बचाव कार्य कराए गए हैं, वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। बता दें कि नेपाल सीमा के पास स्थित बंदरबोझ गांव से पीलीभीत जिले में प्रवेश करने वाली शारदा नदी करीब 70 किमी. का सफर तय कर लखीमपुर जिले में प्रवेश करती है। इस मार्ग में दो दर्जन से अधिक गांव हर वर्ष बाढ़ और कटान की मार झेलते हैं। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए नदी किनारे के गांवों में सावधानी बरतने की अपील की है।

### तेज बारिश में टीनशेड गिरा, बुजुर्ग की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कच्चे-पक्के मकानों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। बुधवार रात कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में टीनशेड मकान की दीवारें भरभराकर गिर गईं। हादसे में एक बुजुर्ग की हालत गंभीर बनी हुई है।जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीपुर निवासी मोहनलाल (60) अपनी पत्नी मोहिनी देवी, पुत्र वेदप्रकाश व बेटी प्रीति के साथ टीनशेड मकान में रह रहे थे। मंगलवार रात को सभी खाना खाकर सो गए थे, तभी आधी रात बाद तेज बारिश के बीच दीवारें गिर गईं और पूरा परिवार मलबे में दब गया। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले परिजन दौड़े और सभी को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मोहनलाल की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कलीनगर एसडीएम महिपाल सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से बातचीत की। ग्रामीणों का कहना है कि मोहनलाल पात्र होने के बावजूद सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पा सके हैं।

### पुलिस टीम पर तलवार व डंडों से हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बीती रात पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना मोहल्ला इंदिरा नगर की है, जहां रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने चोर समझकर हमला कर दिया।मंगलवार-बुधवार मध्यरात्रि करीब एक बजे छह से अधिक युवकों ने अफवाह फैलाते हुए पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया और तलवार व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तीन युवकों खुशनैन, शहीद अहमद और शफीक को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से एक तलवार और लकड़ी के डंडे बरामद किए गए हैं।कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### खाद वितरण को लेकर दो पक्षों में विवाद, मारपीट और धमकी की शिकायत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** खाद वितरण को लेकर भाकियू (टिकैत) कार्यकर्ता और दुकानदार के बीच जमकर विवाद हो गया। आरोप है कि दुकानदार ने खाद के साथ जबरन जिंक देने का प्रयास किया, जिसका विरोध करने पर मारपीट और धमकी दी गई। दोनों पक्षों ने कोतवाली में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। नगर निवासी छिक्कतर सिंह ने बताया कि वह चार अगस्त को गांव पुन्नापुर टांडा स्थित दुकान पर किसानों को खाद दिलाने गया था। वापस लौटने पर देखा कि दुकानदार खाद बांट रहा था और साथ में जबरन जिंक भी दे रहा था। इसका विरोध करने पर दुकानदार ने अपने लोगों को बुला लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जेब से रुपये निकालने का भी आरोप लगाया गया है। दूसरी ओर दुकानदार पक्ष ने भी छिक्कतर सिंह पर मारपीट का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### किराया विवाद में युवक पर तलवार से हमला, महिला भी घायल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** मकान किराए को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि मकान मालिक ने किराएदार युवक पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया, वहीं उसकी पत्नी ने किराएदार की बहू पर हमला किया। मोहल्ला कायस्थान निवासी रेखा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने वार्ड संख्या दो के गौरव कश्यप का टिनशेड मकान किराए पर लिया था। बारिश में मकान टपकने लगा, तो पुत्र और बहू ने उसमें रहने से मना कर दिया और गौरव से अग्रिम दिए गए तीन हजार रुपये वापस मांगे। इसी पर गौरव ने युवक अजय पर तलवार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करते हुए अजय ने तलवार को हाथ से रोका, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि गौरव ने फिर तमंचा मुंह पर मारा और उसकी पत्नी ने पुष्पा पर तलवार से वार किया।कोतवाल सतेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# तीसरे दिन बारिश थमने के बाद सड़कों से हटा पानी



**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

क्षेत्र में तीसरे दिन बारिश के थमने से लोगों ने राहत की सांस ली है। मूसलाधार बारिश में जगह-जगह जल भराव से लोग घरों में कैद होकर रह गए थे उन्होंने पानी घटने से बाहर निकले और जरूरी चीजों की खरीदारी की है। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था छुटपुट तरीके से बहाल हो सकती है। बुधवार को गांव से लेकर शहरों तक के लोगों ने हो रही मूसलाधार बारिश को रोकने के लिए की गई इंद्र देवता की पूजा काम आई और बारिश के रौद्र रूप से राहत मिली है। जिसके चलते लोगों ने घरों से बाहर निकाल कर जरूरतमंद चीजों की खरीदारी की है। बारिश मेंजगह-जगह तालाब बनी जगह-जगह सडकों पर पानी घटने से यातायात बहाल हो पाया वहीं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तीसरे दिन छुटपुट तरीके से बहाल हो सकी है। अभी भी कई गांव में ट्रांसफार्मर आदि उपकरण खराब होने के चलते अंधकार में डूबे हैं। कर्मचारियों की कमी के चलते बिजली आपूर्ति खून के आंसू रुला रही है। लंबे समय से आपूर्ति बाधित के चलते इनवर्टर भी दगा दे गए जिससे लोगों के मोबाइल स्विच ऑफ हो जाने से आपातकालीन सेवाएं ठप्प हो गई हैं।

# शरद कालीन गन्ना बुआई के लाभ एवं गन्ना फसल सुरक्षा के सम्बन्ध में वैज्ञानिकों ने दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**





बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र के ग्राम बाबूपुर में वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में गन्ना किसान संस्थान,प्रशिक्षण केन्द्र शाहजहांपुर के सहा0 निदेशक /वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ0 पी0 के0 कपिल,वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 आर0 डी0 तिवारी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर व वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी0 एस0 चतुर्वेदी एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 156 किसानों ने भाग लिया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ0 आर0 डी0 तिवारी ने वर्तमान में गन्ने की फसल में लगने वाले कीट बीमारियों से किसानों को सजग रहने को कहा साथ ही उन्नतिशील प्रजातियों जैसे को0-0118, को0-15023, कोलख0-14201, कोलख0-16202, कोशा0-13235, कोशा0-17231 के बारे में विस्तार से बताया और कार्बनिक खाद, रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। सहा0निदेशक डॉ0 पी0 के0 कपिल ने फसल सुरक्षा प्रबन्धन पर चर्चा करते हुए टॉप बोरर,रेड रॉट, पोक्का बोइंग की पहचान व बचाव के बारे में शरदकालीन गन्ना बुआई में ट्रेंच विधि का प्रयोग,सहफसली खेती, गन्ने की नर्सरी व पेड़ी प्रबन्धन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने सर्वे/सट्टा व समिति द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया तथा गन्ना सर्वेक्षण कार्य समाप्त होने के पश्चात चल रहे गन्ना सर्वेक्षण सूची/सट्टा प्रदर्शन में सभी कृषको को अपने अपने सट्टे से सम्बंधित सभी समस्याओं को अपने सुपरवाइजर से मिलकर निदान कराने की सलाह दी जिससे पेराई सत्र में सप्लाई सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे प्राप्त कर लग रही कीट बीमारियों से बचाव हेतु खेतों में समय से प्रयोग कराये एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपनी फसलो में प्रयोग करके अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त करें। गोष्ठी का मंच संचालन कर रहे प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने गहरी जुताई, खेत का समतलीकरण लेजर लेवलर द्वारा,ट्रेश मल्चर व पेड़ी प्रबन्धन यन्त्र (आर एम डी) के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी, अन्त में कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रगतिशील कृषक व डेलीगेट गोला समिति श्री कृष्ण ने गोष्ठी में आये सभी आगंतुकों का आभार व आशीर्वचनों के साथ गोष्ठी का समापन किया, गोष्ठी में नोखेलाल, राजाराम, रामनिवास वर्मा, वीरेन्द्र कुमार (डेलीगेट), आदि सैकडों कृषक व उपप्रबन्धक गन्ना शिवांशु शुक्ला, कामदार अमरनाथ, संजय प्रजापति सहित समिति व मिल के तमाम गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सदर तहसील में चीनी मिल की जमीन 18 अगस्त को होगी नीलाम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान न करने के कारण खंभारखेड़ा चीनी मिल की संपत्ति नीलाम होगी। एसडीएम कोर्ट ने मिल की जमीन की नीलामी की तिथि 18 अगस्त निर्धारित की है। नीलामी सुबह 11 बजे से सदर तहसील परिसर में आयोजित की जाएगी।खंभारखेड़ा चीनी मिल पर किसानों का 25583 लाख रुपए से अधिक का भुगतान बकाया है। समय पर भुगतान न करने पर पहले मिल के खिलाफ आरसी जारी की गई थी। इसके बावजूद भी जब मिल प्रशासन ने किसानों का बकाया भुगतान नहीं किया, तब एसडीएम ने नीलामी की कार्रवाई शुरू की।एसडीएम ने मिल की चल और अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आदेश जारी किए हैं। नीलामी की सूचना चीनी मिल के गेट पर भी चस्पा कर दी।

### नदी में कूदी महिला की तलाश में जुटी एडीआरएफ टीम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र में एक महिला द्वारा नदी में कूदने की घटना सामने आई है। मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे पीलीभीत बस्ती हाईवे पर स्थित ऐरा पुल पर एक महिला ने अपनी 1 वर्षीय मासूम बच्ची को फुटपाथ दे दी छोड़कर नदी के गहरे पानी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला की तलाश के लिए गोताखोरों के साथ-साथ एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया है। बुधवार की सुबह से हो रही भीषण बारिश के बावजूद प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओपी राय के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम महिला की तलाश में लगातार जुटी हुई है।जानकारी के अनुसार,महिला कोतवाली लहरपुर क्षेत्र के रिछौना गांव की निवासी बताई जा रही है।

# राप्ती पौने दो मीटर, रोहिन दो मीटर चढ़ी...सरयू लाल निशान के पार

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



राप्ती रविवार तक खतरे के निशान से पांच मीटर नीचे थी। नदी में करीब 65 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद उसके जलस्तर में बीते 24 घंटे में 1.81 मीटर की बढ़ोतरी हो गई है। अभी और पानी बढ़ने की आशंका है।

राप्ती की सहायक रोहिन नदी में भी नेपाल से पानी सीधे आता है। नेपाल में तेज बारिश का असर अब गोरखपुर-बस्ती मंडल में बहने वाली नदियों के जलस्तर पर दिखने लगा है। सरयू नदी अयोध्या में खतरे के निशान को पार कर गई है। बीते 24 घंटे में राप्ती का जलस्तर 1.81 मीटर बढ़ा है। रोहिन नदी के जलस्तर में भी 2.62 मीटर की वृद्धि हुई है। सरयू और राप्ती का जलस्तर बढ़ने से गोरखपुर के बड़हलगंज और बरहज के कई गांवों पर खतरा मंडराने लगा है। बुधवार तक नदियों के जलस्तर में और वृद्धि का अनुमान है। इससे निचले इलाकों में मुश्किलें और बढ़ेंगी।

सरयू, राप्ती और रोहिन नदी नेपाल से निकलकर पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से होते हुए आती हैं। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता विकास कुमार सिंह के मुताबिक, नेपाल से निकलने वाली सरयू और राप्ती के पानी को रोकने के लिए नेपाल में कोई प्रबंध नही है। सरयू के पानी को रोकने के लिए बहराइच में बैराज बनाया गया है। राप्ती के पानी को रोकने के लिए श्रावस्ती में बैराज बना है। नेपाल में लगातार बारिश के बाद सरयू और राप्ती का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

राप्ती रविवार तक खतरे के निशान से पांच मीटर नीचे थी। नदी में करीब 65 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद उसके जलस्तर में बीते 24 घंटे में 1.81 मीटर की बढ़ोतरी हो गई है। अभी और पानी बढ़ने की आशंका है। राप्ती की सहायक रोहिन नदी में भी नेपाल से पानी सीधे आता है। इस नदी का जलस्तर ढाई मीटर से अधिक बढ़ा है। डोमिनगढ़ के पास यह नदी राप्ती में मिलती है। इस वजह से राप्ती का जलस्तर और तेजी से बढ़ेगा। उधर, सरयू नदी का जलस्तर अयोध्या में लाल निशान को पार कर गया है। बड़हलगंज के पास इसमें राप्ती नदी भी मिलती है। इसका असर बुधवार को बड़हलगंज इलाके में दिखेगा।

'राप्ती, रोहिन और सरयू नदी में तेजी से पानी बढ़ रहा है। हालांकि अभी राप्ती और रोहिन खतरे के निशान से नीचे हैं, फिर भी बांध की सुरक्षा को देखते हुए सभी अभियंताओं को अलर्ट कर दिया गया है। निगरानी बढ़ा दी गई है।'

**– विकास कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग**

## हत्या के एक दोषी को आजीवन व छह लोगों को सात वर्ष का कारावास

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट ने मंगलवार को हत्या के मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास और दूसरों को सात वर्ष की सश्रम करावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया है। वादी मुकदमा सुभावती निवासी ग्राम केसिया तिवारी टोला थाना जटहा बाजार ने 24 अप्रैल 2018 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सुबह 11 बजे उनके दरवाजे पर एक चारपहिया गाड़ी रुकी। जब गाड़ी का दरवाजा खुला तो उसमें से राजेश पांडेय निवासी ग्राम डूमरी सहोदर पट्टी पांडेय टोला थाना जटहा बाजार उतरे। उनके पीछे आए संतराज और शीला निवासी केसिया तिवारी टोला थाना जटहा बाजार कार से उतरते ही राजेश पांडेय ने संतराज से कहा कि अपना पूरा परिवार बुलाओ। संतराज का पूरा परिवार रामलाल, संतराज, सुमन, रीना, शीला, कोशली, सुखिया के हाथ में लाठी डंडा लेकर पुरानी रंजिश बस उनके पूरे परिवार पर टूट पड़े। आरोपी घर में घुसकर मारने पीटने लगे।

## आयकर चोरी में बड़ी फर्में रडार पर...शहर के 25 रईस की 'टॉप 75' रजिस्ट्री में खेल की आशंका

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



आयकर विभाग की क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम ने निबंधन कार्यालय से प्रति वर्ष भेजी गई रजिस्ट्री के रिकॉर्ड की जांच की तो पता चला कि गोरखपुर के महानगर क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2025 में बहुत सारी रजिस्ट्री में गलत पैन नंबर दर्ज किए गए हैं। ऐसी कुल 75 रजिस्ट्री की सूची तैयार की गई जिसमें डेढ़ करोड़ से छह करोड़ रुपये की जमीन खरीदी गई है।

जमीनों की रजिस्ट्री में गलत पैन नंबर दर्ज कराते हुए लेन-देन छिपाकर आयकर की चोरी में शहर के 25 से ज्यादा रईस आयकर विभाग के रडार पर आ गए हैं। तीन साल में ज्यादा निवेश वाले टॉप 75 रजिस्ट्री में आयकर चोरी की आशंका है। जांच करने आई आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने इन सभी रजिस्ट्री के मूल दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिए हैं। इसके अलावा कुल 54 हजार रजिस्ट्री का ब्योरा भी पैन ड्राइव में टीम साथ ले गई।

सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग की क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम ने निबंधन कार्यालय से प्रति वर्ष भेजी गई रजिस्ट्री के रिकॉर्ड की जांच की तो पता चला कि गोरखपुर के महानगर क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2025 में बहुत सारी रजिस्ट्री में गलत पैन नंबर दर्ज किए गए हैं। ऐसी कुल 75 रजिस्ट्री की सूची तैयार की गई जिसमें डेढ़ करोड़ से छह करोड़ रुपये की जमीन खरीदी गई है।

खरीदने वालों में कुछ बड़ी फर्में भी शामिल हैं जिनका पैन नंबर पहले से आयकर विभाग के पास मौजूद था। मिलान करने पर पाया गया कि इन्होंने जालसाजी की है। इसके बाद खातों की जांच कराई गई तो रजिस्ट्री में दिखाई गई रकम और बैंक के डिटेल में अंतर पाया गया। अब ये फर्में आयकर विभाग के रडार पर आ गई हैं। इन फर्मों की अलग से सूची बनाई गई है। इसके अलावा लखनऊ में रहने वाले गोरखपुर के कुछ रईसों ने भी जमीनों की खरीद कर निवेश किए हैं। इनके भी रिकॉर्ड खंगाले गए हैं। प्रारंभिक जांच में आयकर टीम को गड़बड़ी मिली है। इसके बाद सभी के मूल दस्तावेज टीम ने अपने कब्जे में ले लिया।

अब टीम रजिस्ट्री के माध्यम से निवेश की गई रकम और निवेशक के बैंक खातों का डिटेल खंगालेगी ताकि पता चल सके कि कितनी रकम कम दिखाई गई। इसके बाद इन फर्मों और निवेश करने वालों को नोटिस जारी किया जाएगा।

## गोरखपुर कलेक्ट्रेट हंगामा : कार्यदायी संस्था के ठेकेदार समेत 52 पर केस- मजदूर और अधिवक्ताओं में हुआ था विवाद

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

आरोप है कि अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया तो वेनसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार आला वीरा बैंकटा नारायण, सचिन यादव ने अपने 50 अन्य मजदूरों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। उस दौरान मजदूरों के हाथ में लोहे के रॉड और सचिन यादव के हाथ में रिवाल्वर था। अधिवक्ता मजदूर विवाद के बाद नए कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण कर शनिवार को बंद रहा। कलक्ट्रेट की नई बिल्डिंग के निर्माण में लगे मजदूरों व अधिवक्ताओं के बीच मारपीट व हंगामे के मामले में पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर लिया। जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के महामंत्री चंद्र प्रकाश मिश्रा की तहरीर पर जानलेवा हमले, धमकी, लूट समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इसमें कार्यदायी संस्था वेनसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार आला वीरा बैंकटा नारायण, सचिन यादव समेत 50 अन्य मजदूरों को आरोपी बनाया गया है। महामंत्री चंद्र प्रकाश मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कार्यदायी संस्था वेनसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कलक्ट्रेट की नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

आरोप है कि निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों ने बीते एक अगस्त को रजिस्ट्री कार्यालय तक आने-जाने के रास्ते को जबरन बंद कर दिया गया। आरोप है कि अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया तो वेनसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार आला वीरा बैंकटा नारायण, सचिन यादव ने अपने 50 अन्य मजदूरों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। उस दौरान मजदूरों के हाथ में लोहे के रॉड और सचिन यादव के हाथ में रिवाल्वर था। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पूरे कलक्ट्रेट परिसर में घूम-घूमकर अधिवक्ताओं से गालीगलौज की गई। उपद्रवियों के डर से एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय तख्त के नीचे छिप गए। यहीं नहीं कार्यदायी संस्था के मजूदरों ने वाहनों में तोड़फोड़ भी की। जानकारी के बाद जब वह (महामंत्री) बीचबचाव करने पहुंचे तो उनपर भी जानलेवा हमला करते हुए गले से सोने की चेन लूट ली। साथी अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव किया।

**जिलाधिकारी के आदेश पर खोला गया था रास्ता**

महामंत्री ने बताया कि कार्यदायी संस्था की ओर से हाल ही में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उपसंचालक चकबंदी, सीआरओ न्यायालय व राजस्व अभिलेखागार और रजिस्ट्री कार्यालय आने-जाने के रास्ते को जबरन बंद कर दिया था। इस संबंध में जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीते 19 जुलाई को जिलाधिकारी को पत्र देकर रास्ता खुलवाने की मांग की थी।

इस पर जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी नगर को रास्ता खुलवाने के लिए अधिकृत किया गया था। अपर जिलाधिकारी नगर ने 20 व 23 जुलाई को को मौका मुआयना करके रास्ता खुलवा दिया था।

## एसडीएम ने लिया महदेवा, सालिकपुर गांवों का जायजा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

वाल्मीकिनगर बैराज से पानी के डिस्चार्ज में कमी आई है। एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित महदेवा व सालिकपुर गांव का दौरा कर जायजा लिया। फिलहाल लोग राहत में है, लेकिन नेपाल में जिस तरह से बारिश हो रही है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि नदी में कभी भी पानी अचानक बढ़ सकता है। इसको लेकर तटवर्ती गांव के लोग अलर्ट हैं। मंगलवार की सुबह 8 बजे भैसहा गेज स्थल पर जलस्तर चेतावनी बिंदु से 55 सेमी ऊपर 95.55, शाम 4 बजे चेतावनी बिंदु से 62 सेमी ऊपर 95.62 पर था। नदी का रूख फिलहाल नरम बना हुआ है, इसके चलते बाढ़ प्रभावित गांव व तटबंध सुरक्षित हैं। एसडीएम रामवीर सिंह चार्ज लेने के बाद बाढ़ प्रभावित महदेवा व सालिकपुर गांव पहुंचे। कुछ वर्ष पहले तक यह गांव नदी के निशाने पर आ गया था।

# जमीन विवाद में 2 पक्षों का विवाद, चाकू-लोहे की राड से हमला, 3 महिलाएं घायल

जन एक्सप्रेस । देवरिया



मंगलवार शाम को राधेश्याम शुक्ला पक्ष से रिश्ते की चाची स्नेहलता शुक्ला उम्र 45 वर्ष दरवाजे के पास गोबर फेंकने जा रही थी। आरोप है कि पुरुषोत्तम शुक्ला पक्ष के लोगों ने गोबर फेंकने से मना करते हुए उन्हें ढकेल दिया। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। विवाद में राधेश्याम शुक्ला की पत्नी राजकुमारी शुक्ला उम्र 45 वर्ष पर किसी ने चाकू से वार कर दिया।

थाना क्षेत्र के चकिया शुक्ल गांव में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार शाम चाकू और लोहे की राड से हमला कर तीन महिलाओं को घायल कर दिया गया। हालांकि एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। उसने चाकू से वार के दौरान हाथ उठा लिया। वरना बड़ी वारदात हो गई होती।

पुलिस ने चोटिल महिलाओं समेत चार को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मौके पर एसडीएम से लेकर अन्य राजस्व टीम जा चुकी है। इसके पहले दो बार दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान भी किया जा चुका है। फिर भी दोनों पक्ष विवाद पर उतारू है। खुखुंदू क्षेत्र के चकिया शुक्ल निवासी राधेश्याम शुक्ला और पुरुषोत्तम शुक्ला पक्ष से जमीन को लेकर करीब तीन सप्ताह से लगातार विवाद होता चला आ रहा है। मौके पर बरहज एसडीएम विपिन कुमार दूबे से लेकर अन्य राजस्व टीम भी जा चुकी है। लेकिन विवाद रुक नहीं रहा है।

राधेश्याम शुक्ला पक्ष का कहना है कि डीह की जमीन में पड़ोसी जबरन शौचालय निर्माण कार्य करा रहे है। जबकि जमीन हमारी है। सारा कागज दिखाने के बाद भी पुलिस और राजस्व विभाग सहयोग नहीं कर रहा है। घर पर कोई पुरुष वर्ग नही होने से हमलोगों को आएदिन मारा-पीटा जा रहा है। इतना ही नहीं आरोपी पक्ष रात में चोरी-चुपके शौचालय का निर्माण कार्य करा रहे हैं। मंगलवार शाम को राधेश्याम शुक्ला पक्ष से रिश्ते की चाची स्नेहलता शुक्ला उम्र 45 वर्ष दरवाजे के पास गोबर फेंकने जा रही थी। आरोप है कि पुरुषोत्तम शुक्ला पक्ष के लोगों ने गोबर फेंकने से मना करते हुए उन्हें ढकेल दिया।

इसके बाद विवाद शुरू हो गया। विवाद में राधेश्याम शुक्ला की पत्नी राजकुमारी शुक्ला उम्र 45 वर्ष पर किसी ने चाकू से वार कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ में चाकू लगने से वह जमीन पर गिर पड़ी। फिर हमलावरों ने उनके सिर पर लोहे की राड से प्रहार कर दिया।

बीच बचाव करने पर हमलावरों ने उनकी सास अमरावती शुक्ला उम्र 70 और स्नेहलता शुक्ला को भी मारपीट कर घायल कर दिया। राजकुमारी शुक्ला का आरोप है कि पिटाई के बाद पुलिस इलाज कराने की बजाय हमलोगों को उठाकर थाने लेकर चली आई है।

# कबड्डी में कक्षा 12वीं के अंग्रेजी माध्यम की टीम विजयी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



शहर के हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में संस्थापक पंडित मातादीन शर्मा की 94वीं जयंती पर आयाजित खेल प्रतियोगिता में मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हुआ। इससे पहले हुई कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के अंग्रेजी माध्यम की टीम विजयी रही। बुधवार को कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला होगा। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को आठ अगस्त को पुरस्कृत किया जाएगा।

विद्यालय परिसर में चल रहे क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में मंगलवार को सेमीफाइनल मुकबला हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. राजवी मिश्र ने किया। पहला मुकाबला 12वीं गणित और 12वीं अंग्रेजी माध्यम के बीच हुआ, जिसमें 12वीं अंग्रेजी माध्यम की टीम विजयी रहा। इसी के बाद शतरंज प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बालक और बालिका वर्ग के बीच कराया गया। बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला शीतल तिवारी 12वीं गणित और आंचल शर्मा 10वीं अ के बीच कराया गया, जिसमें आंचल शर्मा विजेता घोषित हुईं। बालक वर्ग में अंश केशरी और अखंड के बीच कराया, जिसमें अखंड विजयी रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक राहुल कुशवाह रहे। वहीं कबड्डी प्रतियोगी का दूसरा मुकाबला बालक वर्ग में 11वीं गणित और 11वीं बायो के बीच खेला गया, जिसमें 11वीं गणित की टीम विजयी रहा। तीसरा मुकाबला 10वी अ और 9वीं अंग्रेजी माध्यम के बीच खेला गया। इसमें 10वीं अ की टीम विजयी हुई। चौथा मुकाबला 9वी ब और 10वी अंग्रेजी माध्यम के बीच खेला गया, जिसमें 9वी ब की टीम विजयी रही। पांचवा मुकाबला 12वी बायो और 11वी अंग्रेजी माध्यम के बीच खेला गया, जिसमें 11वी अंग्रेजी माध्यम विजेता बनी। वहीं बालिका वर्ग का पहला मुकाबला 10वी ब और 9वी ब के बीच हुआ, जिसमें इसमें 10वी ब विजयी रही।कॉलेज के प्रबंधक मनोज शर्मा सारस्वत और प्रधानाचार्य शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने खिलाड़ियों को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया। मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हुआ। इसमें सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर दो बालक लक्की गुप्ता 9वीं अंग्रेजी माध्यम और मनीष चौधरी 9वीं अंग्रेजी माध्यम तथा दूसरा स्थान आस्था तिवारी 9वी अंग्रेजी माध्यम रही, जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान राकेश मोदनवाल 8वीं और दूसरा स्थान लक्की कुमार 7वीं रहा। इस दौरान उशेष पांडेय, सदरे आलम, दिवाकर यादव, राहुल कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## मोटर में उतरा करंट, महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदनपुर सुकरौली में मोटर में प्रभावित हो रहे करंट की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मदनपुर सुकरौली गांव निवासी कलावती देवी (60) मंगलवार को घर में लगे नल पर स्नान के दौरान करंट के चपेट में आ गईं और मौके पर ही मौत हो गई। किसी तरह तार का कनेक्शन हटाया गया। सूचना पर पुलिस ने आकर में शव को कब्जे में ले लिया। एक वर्ष पहले कलावती के पति का देहांत हो गया था। बेटा जयगोविन्द व शिवशरण प्रजापति सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पुलिस ने आकर में शव को कब्जे में ले लिया। एक वर्ष पहले कलावती के पति का देहांत हो गया था। बेटा जयगोविन्द व शिवशरण प्रजापति सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 11 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज

जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और मदरसों में 11 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक से 19 वर्ष की आयु के 5.95 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाई जाएगी। शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में अंतर्विभागीय अधिकारियों की अभिमुखीकरण कार्यशाला हुई।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कृमि मुक्ति अभियान की सफलता के लिए सामुदायिक जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित होगा।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने जानकारी दी कि 11 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम के बाद 14 अगस्त को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा, ताकि छूटे बच्चों को भी दवा दी जा सके।

डिप्टी सीएमओ डॉ. वीर विक्रम सिंह ने कार्यक्रम के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और उनके समयबद्ध वितरण पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को संसाधनों को आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जनपदीय सलाहकार शिवेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान के तहत 5.95 लाख बच्चों को कृमि नाशक दवा दी जाएगी। दवा का सेवन शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की देखरेख में होगा।

डिप्टी सीएमओ डॉ. केपी सिंह ने ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधकों को बेहतर माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिए। एनडीडी कार्यक्रम के जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक ने समय पर रिपोर्टिंग की महत्ता पर जोर दिया।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक डॉ. कमरुज्जमा लारी ने बताया कि कृमि के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने बताया कि दवा खाली पेट नहीं खानी चाहिए। इस दौरान काउंसलर अनिरुद्ध प्रसाद गुप्ता, पूजा सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, रंजू गुप्ता, सुनैना चौरसिया, डॉ. विशाल चतुर्वेदी, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. अनिरुद्ध पांडे, सरोज सिंह, अभिजीत लाल मौजूद रहे।

# अल्ट्रासाउंड बंद होने से मरीज परेशान, बाहर करानी पड़ रही जांच

जन एक्सप्रेस । देवरिया

मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड जांच 12 दिन से ठप है। दूरदराज से आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना पड़ रहा है। उन्हें जांच के लिए भटकना पड़ रहा है। जरूरी होने पर कुछ लोगों को प्राइवेट जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां अधिक धन खर्च करना पड़ रहा है। इससे आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कीमत चुकाने में समक्ष न होने पर निराश होकर लौटना पड़ रहा है। यह समस्या रेडियोलॉजिस्ट के अवकाश पर जाने से आई है। दो दिन बाद जांच शुरू होने की उम्मीद रही है।

मेडिकल कॉलेज अल्ट्रासाउंड जांच की निशुल्क सुविधा है, मगर रेडियोलॉजिस्ट की कमी से मरीजों और तीमारदारों को दिक्कत हो रही है। पुरुष अस्पताल में मात्र एक रेडियोलॉजिस्ट हैं। उनके अवकाश पर जाने से मरीजों को दिक्कत होती है। अस्पताल में शहर से लेकर ग्रामीणांचल के अलावा बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र के मरीज आते हैं। ओपीडी के मेडिसिन, सर्जरी, बाल रोग सहित विभिन्न विभाग में आने वाले मरीजों को जरूरत पड़ने पर डॉक्टर अल्ट्रासाउंड जांच लिखते हैं। ओपीडी से रोजाना 60 से 70 मरीज जांच के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा इमरजेंसी व वार्ड के मरीजों की ही जांच हो पाती है। रेडियोलाजिस्ट के न रहने से करीब बारह दिन से मरीजों को लौटना पड़ रहा है। कई दिन से चक्कर लगाने के बाद अस्पताल में जांच कराने की उम्मीद छोड़ कर निजी जांच सेंटरों का सहारा ले रहे हैं। रेडियोलाजिस्ट के अवकाश से आने के बाद दो दिन न्यायालय कार्य से जाना होगा। इसकी वजह से और दो दिन मरीजों को जांच के लिए परेशान होना होगा।

मदनपुर के हरिवंश, गौरीबाजार के रमेश, सलेमपुर के महेंद्र ने बताया कि डॉक्टर के लिखने पर जांच के लिए पहुंचा तो जांच न होने की जानकारी दी गई। तीन दिन से जांच की आस में आ रहे हैं, लेकिन अभी कई दिन जांच नहीं होगी। डॉक्टर के आने पर भीड़ होगी। दूर से आने पर देर हो जाएगा। अब निजी सेंटर से जांच करानी पड़ेगी, ताकि डॉक्टर को रिपोर्ट दिखा सकूं। आने-जाने में परेशानी होती है। समय बर्बाद होता है और धन भी खर्च होता है।

## तहसील परिसर से सिपाही की बाइक चोरी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

मंगलवार को तहसील परिसर से सिपाही प्रवेश कुमार की बाइक चोरी हो गई। वह सीओ दफ्तर में विभागीय काम निपटाने आए थे। कोतवाली पुलिस छानबीन में जुट गई।

जानकारी के अनुसार, गौरीबाजार थाने में तैनात पैरोकार प्रवेश कुमार दोपहर करीब 12 बजे तहसील कार्यालय स्थित सीओ दफ्तर में विभागीय काम से आए थे। वह तहसील परिसर में बाइक खड़ी कर तहसील कार्यालय की पहली मंजिल पर सीओ कार्यालय में गए थे। काम निपटाने में उन्हें करीब एक घंटा लग गया। सीओ दफ्तर से नीचे आए तो उनकी बाइक गायब थी।कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की। पुलिस तहसील में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है।

# मेडिकल कॉलेज की संविदा नर्सें बहिष्कार पर

जन एक्सप्रेस । देवरिया



इलाज के लिए आए मरीज मनोज ने बताया, सुबह 7 बजे से लाइन में खड़ा हूं, लेकिन पर्ची न बनने के कारण डॉक्टर से दिखा नहीं पा रहा हूं। बताया कि धरने पर बैठी नर्सों का कहना है कि वे पिछले दो माह से बिना वेतन के काम कर रही हैं और कई बार वेतन भुगतान की मांग की, लेकिन हर बार प्रशासन ने सिर्फ आश्वासन दिया।

महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में बुधवार सुबह स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो गईं, जब लगभग ढाई सौ संविदा नर्सों और मल्टी-पर्पस वर्कर्स (एमपीडब्ल्यू) ने दो माह से वेतन न मिलने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर गेट पर धरना शुरू कर दिया। सुबह आठ बजे शुरू हुए इस आंदोलन ने कुछ ही देर में अस्पताल का कामकाज अस्त-व्यस्त कर दिया। धरने के साथ ही सबसे पहले पर्ची काउंटर बंद हो गया, जिससे दूर-दराज से इलाज कराने पहुंचे मरीज और उनके परिजन घंटों परेशान रहे। ओपीडी, जांच और अन्य विभागों में भी कामकाज बाधित हो गया। इलाज के लिए आए मरीज मनोज ने बताया, सुबह 7 बजे से लाइन में खड़ा हूं, लेकिन पर्ची न बनने के कारण डॉक्टर से दिखा नहीं पा रहा हूं। धरने पर बैठी नर्सों का कहना है कि वे पिछले दो माह से बिना वेतन के काम कर रही हैं और कई बार वेतन भुगतान की मांग की, लेकिन हर बार प्रशासन ने सिर्फ आश्वासन दिया। मजबूर होकर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है।

एक घंटे बीतने के बाद भी मेडिकल कॉलेज का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे नर्सों में नाराजगी और मरीजों में आक्रोश और बढ़ गया।

संविदा नर्सों और एमपीडब्ल्यू ने चेतावनी दी है कि जब तक वेतन नहीं मिलेगा, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को जल्द हस्तक्षेप कर समाधान करना होगा, अन्यथा अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

## जन सहभागिता से भव्य रूप से सभी कार्यक्रमों को आयोजित करने का डीएम ने दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



भारतीयों का महापर्व स्वतंत्रता दिवस नजदीक आ रहा है । इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए जिला प्रशासन तैयारियाँ पूरी करने में जुट चुका है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की रुपरेखा तय करते हुए सभी गतिविधियों को भव्य रूप से आयोजित किए जाने का निर्देश दिया गया।उन्होंने बताया कि **हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान** थीम पर स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति से ओतप्रीत सभी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मनाए जाने के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत के 8 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर जनपद में वृहद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर माननीय जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में जनसहभागिता से कलेक्ट्रेट से वीर विनय चौराहे तक रैली निकाली जाएगी। डीएम ने कहा कि सभी विभाग सभी गतिविधियों को भव्यरूप से आयोजित करें। उन्होंने अपील किया कि जनपद के सभी लोग राष्ट्र्ध्वज तिरंगा के साथ सेल्फी लेते हुए अपलोड कर हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त , एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## सभी पुलिस अधिकारियों को जारी किए गए नये सीयूजी नंबर

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जनपद बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बुधवार को जनहित में पुलिस विभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व जनपद के समस्त थानों तथा चौकियों को नवीन सीयूजी नंबर आवंटित किए हैं ।

जानकारी के अनुसार 06 अगस्त 2025 को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पुलिस विभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व जनपद के समस्त थानों व चौकियों को नवीन सीयूजी नंबर आवंटित किया, जिससे समस्त थानों व अधिकारियों के मध्य सूचना का आदान प्रदान सुचारू रुप से हो सके। साथ ही जनता द्वारा अपनी समस्याओं को पुलिस अधिकारियों तक घर बैठे पहुंचाया जा सके । जनता व पुलिस के मध्य दूरी समाप्त करने का पुलिस अधीक्षक द्वारा यह अभिनव प्रयास है।

# इंटर हाउस राखी प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जिला मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को इंटर हाउस राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षा पर्व से पूर्व इंटर हाउस राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राखी प्रतियोगिता के अंतर्गत कार्यक्रम इंचार्ज कंचन श्रीवास्तव की दिशा निर्देशन में सभी हाउस के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की राखियों का निर्माण कर अपनी सृजन क्षमता का प्रदर्शन किया। लैवेंडर हाउस से शिवांगी, समृद्धि, नव्या, रितिका, अमीना, सुनैना निशिता, नसरीन ने लिली हाउस से रिया प्राची, जैस्मिन, वैष्णवी, नैना, मेदांत, फिदा, अमीना नूर, शफकत, काव्या, धन्या, आस्था ने ट्यूलिप हाउस से सौम्या, आराध्या, अनुष्का, आस्था, अर्शी, वागीश, भूमिका ने तथा ऑर्किड हाउस से अनुष्का, आस्था, अंश, कैश, प्रगति, निधि, आरुषि, अनन्या व भाव्या ने प्रतिभाग किया। राखी प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्यों अनुपमा सिंह एवं रीता शाह द्वारा बच्चों की रचनात्मक एवं सृजनशीलता का मूल्यांकन करते हुए ट्यूलिप हाउस को विजेता एवं लिली हाउस को उपविजेता घोषित किया। जबकि लैवेंडर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों को विद्यालय द्वारा सेवा के सैनिकों को भेजी जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हिमांशु, हर्षित जायसवाल, अभिषेक पांडे, अंशुल पॉल, अलमास खान, आकांक्षा सिंह, दिव्या पांडे, आकांक्षा चौहान ने विशेष योगदान दिया।

# अब तो ब्रह्मोस मिसाइल भी उप्र में बनने लगी

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

मंगलवार को सूबे के मुखिया सीएम योगी अलीगढ़ में आए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जो कहा उसे करके दिखाया। पूरे विश्व ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत के शौर्य को देखा। दुश्मन कायरना हमला करता है। लेकिन भारत उसका मुंहतोड़ जवाब देता है। ऑपरेशन सिंदूर ने मेक इन इंडिया की संकल्पना को भी साकार किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए 30 हजार पुलिस की भर्ती और निकलने वाली है। अब सरकारी नौकरी किसी एक परिवार की बपौती नहीं रही। 2017 के पहले नौकरी निकलती थी। उसमें युवाओं का शोषण होता था। सीएम ने अलीगढ़ की जनता के लिए 1195 करोड़ रुपए की 188 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आवास और ग्रामीण विकास से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2018 में घोषणा की थी कि देश के अंदर डिफेंस के दो कॉरिडोर बनेंगे। एक उत्तर प्रदेश में, दूसरा तमिलनाडु में। उत्तर प्रदेश में, जो इसके 6 नोड तय हुए थे। उसमें से अलीगढ़ भी उसका एक मोड़ है।अलीगढ़ में डिफेंस कॉरिडोर ने प्रोडक्शन भी शुरू कर दिया है।अब तो ब्रह्मोस मिसाइल भी उत्तर प्रदेश में बनने लग गई है।

याद रखना ब्रह्मोस मिसाइल जैसी कोई मिसाइल आज दुनिया के पास नहीं है।ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत ही है, जिसने पाकिस्तान को पसीने-पसीने कर दिया। पाकिस्तान ही नहीं भारत के हर दुश्मन के पसीने-पसीने करने का काम अगर किसी ने किया है तो वो ब्रह्मोस मिसाइल है।सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले त्यौहारों पर प्रदेश में चीन के सामान आ जाते थे। मगर 2018 के बाद ओडीओपी को लागू किया गया। इसके बाद जनता की मांग पर प्रोडक्ट बनाना शुरू हुए, तो फिरोजाबाद की खुर्जा कॉकरी के आइटम, कन्नौज का इत्र, मेरठ का स्पोटर्स, लखनऊ की जरीदोजी, भदोही की कारपेट, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, वाराणसी की सिल्क साड़ी की मांग बढ़ने लगी है। इससे यूपी की नई पहचान बनी है।इसका उद्देश्य एक जनपद एक उत्पाद के माध्यम से भारत को मजबूत बनाना है। 2018 में शुरू की गई ये योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी है। हमारा ही पैसा अगर हमारे ही हस्तशिल्पियों के पास जाएगा तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा।

उन्होंने कहा अभी 9 अगस्त को रक्षाबंधन, 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और उसके बाद कई त्योहार आएंगे। 2 अक्टूबर को विजयादशमी है। फिर दीपावली आएगी। इस दौरान आप सभी देश में बना सामान ही खरीदें। चाहे अलीगढ़ में सांसद चुनाव रहा हो या फिर हाथरस में आपने भाजपा के पक्ष वोट किया। आपने हम पर जो भरोसा जताया, डबल इंजन की सरकार भी अलग-अलग समय पर आपके प्रति विकास के रूप में बेहतर करने के लिए संकल्पित है।15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस आने वाला है। ऑपरेशन सिंदूर में सेवा के शौर्य, पराक्रम के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर हर घर, प्रतिष्ठान में, हर व्यवसायिक और प्रशिक्षण संस्थान में 13,14, 15 अगस्त तक तिरंगा लहराएं।ऑपरेशन सिंदूर में सेवा के शौर्य, पराक्रम के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर हर घर, प्रतिष्ठान में, हर व्यवसायिक और प्रशिक्षण संस्थान में 13,14, 15 अगस्त तक तिरंगा लहराएं। ऑपरेशन सिंदूर में सेवा के शौर्य, पराक्रम के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर हर घर, प्रतिष्ठान में, हर व्यवसायिक और प्रशिक्षण संस्थान में 13,14, 15 अगस्त तक तिरंगा लहराएं।

# संभावित बाढ़ क्षेत्रों का सीएमओ ने किया निरीक्षण, वितरित कराया ओआरएस पैकेट

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खण्ड तुलसीपुर के महराजगंज तराई में पहुंच संभावित बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा ग्रामवासियों को ओआरएस पैकेट क्लोरीन वितरित किया।

उन्होंने ग्रामवासियों को संक्रामक रोगों के प्रति जागरूक किया। साफ पानी ही पिएं या पानी को उबालकर पिए, बासी भोजन न करें, केट और सड़े हुए फलों का सेवन न करें। बुखार होने पर नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराएं। मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार चौधरी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीएमओ राजेश पाण्डेय, डॉ बाल मुकुंद मौर्या व डॉ श्यामजी श्रीवास्तव सहित अन्य कई लोग तथा ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के जमालपुर में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई।हादसे के वक्त युवक सम्भल के कस्बा बबराला से वापस आ रहा था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मंगलवार की दोपहर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।थाना बन्नादेवी इलाके के सराय रहमान बड़ी मस्जिद के पास रहने वाले अख्तर अली वर्तमान में क्वार्सी क्षेत्र के रामनगर में रहते हैं। 4 बेटा और दो बेटियों में 3 नम्बर का 37 वर्षीय बेटा रिजवान उनके साथ रहता था।जबकि परिवार के अन्य सदस्य सराय रहमान में ही रहते हैं।अख्तर अली ने बताया कि सोमवार को उनका बेटा रिजवान किसी काम के चलते कस्बा बबराला गया था। सोमवार रात्रि वापस घर आ।रहा था। इसी दौरान जमालपुर रेलवे फाटक के पास ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई।रेलवे लाइन पर शव पड़ा देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।शोर शराबा सुनकर वह भी मौके पर पहुंच गए।बेटा रिजवान का शव देख उनके होश उड़ गए। सिविल लाइन पुलिस मौके पर आ गई। हादसे की खबर उन्होंने अपने अन्य बेटों को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शव मोर्चरी में रखवा दिया।अख्तर अली ने बताया कि बेटे रिजवान की शादी करीब 6 साल पहले हुई थी। लेकिन कुछ समय बाद तलाक हो गया था। वह एक कारखाने में नौकरी करता था। अख्तर अली ने बताया कि बेटे रिजवान की शादी करीब 6 साल पहले हुई थी। लेकिन कुछ समय बाद तलाक हो गया था। वह एक कारखाने में नौकरी करता था।

# मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के प्रथम वित्त समिति की बैठक मे 6858.40 लाख रुपए का प्रावधान

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में नव सृजित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के प्रथम वित्त समिति की बैठक बुधवार को अस्थाई विश्वविद्यालय भवन में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025 26 के लिए 6858.40 लख रुपए का प्रस्ताव पास किया गया ।

जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रविशंकर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई वित्त समिति की बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय में 6858.40 लाख रुपए बजट का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ। वित्तीय वर्ष 2025- 26 में विश्वविद्यालय की कुल आय 6858.4 0 लाख रुपए के सापेक्ष कुल व्यय 6744.00 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025- 26 में विश्वविद्यालय निर्माण के लिए 5931 लाख रुपए बजट प्रस्तावित है जिसे इसी वित्तीय वर्ष में कार्यदाई संस्था को हस्तांतरित किए जाने का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2025- 26 में विश्वविद्यालय के वेतन मद में कुल 250 लाख रुपए व्यय का प्रावधान किया गया है जिसमें से शिक्षणेत्तर अधिकारी संवर्ग के वेतन पर 50 लाख रुपए, शिक्षणेत्तर गैर अधिकारी वर्ग के वेतन पर 85 लाख रुपए, वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से नियुक्त कार्मिकों पर 50 लाख रुपए और शिक्षक वर्ग पर 30 लाख रुपए व्यय का प्रावधान किया गया है। शासन से गैर वेतन अनुदान के रूप में प्राप्त 100 लाख रुपए के सापेक्ष गैर वेतन मद में 105 लाख रुपए व्यय का प्रावधान किया गया है इनमें से 05 लाख रुपए विश्वविद्यालय के आय स्त्रोतों से किया जाएगा। विश्वविद्यालय की आय से विश्वविद्यालय के संचालन के लिए गैर व्यय वेतन मद में 147 लाख रुपए व्यय का प्रावधान किया गया है। गैर वेतन मद में ही 16 लाख रुपए का प्रावधान है। वित्त समिति ने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के आयोजन एवं मूल्यांकन हेतु 199 लाख रुपए व्यय को मंजूरी दी है। विश्वविद्यालय की आय से परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने, अंक पत्र एवं उपाधि आदि के मुद्रण तथा वेबसाइट एवं इसके संचालन हेतु कुल 30 लाख रुपए बजट का प्रावधान किया गया है।



विश्वविद्यालय की आय से ही विश्वविद्यालय के विकास योजनाओं एवं पूंजीगत कार्य हेतु कुल 36 लाख रुपए व्यय का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2025- 26 में विश्वविद्यालय की आय से विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के गोपनीय मुद्रण, जिसमें प्रश्न पत्र भी शामिल हैं, के लिए कुल 30 लाख रुपए बजट का प्रावधान किया गया है। वित्त समिति की बैठक में वर्ष 2025- 26 में विश्वविद्यालय की अनुमानित आय पर भी चर्चा की गई। जिसमें उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त 100 लाख रुपए शामिल है। इसी प्रकार वेतन मद, गैर वेतन मद एवं विश्वविद्यालय के निर्माण हेतु कुल 6241 लाख रुपए का अनुदान उच्च शिक्षा विभाग से विश्वविद्यालय को प्राप्त होना है।

विश्वविद्यालय परिसर से कुल 49.40 लाख की धनराशि प्राप्त होने का अनुमान है जिसमें परीक्षाओं से 4.40 लाख, प्रवेश परीक्षा से 10 लाख तथा संबद्धता शुल्क से 35 लाख रुपए की धनराशि शामिल है। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय से परीक्षा, खेल, रोवर्स - रेंजर्स एवं पंजीकरण मदों से 567 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त होने का अनुमान है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में विश्वविद्यालय की कुल आय 6858.40 लाख रुपए अनुमानित है। विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम किस्त के रूप में 3347 लाख की धनराशि तथा द्वितीय किस्त के रूप में 5000 लाख की धनराशि उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त हुई थी, जिसे कार्यदाई संस्था को हस्तांतरित कर दिया गया था। इस धनराशि के व्यय हेतु वित्त समिति में कार्योत्तर अनुमोदन भी पारित किया गया। वित्त समिति की बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के शुल्क निर्धारण के लिए गठित की गई समिति पर भी चर्चा की गई। शुल्क निर्धारण समिति के द्वारा पाठ्यक्रमों के शुल्क निर्धारण के प्रस्ताव को वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। वित्त समिति की बैठक में विश्वविद्यालय निधि से एक मिनी बस क्रय किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके साथ ही अध्यक्ष की अनुमति से 20 हजार रुपए के व्यय का भुगतान सहायक कुल सचिव व लेखाकार के माध्यम से किए जाने को समिति ने संस्तुति प्रदान की। वित्त समिति के बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने की। बैठक का संचालन समिति के सचिव वित्त अधिकारी श्याम लाल जायसवाल ने किया। बैठक में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ अश्वनी मिश्रा, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन योगेंद्र प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय के कुल सचिव परमानंद सिंह और कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश सिंह शामिल हुए। डॉक्टर अश्वनी मिश्रा और योगेंद्र प्रताप सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से वित्त समिति की बैठक में शामिल हुए।

# नगर पालिका में निर्माणधीन ओवर हेड टैंक का डीएम ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



बुधवार को जिले के डीएम पवन अग्रवाल ने जल निगम (शहरी) नगर पालिका बलरामपुर में निर्माणधीन ओवर हेड टैंक एवं पंप हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम के साथ टेक्निकल टीम मौजूद रही, मास्टर हाउस का कार्य मानकरूप ना पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की एवं सहायक अभियंता को फटकार लगाई, उन्होंने तत्काल सभी कमियों को दूर किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को परखा एवं थर्ड पार्टी जांच रिपोर्ट को देखा। समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड , अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आजाद समाज पार्टी कांशीराम युवा मोर्चा आगरा का सदस्यता अभियान शुरू

## जनपद आगरा में 5 अगस्त से 20 अगस्त 2025 तक चलाया जाएगा अभियान, पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा

जन एक्सप्रेस । आगरा




जिला पंचायत चुनाव का बिगुल बज गया है सभी पार्टी अपना अपना दमखम दिखा रही हैं उसी क्रम में आजाद समाज पार्टी कांशीराम युवा मोर्चा आगरा के पदाधिकारियों ने पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू किया जिसमें मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी युवा मोर्चा सौरभ कुमार चित्तौड़ रहे। सदस्यता अभियान की शुरुआत धनौली एवं नरीपुरा क्षेत्र से हुई एवं सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सौरभ चित्तौड़ ने कहा युवा मोर्चा के पदाधिकारी गली-गली गांव-गांव जाकर एवं कैंप लगाकर पार्टी की विचाराधारा एवं भाई चंद्रशेखर आजाद जी समाज के लिए आवाज उठा रहे है यही कार्य जनता तक पहुंचाएंगे। पार्टी जिला पंचायत चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी और नतीजे चौंकाने वाले होंगे।

अभियान में महानगर अध्यक्ष अरमान उस्मानी, महानगर प्रभारी अनीश उस्मानी, जिला प्रभारी मनीष सोनी, महानगर प्रभारी ब्रजकिशोर एवं रवि सागर, आरिफ उस्मानी, अवदेश, जितेंद्र, रोहित केम, चाहत राणा, सफीक उस्मानी, आविद उस्मानी, शाहिद लोग उपस्थित रहे।

# मोबाइल के लिए रिश्तो का कत्ल!

# दादा का हत्यारा निकला खुद का पोता

जन एक्सप्रेस। बस्ती



बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां पोते ने महज मोबाइल के लिए अपने फौजी बाबा की हत्या कर दी।

आपको बता दे की पोता अपने बाबा से कई दिनों से मोबाइल की मांग कर रहा था। लेकिन दादा ने मोबाइल देने से इनकार किया तो इससे पोता नाराज होकर लोहे की रॉड और ईट से कूच-कूच कर मार डाला।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रेहरवा गांव ने अपने ही बाबा के हत्या में 4 वर्षीय नाबालिग पोता और उस का एक दोस्त शामिल था। रिटायर्ड फौजी रमापति पाण्डेय हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है हत्या में मृतक का नाबालिग पोता और उस का एक दोस्त शामिल था मोबाइल फोन न दिलाने पर दोनों ने मिल कर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। पोते ने जब दादा से मोबाइल खरीदने के लिए पैसों की डिमांड को तो दोनों में झगड़ा शुरू हो गया और इसी दौरान पोते ने लोहे के रॉड से और उस के दोस्त ने ईंट से मार कर मौत के घाट उतार दिया। रिटायर्ड फौजी रमापति पाण्डेय किराए के मकान में अपने पोते के साथ किराए के मकान में रहते थे। पैसों को लेकर अक्सर पोता मारपीट करता था घटना के दिन पोते ने मोबाइल फोन खरीदने के लिए पैसों की मांग की। इस पर दादा ने पैसा देने से इनकार कर दिया। पैसों को लेकर दादा और पोते में झगड़ा शुरू हो गया। दादा ने गुस्से ने पीते को गाली दे दी, जिस पर पोता आपा खो बैठा और पास में रखे लोहे के रॉड से हमला कर दिया।

एएसपी ओपी सिंह ने बताया कि बीते 4 अगस्त को रिटायर्ड फौजी के हत्या की सूचना मिली। पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना की तफ्तीश में जुट गई जांच के दौरान हत्याकांड का खुलासा हुआ। यह हत्या नाबालिग पोते ने एक मोबाइल फोन के लिए अंजाम दिया था। इस घटना में उस के एक साथी अजहरुद्दीन ने साथ दिया। दोनों ने मिल कर रिटायर्ड फौजी को मौत के घाट उतार दिया, दोनों आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह, वरि0उ0नि0 एखलाक अहमद, प्रभारी चौकी हडिया उ0नि0 संजय कुमार, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्र थाना पुरानी बस्ती, प्रभारी स्वाट उ0नि0 संतोष कुमार प्रभारी उ0नि0 चन्द्रकांत पाण्डेय, प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 शशिकान्त, का0 अनिल यादव, का0 अनिल कुमार, का0 रामभगत यादव, का0 कृष्ण मोहन यादव, का0 बलवंत यादव थाना पुरानी बस्ती, जनपद बस्ती शामिल रहे।

## शिक्षकों के संकल्प, प्रयास से बदल जाएगी शिक्षा की तस्वीर : संजय शुक्ल

- नवाचारी विधियों, आईसीटी के प्रयोग, समावेशी शिक्षण की दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस। बस्ती



बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में चल रहे पांच दिवसीय एकीकृत प्रशिक्षण के चौथे दिन का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि शिक्षकों के संकल्प और प्रयास से ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाया जा सकता है। शिक्षकों की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करना ही नहीं है, बल्कि छात्रों को प्रेरित करना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। कहा कि यह निश्चित है कि यदि शिक्षक ठान लें तो शिक्षा की तस्वीर बदल जाएगी। कहा कि जब शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं, तो वे छात्रों के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण बनाते हैं। वे छात्रों को रचनात्मकता सोच और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने में मदद करते हैं। प्रवक्ता अलाउद्दीन ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि गणित का ज्ञान आदिकाल से रहा है। यजुर्वेद में गणितीय संख्याओं का स्पष्ट उल्लेख है। राम चरित्र मानस में भी पदम् तक की संख्या का उल्लेख है।बच्चों को गणित की शिक्षा इस प्रकार दी जानी चाहिए कि वह अपने ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग कर सके। डा. गोविन्द प्रसाद ने नवाचारी शिक्षण विधियां तथा शिक्षण में आईसीटी का प्रयोग डॉ ऋचा शुक्ला ने समावेशी शिक्षण डॉ रविनाथ त्रिपाठी ने कक्षा-कक्ष, विद्यालय प्रबंधन, अनुभवात्मक शिक्षण एवं पुस्तकालय प्रयोग कल्याण पाण्डेय ने सुरक्षा - संरक्षा आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर वर्षा पटेल, कुलदीप चौधरी, राममूर्ति, अजीत सिंह, भागीरथी, राजरतन, अखिलेश, उमेश चंद्र, मो. सलाम, गुलाम अशरफ, रवीन्द्र साहू, श्रेया पाण्डेय, संजय कुमार, तिलकराम, उपेंद्र तिवारी, अरुण द्विवेदी, राघवेंद्र, आशीष सिंह, मस्तराम, प्रवीण, मेराज, विकास पाण्डेय, सूर्यकांत, विपिन शुक्ल, अवनीश, सूर्यप्रकाश, अशोक वर्मा, शाहिदा खातून, अनुराधा, रामबोध उपाध्याय, राकेश सिंह, वंश गोपाल तिवारी, राजन सिंह, चंद्रमणि, प्रमोद ओझा, मनीष पाण्डेय, गोपाल दूबे, हरी जी, लवकुश त्रिपाठी, बृजेन्द्र पाण्डेय, उमाशंकर बौद्ध ,यशवन्त सिंह, भीमशंकर, सुधीर तिवारी, मंगला मौर्य, पवन वर्मा, प्रेमचंद, विजय, विश्वजीत, जितेंद्र, शशिकांत, अफजाल अहमद, राम भवन, अजीत सिंह, आशीष सिंह, धर्मेंद्र, शिव त्रिपाठी, साकेत मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान ने पौध रोपण का बनाया मिसाल

- सिरकोनी के भगरी में लगवाया 1501 पौधा, पौधारोपण में युवाओं की टोली बनाकर किया त्साहित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जफराबाद सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के भगरी गांव के ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने अपने ग्राम पंचायत में 501 फलदार पेड़ लगवा कर जहाँ एक नजीर पेश किया। वहीं अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए गांव के युवाओं की टोली बनाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। ग्राम प्रधान का कहना है कि इससे जहां पर्यावरण संतुलन बेहतर होगा। वहीं हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए यह फलदार पौधे बेहतर साबित होंगे। उनके इस कार्य की लोगों ने सराहना किया। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र की पहल पर ब्लॉक मुख्यालय से भगरी गांव के लिए एक हजार पौधा लगवाने के लिये आया था। जिसमें शीशम, जामुन, अमरूद व सागौन, बेल, नीम आदि के पेड़ थे। ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने ऊक्त एक हजार पेड़ को ग्रामीणों को देकर उसे लगाने के लिए उनकी टोली बनाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होंने अपने पास से पौधशाला से 501 फलदार पेड़ अलग से मंगवाया। जिसमें आम, लीची, कटहल,चीकू और नींबू का पेड़ थे। इन सभी को गांव के सार्वजनिक जमीन पर लगवाया गया है। ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने कहा कि इतने संख्या में पेड़ लगवाने से गांव में फलदार पौधा हो जाएंगे। जिससे आने वाले समय में लोगो को फायदा मिलेगा।फलदार पेड़ लगाने से समाज की हमारी आने वाली पीढ़ी खासकर युवा वर्ग जागरूक होंगे। चीकू और लीची के पेड़ से व्यवसाय होगा। पौधरोपण के दौरान गांव के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को तत्काल बहाल करे सरकार : विनय वर्मा



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एक जुट द्वारा प्रस्तावित धरना विनय कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व संपन्न हुआ। पच्चीस सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया गया। ज्ञापन एसोसिएट विवेक सिंह ने प्राप्त किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष विनय वर्मा ने शिक्षकों को संबोधित हुए करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा समाप्त की गई सेवा सुरक्षा को तत्काल बहाल करे। शिक्षकों के तमाम परिलब्धियों को सरकार धीरे-धीरे समाप्त कर रही हैं जिसे तुरंत बहाल किया जाना चाहिए। शिक्षकों के लिए मेडिकल व्यवस्था फ्री की जाय। जो कि केंद्रीय कर्मचारियों के समान लागू किया जाना चाहिए।अगर सरकार हमारे 25 सूत्री मांग पत्र नहीं मानती है तो उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर ओम प्रकाश यादव, आनंद स्वरूप यादव, रामेश्वर गोस्वामी, शरद कुमार, पर्चेता, रविकांत, सूरज प्रकाश, विक्रमाजीत यादव, रवि प्रकाश यादव, राय साहब पटेल, विपिन कुमार, ओमकार यादव, सूरज कुमार यादव, जय हिंद यादव, गुलाब यादव आदि उपस्थित रहे।

### कच्चा मिट्टी की दिवाल गिरने से 65वर्षीय महिला की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सकरा दलित बस्ती में मंगलवार की रात आठ बजे खाना बनाते समय मिट्टी की कच्ची दिवाल गिरने 65वर्षीय महिला की दब कर मौत हो गयी। सकरा गांव निवासी नगडू राम की पत्नी कलौता 65वर्ष मंगलवार की रात करीब आठ बजे खाना बना रही थी बरसात हो रहा था अचानक भरभरा कर कच्ची मिट्टी की दिवाल गिर गयी जिससे वह उसमें दब गयी परिजन द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंच कर बड़ी मस्कत के बाद मिट्टी खोद कर हटाया

## साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए हो रहा है मुकम्मल इंतजाम : एसपी

- मीडिया की कलम से निकलने वाली चेतावनी, किसी सरकारी पोस्टर से कई गुना असरकारी होती है

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ कौशतुभ की पहल पर मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में जनपद के पत्रकारों के साथ एक संवादात्मक बैठक का आयोजन किया गया। यह संवाद न सिर्फ सौहार्दपूर्ण रहा, बल्कि पुलिस और मीडिया के बीच भरोसे और सहभागिता की नई नींव भी डाल गया। बैठक की शुरुआत करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर अपराध अब चुनौती बन गया है, इससे निपटने के लिए नए साइबर थाने का निर्माण पुलिस लाइन कैंपस में किया जा रहा है। इसमें दो सेल बनाया जाएगा,जिसमें पीड़ितों की एफआईआर दर्ज करके उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। एसपी ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, और उन्होंने व्यापारियों से भी अनुरोध किया कि वे लोग दुकानों के बाहर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए। बैठक के दौरान कानून-व्यवस्था को लेकर गहन चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण के लिए मीडिया से समयबद्ध सूचना आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे जमीनी स्तर की समस्याएं, संदिग्ध गतिविधियां या सामाजिक विकृतियों को बेझिझक सामने लाएं ताकि प्रशासन त्वरित कार्रवाई कर सके। आपकी एक खबर कई लोगों को सुरक्षित कर सकती है, एक तस्वीर एक बड़ी साजिश को उजागर कर सकती है। उन्होंने कहा। बैठक में आधुनिक समय की सबसे बड़ी चुनौतियों जैसे साइबर अपराध, नशे की प्रवृत्ति, युवाओं में अपराध प्रवृत्ति और महिलाओं की सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस विभाग इन मुद्दों पर जन-जागरूकता अभियान चलाता है, लेकिन यदि मीडिया का सहयोग मिले तो इन अभियानों की पहुंच घर-घर तक हो सकती है। मीडिया की कलम से निकलने वाली चेतावनी, किसी सरकारी पोस्टर से कई गुना असरकारी होती है।

बैठक में ट्रैफिक जागरूकता को लेकर भी चिंता जताई गई। एसपी ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी, खासकर युवाओं में बढ़ती लापरवाही, एक गंभीर चिंता का विषय है। इस पर मीडिया जनजागरूकता के माध्यम से समाज में जिम्मेदारी का भाव जगा सकती है। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि संवाद की यह संस्कृति भरोसे, पारदर्शिता और सहयोग का वातावरण बनाएगी। उन्होंने भी कई जमीनी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया और सुझाव दिए कि थाना स्तर पर भी संवाद बैठकों का आयोजन होना चाहिए। बैठक के समापन पर पुलिस अधीक्षक ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपका सुझाव, आपकी जानकारी और आपकी आलोचना – तीनों ही हमें बेहतर बनाती हैं। हम विश्वास दिलाते हैं कि समाज की बेहतरी के लिए मीडिया और पुलिस साथ-साथ कार्य करते रहेंगे।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष ने राज्यमंत्री से की मुलाकात



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खेतासराय जिला उद्योग व्यापार मंडल खेतासराय के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा के नेतृत्व में बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल राज्यमंत्री खेल व युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव से लखनऊ सचिवालय में मुलाकात की। इस दौरान नगर पंचायत खेतासराय के विकास को और तेज करने व व्यापारियों की सुरक्षा व उनके रोजगार कारोबार में आ रही तमाम अड़चनों के बारे में विस्तार से चर्चा की। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा ने राज्यमंत्री श्री यादव को बताया कि छोटे दुकानदारों को कभी सैंपल के नाम पर, कभी दुकानों की जांच के नाम पर विभाग के कुछ अधिकारी उत्पीड़न करते हैं। इधर पिछले कई सप्ताह से नगर में विद्युत कटौती अधिक बढ़ गई है। इससे रोजगार कारोबार प्रभावित होने लगा है। इस मौके पर मौजूद भाजपा नेता सुरेंद्र पांडेय ने नगर पंचायत के विभिन्न स्थानों पर इंटरलॉकिंग सड़क, बिजली खम्भे और जल निकासी की व्यवस्था कराये जाने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने प्रतिदिन मंडल को भरोसा दिया कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी जौनपुर व डूडा अधिकारी को पत्र लिख कर तत्काल कार्य कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान संजय विश्वकर्मा, अनिल प्रजापति मौजूद रहे।

## मृतक मां बेटे को जल्द मिलेगा प्रधानमंत्री आवास और पट्टे की भूमि

### हाईटेंशन तार गिरने से मां बेटे की हो गई थी मौत

- एसडीएम सदर के साथ राजस्व टीम ने सरैयां गांव में बंजर खाते की जमीन का किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जफराबाद स्थानीय थाना अंतर्गत उत्तरगावा गांव में बीते 26 जुलाई को सरैयां गांव में धान की रोपाई करते समय 11 हजार का हाई टेंशन तार गिरने से मृत मां और बेटे के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री आवास बनवाने के लिए जमीन तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएम डॉ दिनेश चंद्र के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम सदर शंतवीर सिंह राजस्व टीम के साथ सरैया गांव में पहुंच कर बनवासी समाज की वृद्ध बासमती देवी (60) एवं उसकी बेटे लोदी बनवासी (33) के परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास बनने के लिए जमीन तलाशने के लिए गांव में ग्राम समाज की बंजर खाते की जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम सदर शंतवीर सिंह ने लेखपाल हरिकेश और ग्राम प्रधान से जानकारी लेते हुए उक्त ग्राम समाज के बंजर खाते जमीनों की लगभग आधे घंटे तक जांच पड़ताल की।

एसडीएम सदर शंतवीर सिंह ने पूछे जाने पर बताया कि मृतकों के परिजनों के सरकारी आवास बनाने के लिए ग्राम समाज के बंजरखाते की जमीनों की स्थिति देखी गई है। जल्द ही इन्ही बंजर खाते की जमीन को फाइनल कर आवासीय पट्टा करते हुए झोपड़ी डालकर रह रहे मृतकों के परिवार के लोगो के रहने के लिए जमीन आवंटित कर दी जाएगी। जिससे उनका प्रधानमंत्री आवास बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू हो जाएगी।

सनद रहे कि उत्तरगावा गांव में बीते 26 जुलाई को सरैयां गांव निवासी पंकज राय के उत्तरगावा गांव स्थित खेत में धान की रोपाई करते समय हाई टेंशन करंट की चपेट में आने से मां बेटे की मौत हो गई थी।

इस दौरान पहुंचे डीएम ने मृतक परिवार को प्रधानमंत्री आवास व हर संभव आर्थिक मदद का भरोसा दिया था।

## मनरेगा में भ्रष्टाचार के जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों का आमरण अनशन




जन एक्सप्रेस। बस्ती

बहादुरपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पोखरनी निवासी सुरेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय नागेन्द्रलाल ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के निकट धरना देकर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत हुये कार्यों के जांच की मांग किया। शपथ पत्र के साथ की गई शिकायत के बावजूद जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई न होने के कारण जिलाधिकारी कार्यालय के निकट 6 अगस्त बुधवार से आमरण अनशन शुरू किया गया।

मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के साथ ही अन्य सम्बंधित अधिकारियों को भेजे पत्र में सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि ग्राम पंचायत में दो तालाबों पर जे.सी.बी. मशीन से मनरेगा के तहत कार्य कराकर ग्राम प्रधान और विकास खण्ड के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा धन का बंदरबांट किया जा रहा है। यही नहीं तालाब की मिट्टी खुदवाकर बेंच लिया गया। यही नहीं मनरेगा मजदूरों के चयन में भी बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। विकलांग, चलने फिरने में असमर्थ लोग मनरेगा मजदूर बना दिये गये हैं। विकलांग इरशाद पुत्र खलीलुद्दीन जो कार्य करने में सक्षम नहीं है उसका भी मस्टररोल जारी किया गया है। जांच हो तो अनेक मामले सामने आ जायेंगे।

इसकी शिकायत जिलाधिकारी से किया गया किन्तु कोई कार्रवाई न होने के कारण जिलाधिकारी कार्यालय के निकट 6 अगस्त से आमरण अनशन शुरू कर दिया गया।

बताया कि जब तक भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कराकर कार्रवाई नहीं हो जाती आमरण अनशन जारी रहेगा।

## जौनपुर थाना जलालपुर पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पुलिस अधीक्षक डॉ कुस्तुभ निर्देश पर थाना जलालपुर थाना अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र राजेपुर बाजार में मौजूद थी कि दो व्यक्ति हरिपुर के तरफ से भगरी की तरफ अपने सफेद रंग की अपाचे बाईक से आ रहे थे, जिन्हे इशारा करके रुकने के लिए कहा गया तो दोनो व्यक्ति भागने लगे। जिन्हे सई नदी पुलिया से कुछ आगे उदपुर की तरफ हिकमत अमली से पकड़ लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम पता साहिल कुमार उर्फ बाला पुत्र शंकर खरवार निवासी भगरी थाना जलालपुर बताया जामा तलाशी से 1500/- रुपया बरामद हुआ तथा दूसरे व्यक्ति ने अमित यादव उर्फ गोलू पुत्र पीयूष कुमार यादव निवासी भगरी थाना जलालपुर बताया जिसके पास से 2000/- रुपया तथा एक मोटर साइकिल अपाचे क्क62 ष्ट्ड्ड 5068 बरामद हुआ। उपरोक्त अभियुक्त थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 239/2025 धारा 304 (2) बीएनएस से सम्बन्धित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1.साहिल कुमार उर्फ बाला पुत्र शंकर खरवार निवासी भगरी थाना जलालपुर जनपद जौनपुर। 2.अमित यादव उर्फ गोलू पुत्र पीयूष कुमार।

## बाढ़ के पानी और गड्ढे में डूबने से किसान सहित दो की मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



मिर्जापुर के कछवां के बजहां गांव में बुधवार की दोपहर बाढ़ के पानी में भैंस हांकने के दौरान डूबने से राजेंद्र यादव (57) की मौत हो गई। वहीं, चुनार के बलुआ बजाहुर गांव में ससुराल आए जौगढ़ निवासी तौलन (30) की मंगलवार की देर शाम शौच के बाद गड्ढे में हाथ धोते समय फिसलने से डूबकर मौत हो गई।

कछवां के बजहां गांव के पूर्व प्रधान जग्गू यादव के बड़े भाई राजेंद्र यादव घर के सामने बाढ़ में भैंस को हांकने के दौरान पैर फिसलने से पानी में डूब गए। पानी में डूबता देख आस-पास लोगों ने शोर मचाया।

गांव के छब्बन यादव हवा भरी ट्यूब लेकर पानी में कूद पड़े। उनके साथ और लोग भी राजेंद्र यादव की खोजबीन खोजते रहे। काफी मशक्कत के बाद उनको पानी से बाहर निकारा गया। इसके बाद कछवां स्थित क्रिश्चियन अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### परिजनों में मचा कोहराम

सीओ सदर अमर बहादुर ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। वहीं, चुनार के जौगढ़ निवासी तौलन (30) पत्नी की विदाई कराने के लिए ससुराल बलुआ बजाहुर गांव आए थे। मंगलवार की देर रात आठ बजे वह शौच के लिए खेत की तरफ गए थे। शौच के बाद वह गड्ढे के पानी में हाथ धो रहे थे तभी उनका पैर फिसल गया। वह पानी भरे गहरे गड्ढे में गिर गए। डूबने से उनकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान दुखरन सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। चुनार थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्या ने बताया कि पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई।

### रेलवे लाइन के पास मिला युवक का शव कार एजेंसी संचालक पर हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। कटरा कोतवाली क्षेत्र के संगमोहाल रेलवे लाइन पर सोमवार की देर रात आठ बजे भटेवरा जिउती निवासी दुर्गेश नंदन दूबे (20) का शव मिला। जीआरपी ने शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोगों ने कार एजेंसी संचालक पर हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर फेंकने का आरोप लगाया है। वहीं, जीआरपी ट्रेन से कटकर मौत होने की बात कह रही है। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई गई है। दुर्गेश नंदन बिनानी महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह भरुहना स्थित एक कार की एजेंसी के वर्कशॉप में काम करता था। बड़े पिता गुलाब चंद दूबे ने बताया कि दुर्गेश सोमवार की सुबह 10 बजे घर से निकला था। देर रात आठ बजे जीआरपी ने शव मिलने की सूचना दी। युवक का मोबाइल उसके पास नहीं है। युवक के मोबाइल से शाम चार से सात बजे तक कार एजेंसी के जीएम को मेसेज किया गया है। मेसेज में युवक ने जीएम और वर्कशॉप के दो कर्मचारियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जीएम से बात करते समय युवक ने लिखा है कि आप लोगों ने उसे दुख पहुंचाया है। उसके साथ दुर्व्यवहार किया है। वह उनको माफ नहीं करेगा। जीएम ने सभी मेसेज के स्क्रीन शॉट युवक के मौसा को भेजा है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। उसका मोबाइल नहीं मिला है। घटना के पहले का मेसेज है। जीआरपी प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रात को ट्रेन संख्या 03697 से युवक के कटने की सूचना मिली। घटनास्थल पर युवक के पास मिले आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचित किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए डीएम ने तिरंगा बाइक/स्कूटी रैली को किया रवाना

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर से विशेष तिरंगा बाइक/स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर गोल कुआं, लाखन तिराहा, मकरंद नगर होते हुए पीएसएम कॉलेज परिसर में समापन हुई।

रैली को रवाना करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। इस प्रकार की रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय पर्व को उत्साहपूर्वक मनाना और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व के साथ अपने घरों पर तिरंगा फहराना चाहिए तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़कर राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।

इस रैली का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन के मन में राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' के प्रति गर्व, सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना है।

रैली का विशेष आकर्षण शिक्षिका श्रीमती स्नेहलता द्विवेदी द्वारा बनाए गए तिरंगा सेल्फी प्वाइंट के रूप में रहा, जहां जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान को प्रोत्साहन प्रदान किया।

शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की बाइक व स्कूटी को राष्ट्रीय ध्वज और तिरंगा गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर दिखाई दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0 रा0) आशीष कुमार सिंह, जिला बेसिक अधिकारी संदीप कुमार सहित भारी संख्या शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## नहर के पुल का हिस्सा टूटकर बहा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** अमरेथा ग्राम सभा से गुजरी नहर पर बने पुल के बीच का हिस्सा अचानक टूट कर बह गया। जिससे ग्रामीणों को नहर पार करके दूसरी तरफ जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नवाबगंज विकासखंड की ग्राम सभा अमरेथा से निकली नहर पर ग्रामीणों को दूसरी तरफ जाने के लिए एक पुल है। जो की काफी पुराना और जर्जर हालत में है। अमरेथा गांव के सामने बने पुल से ग्रामीणों को नहर पार करके दूसरी तरफ जाने में काफी आसानी रहती है। लेकिन मंगलवार शाम अचानक उस पुल के बीच का हिस्सा टूटकर बह गया। जिससे अब ग्रामीणों को नहर पार करके दूसरी तरफ जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण इस पुल का इस्तेमाल राजमार्ग पर जाने के लिए भी करते थे। अब पुल टूटने की वजह से उन्हें हाइवे पर जाने के लिए करीब 2 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा। नहर विभाग के के धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है।

# भाजपा जनपद में चलाएगी 'हर घर तिरंगा अभियान' : प्रकाश पाल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। यह अभियान 10 से 15 अगस्त तक चलेगा। पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से हर घर में तिरंगा झंडा पहुंचाया जाएगा। इसे स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने-अपने घर पर लगाने की अपील की जाएगी। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने यह बात बुधवार को भाजपा कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रदेश में 10 अगस्त से शुरू होगा। जनपद में प्रत्येक बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता अपने घर के साथ अन्य घरों में तिरंगा झंडा वितरित करेगा। 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी। इसके लिए भाजपा के जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को भाजपा जनपद में विभाजन विभिषिका दिवस मनाएगी। उन्होंने कहा कि 1947 में भारत के विभाजन को भाजपा काले दिवस के रूप में मनाती रही है। पार्टी का मानना है कि विभाजन अनैतिक और असांविधानिक हुआ है। ऐसे में 14 अगस्त को प्रत्येक बूथ पर मौन जुलुस, मशाल जुलूस और मोमबत्ती जलाकर रोष व्यक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए भाजपा तैयार है।

### क्षेत्रीय अध्यक्ष का अखिलेश यादव पर तंज

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मस्जिद गए सपा मुखिया ने वहां कलमा भी पढ़ा होगा। उन्होंने मौलाना साजिद रशीदी द्वारा मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव पर दिए गए विवादित बयान के बाद सपा सुप्रीमो की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। कहा कि वोट बैंक के लिए अखिलेश यादव इतने गिर गए हैं कि उनके मुंह से मौलाना के खिलाफ एक शब्द भी नहीं निकला। यही टिप्पणी यदि किसी हिन्दू साधु-संत ने कर दी होती तो पूरी समाजवादी पार्टी मीनार पर चढ़ गई होती।

### सपा मुखिया की राजनीति पर उठाए सवाल

भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव की आलोचना करते हुए उनकी राजनीति पर सवाल उठाए। कहा कि अखिलेश यादव वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव भारतीय नारी के परिवेश में थीं और हिन्दू, सिक्ख, जैन समेत कई धर्मों और संप्रदायों में यह पहनावा पहना जाता है, तो क्या इस्लाम को मानने वाले इसे नग्नता की नजर से देखते हैं। कई मुस्लिम महिलाएं हैं, जो बुर्का नहीं पहनती, क्या उन्हें भी वह लोग नग्नता की नजरों से देखते हैं। इस पर बहस होनी चाहिए। इस दौरान प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छ वातावरण और आधुनिक संसाधन हों सुनिश्चित : शशांक त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को जहांगीराबाद स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और राजकीय पॉलिटेक्निक का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था, परिसर की अवस्थापना, प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा छात्रों को उपलब्ध सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण की शुरुआत जिलाधिकारी ने राजकीय आईटीआई परिसर से की, जहां उन्होंने विभिन्न ट्रेडों की प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं का भ्रमण करते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद की कुल 05 आईटीआई संस्थानों में से बनीकोडर एवं सिरौली गौसपुर आईटीआई का संचालन जहांगीराबाद परिसर में किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी संस्थानों का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो और छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने टाटा समूह के सहयोग



से आईटीआई परिसर में स्थापित टाटा कौशलम केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहां विभिन्न ट्रेडों हेतु लगाई गई आधुनिक मशीनों का परीक्षण किया और उनकी क्रियाविधि की तकनीकी जानकारी विस्तार से प्राप्त की। इस केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने उनके अनुभव, प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा भविष्य की योजना के विषय में जानकारी ली। छात्रों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान रेजिन व साफ्टवेयर की सहायता से बनाई गई मूर्तियों और लेजर तकनीक से जिलाधिकारी का स्केच तैयार कर उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। इस रचनात्मक प्रस्तुति की जिलाधिकारी ने सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा तभी सार्थक है जब वह छात्रों में नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमशीलता को विकसित करे। उसके बाद जिलाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान का निरीक्षण किया। परिसर में साफ-सफाई की स्थिति एवं सीसीटीवी और वाई-फाई के तारों की बेतरतीबी पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि परिसर की सभी व्यवस्थाओं को छात्रहित में तत्काल सुचारू रूप से व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि विद्युत तारों और अन्य नेटवर्क केबलों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा की स्थिति न उत्पन्न हो। परिसर में प्रकाश व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित करते हुए के यहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित संस्थानों के प्रधानाचार्य, प्रशिक्षकगण तथा अन्य अधिकारी व छात्र उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार : सतीश शर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सिरौलीगौसपुर। प्रदेष के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कोठरी गौरिया, भवरीकोल, बबूरिहा, इटहुआ, करौनी, सनावा बाढ़ रहात केंद्र आदि गांवों का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कैंप में उन लोगों को चिन्हित किया जाए जो सरकारी योजनाओं से वंचित हैं और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। बाढ़ की स्थिति पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अलीनगर रानीमऊ तटबंध पहले कच्चा था, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। अब इस बांध पर डामरीकरण हो गया है। और स्पर भी बनाए गए हैं, जिससे खेती योग्य जमीनों को बचाया जा सके। राज्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में जलस्तर बढ़ा हुआ है, लेकिन अभी कोई गंभीर समस्या नहीं है। प्रशासन को बाढ़ क्षेत्र में विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहा है और पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बाढ़ आने से पहले जमीन कटाव को रोकने के लिए बाढ़ खंड द्वारा आवश्यक कार्य करवाए गए हैं। सरकार गरीबों और पीड़ितों के साथ है और लगातार राहत कार्य कर रही है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट बीडीओ सिरौलीगौसपुर संजीव गुप्ता, एडीओ पंचायत शम्भूनाथ पाठक और स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग विकास विभाग विकास विभाग के अधिकारी के अलावा प्रदीप द्विवेदी, पुरेडलाई ब्लाक प्रमुख रत्नेश सिंह, कपिल वर्मा, लवलेश पंडित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्राधिकार ने कोतवाली गंगा घाट का औचक निरीक्षण किया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवागन्तुक क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव द्वारा थाना गंगाघाट का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्पडेस्क, थाना परिसर का निरीक्षण किया गया एवं अभिलेखों की प्रविष्टियों को चेक कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। तत्पश्चात थाना गंगाघाट क्षेत्रांतर्गत आनन्द घाट का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक गंगाघाट को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## एक्सप्रेस खबरें...

### साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति के खाते में 59,000/- रुपये कराए गए रिफंड

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पेमेण्ट एप के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 59,000/- रू0 की धनराशि थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा पीड़ित के खाते मे रिफण्ड कराई गई। दिनांक 25.03.2025 को अवनीश गुप्ता पुत्र दिनेश चन्द्र गुप्ता निवासी सीताराम कालोनी शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव द्वारा आनलाइन साइबर पोर्टल पर गूगल पे के माध्यम से दो अलग अलग शिकायतो के माध्यम से 296100/- रू0 का फ्राड होने विषयक प्रार्थना पत्र दिया गया था । जिस सन्दर्भ में कोतवाली गंगाघाट पर मु0अ0सं0 220/25 धारा 318 बीएनएस व 66 आई टी एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करते हुये दिनांक 05.08.2025 को आवेदक उपरोक्त को 59,000/- रूपये की धनराशि रिफण्ड करायी गयी। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा, अपराध निरीक्षक फूल सिंह, कम्प्यूटर आ0 ग्रेड बी पंकज कुमार एवं महिला आरक्षी समरीन बानो रही।



### डॉक्टर रोशन जैकब ने कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर दिये अवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब ने उन्नाव में सीएम डैशबोर्ड, विकास व राजस्व कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जल निकासी, बिजली आपूर्ति, सफाई, फसल बीमा, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, गौशाला प्रबंधन, स्कूलों की स्थिति आदि पर अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए ।इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी, सीडीओ कृति राज सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने आज उन्नाव के बड़ा चौराहा और गांधीनगर तिराहा के री-डिजाइन व सौंदर्यकरण कार्यों का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अतिक्रमण हटाने, जल निकासी की व्यवस्था, व कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### तिरंगा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर।** संतकवि बाबा बैजनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरख के कला संकाय स्थित बाबा बैजनाथ कल्चरल क्लब एवं सांस्कृतिक समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वाणिज्य, विज्ञान एवं कला संकाय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मण्डल में अखिलेश कुमार राय, डॉ आलोक, डॉ राजीव रत्न साहू शामिल थे। प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं की घोषणा 15 अगस्त को की जाएगी। और छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन बैजनाथ कल्चरल क्लब के प्रभारी डॉ शशिकांत द्वारा किया गया। तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया। इस अवसर पर डॉ धर्मवीर व महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश महामंत्री संगठन ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अजीत प्रताप सिंह के जीआईसी निकट स्थित आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। विदित हो कि भाजयुमो के जिला अध्यक्ष रोहित सिंह के पिता एवं अजीत प्रताप सिंह के बड़े भाई अवधेश प्रताप सिंह का गत 28 जुलाई की भोर में निधन हो गया था। संगठन महामंत्री ने स्व अवधेश प्रताप सिंह के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित करके दिवंगत शरीर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परिवारीजनों से मुलाकात करके उन्होंने ढांढस बंधाया।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य,पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, अवधेश श्रीवास्तव, हरगोविंद सिंह, संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई, अखंड प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, कार्तिकेय सिंह, आकाश शुक्ला, पीजे पांडे सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ेल में चल रहे पांच दिवसीय एफएलएन तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षकों के प्रशिक्षण का समापन खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षकों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली और अंत:विषयक दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें शिक्षकों को बताया गया कि किस प्रकार शिक्षा में बहुविषयक दृष्टिकोण अपनाकर बच्चों में समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा में सम्मिलित कर उसे मुख्यधारा में लाने के उपायों पर विचार किया गया। 'संतूर' कार्यपुस्तिका के प्रयोग और महत्व को भी विस्तार से समझाया गया। इसमें मोटर विकास को सुदृढ़ करने, अध्यायों की अवधारणाओं को स्पष्ट करने तथा खेल-खेल में सीखने की विधियों को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। इसी के साथ भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के उपायों और शब्दावली विस्तार की तकनीकों पर भी प्रकाश डाला गया। इन विषयों को शिक्षकों तक पहुंचाने में संदर्भदाताओं लक्ष्मी सिंह, सुभाष चंद्र तिवारी, आलोक वर्मा, नरेंद्र कुमार और स्वर्णजीत कौर के साथ प्रथम संस्था टीम से अमर सिंह, रामनाथ उपाध्याय व संदीप सिंह का विशेष योगदान रहा। उन्होंने उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने समापन अवसर पर कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों से जोड़ते हैं और विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को सरल, रोचक एवं प्रभावी बनाते हैं।

# कोई भी नवजात और गर्भवती महिला टीकाकरण से न रहे वंचित : शशांक त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जनपद में संचालित टीकाकरण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, भागीदारी और उपलब्धता का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीराबाद एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वास्थ्य उपकेंद्र मुहीउद्दीनपुर में आयोजित टीकाकरण सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम व सीएचओ से संवाद किया और टीकाकरण की समस्त प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नवजात बच्चों को लगाए जा रहे टीकों, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांचों, एब्डोमिनल चेकअप सहित सभी अनिवार्य परीक्षणों की स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गांव का कोई भी नवजात शिशु या गर्भवती महिला टीकाकरण व जांच से वंचित न रहे। इसके लिए लोगों को ड्यू लिस्ट के अनुसार बुलावा पर्ची देकर टीकाकरण स्थल पर आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों, कोटेदारों की मदद से समुदाय में जागरूकता फैलाएं ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी ने टीकाकरण सत्र में मौजूद आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम और सीएचओ द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना की और उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका के कारण ही स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। सीएचसी जहांगीराबाद में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का भी जिलाधिकारी ने अवलोकन किया।

उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजीव सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रवाद को धार देगा भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

अपने राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार देने के साथ ही देश भक्ति की भावना घर घर तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की कवायद तेज कर दी है। पार्टी ने अभियान को जनभागीदारी, स्वच्छता और गौरव शाली इतिहास से जुड़ने का सशक्त माध्यम बनाया है। बुधवार को अभियान की कार्यशाला जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि भाजपा जिले के हर सांगठनिक मंडल में युद्धवीरों, शहीदों, देश की सेवा के प्राण न्योछावर करने वाले पुलिस कर्मियों के घर जाएगी और उनके स्वजन को



सम्मानित कर पूरे क्षेत्र में देश भक्ति की अलख जगाएगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान को और व्यापक स्तर पर चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। बताया कि 7 व 8 अगस्त को मंडल कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। 12 अगस्त तक हर मंडल में तिरंगा यात्रा तथा 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा उन्होंने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस, संगोष्ठी व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। मंडलों की तिरंगा यात्रा में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को आकर्षित करने के लिए अभियान में डिजिटल भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत, शरद अवस्थी, हरगोविंद सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, राम कुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, गुरुशरण लोधी, आरती रावत, रामेष्वरी त्रिवेदी सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं अभियान के संयोजक मौजूद रहे।

### नगर की गलियों में घूमी अधिशासी अधिकारी, किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर।** नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने आगामी त्यौहारों को लेकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई वार्डों में साफ सफाई न मिलने पर उन्होंने नाराजगी भी जताई। नगर में बुधवार को आगामी त्यौहारौ की साफ-सफाई को लेकर अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा काफी सक्रिय दिखाई दी। सफाई व्यवस्था की हकीकत परखने के लिए नगर के कई वार्डो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने सफाई न होने की शिकायत दर्ज कराई। तो उन्होंने सुपरवाइजर आफताब आलम से सवालिया लहजे में कहा. देख रहे हो. लोग क्या बता रहे हैं आज से प्रतिदिन एक मोहल्ले में विशेष सफाई अभियान चलाएं और जब सफाई पूरी हो जाए तो मुझे रिपोर्ट करें. मैं क्रांस चेक करुंगी.. और सफाई जमीन पर भी दिखनी चाहिए यह कह कर चेताया भी। इस दौरान नगर के वार्ड पचघरा - 1, पचघरा-2, सटटी बाजार, मौलवीगंज-2, बाईपास रोड का निरीक्षण किया।

# बाढ़ प्रभावितों को किसी भी चीज का अभाव न होने पाए : रजनी

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

बाढ़ प्रभावितों को किसी भी स्तर पर राहत कार्यों में कोताही न हो और ज़रूरतमंद लोगों की हर आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाए।



उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा, राज्य मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कासिमपुर कटरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन में जाकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी तथा ग्रामवासियों द्वारा कई स्थानों पर जल निकासी की समस्या रखी गई, जिस पर मंत्री ने त्वरित जल निकासी की समस्या का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि प्रदेश की योगी सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है, उनकी हर संभव मदद के लिये तत्पर हैं।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर राहत कार्यों में कोताही न हो और ज़रूरतमंद लोगों की हर आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा टीमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें, जलजनित रोगों की रोकथाम हेतु समुचित प्रयास हों, और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी जरूरतमंद सहायता से वंचित न रहे। कहा कि संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुये पशुओं के लिये चारे, तथा ठहरने एवं पशु चिकित्सा की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि जल स्तर के घटने पर अधिकतर बीमारियां फैलती हैं। स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य कैंप के साथ ही बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि राहत शिविर में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन और बिजली आपूर्ति जैसे बुनियादी जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जाये। साथ ही राहत शिविरों में ठहरने की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। उन्होनें बाढ़ क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कहा कि कोई भी छात्र/छात्रायें शिक्षा से वंचित नही रहने चाहिए। स्कूल न जाने वाले ऐसे छात्र/छात्राओ को चिन्हित कर दाखिला कराया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री आशीष कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एआईएमआईएम के परिवार हुई बढ़ोतरी जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

बुधवार को ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन जिले में लगातार अपना परिवार बढ़ती नजर आ रही है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष इशरत खान की अगुवाई में आज तमाम लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।सौरिख के गांव राजपुर में मजलिस का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसका संचालन कर रहे इमरान खान ने पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा जिला अध्यक्ष इशरत खान ने सभी सदस्यता लेने वाले लोगों का जमकर स्वागत किया और कहा कि। मजलिस पार्टी ही। एक वह पार्टी है। जो जमीन पर उतर कर गरीबों मजलूमों की आवाज को बुलंद करती है और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में लगातार प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के




नेतृत्व में पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। आम लोगों को पार्टी पर अटूट विश्वास हो गया है। क्योंकि देश और प्रदेश की जनता जान चुकी है। इस पार्टी का मुखिया ना तो जुल्म के आगे झुकता है। और ना ही डरता है। वह हमेशा दबे कुचले लोगों की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक उठाने का काम करता है। भाई दलित और मुस्लिम पर राज करने वाली समाजवादी पार्टी केवल ठगने का काम करती है। और बीजेपी का डर दिखाकर सत्ता हासिल करना चाहती है। लेकिन अब देश और प्रदेश की जनता जान चुकी है। अब वह इन जुमलेबाज नेताओं के चक्कर में नहीं आने वाले हैं। इस मौके पर जिला प्रवक्ता वसीम ओवैसी, यूथ जिला अध्यक्ष अकबर खान, छिबरामऊ नगर अध्यक्ष आसिफ इकबाल सभासद सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कर्तव्य भवन का उद्घाटन : पीएम मोदी बोले, किराए के 1500 करोड़ रुपये बचेंगें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्तव्य भवन के शुभारंभ के अवसर पर बुधवार को एक एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ नये भवन और सामान्य मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, अमृत काल में इन्हीं भवनों में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी। विकसित भारत के लिए यहीं से महत्वपूर्ण निर्णय होंगे। आने वाले दशकों में यहीं से राष्ट्र की दिशा तय होगी।



### नागरिक देवो भवः का मंत्र है कर्तव्य

उन्होंने कहा, कर्तव्य शब्द का मतलब भारतीय संस्कृति में केवल दायित्व तक सीमित नहीं है। कर्तव्य हमारे देश के कर्मप्रधान दर्शन की मूलभावना है। स्व की सीमा से परे सर्वस्व की दृष्टि कर्तव्य की वास्तविक परिभाषा है। इसलिए कर्तव्य सिर्फ इमारत का नाम भर नहीं है। ये करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने की तपोभूमि है। कर्तव्य ही आरंभ है। कर्तव्य है प्रारब्ध है। करुणा और कर्मणता के स्नेहसूत्र में बना कर्म ही तो कर्तव्य है। सपनों का साथ है कर्तव्य। संकल्पों की आस है कर्तव्य। परिश्रम की पराकाष्ठा है कर्तव्य। हर जीवन में ज्योत जला दे, वहीं इच्छा शक्ति है कर्तव्य। करोड़ों देशवासियों की रक्षा का आधार है कर्तव्य। मां भारती की प्राण उर्जा का ध्वजवाहक है कर्तव्य। नागरिक देवो भव- का मंत्र है कर्तव्य। राष्ट्र के प्रति भक्तिभाव से किया हर कार्य है कर्तव्य।

### 100 साल पुरानी इमारत में चल रहा था गृह मंत्रालय

आजादी के बाद दशकों तक देश की प्रशासनिक मशीनरी उन इमारतों से चलाई जाती रही है, जो ब्रिटिश शासन काल में बनी थीं। आप भी जानते हैं दशकों पहले बने इन प्रशासनिक भवनों में वर्किंग कंडीशन कितनी खराब थी। अभी वीडियो में कुछ झलक भी देखी हमने। यहां काम करने वालों के लिए न पर्याप्त जगह है, न रोशनी है, न जरूरी वेंटिलेशन है। आप कल्पना कर सकते हैं, गृह मंत्रालय जैसा महत्वपूर्ण मंत्रालय करीब सौ साल से एक ही इमारत में अपर्याप्त साधनों से चल रहा था।

### कर्तव्य भवन देशवासियों के सपनों को साकार करने की तपोभूमि

उन्होंने कहा, कर्तव्य भवन सिर्फ इमारत का नाम भर नहीं है। ये करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने की तपोभूमि है। कर्तव्य पथ पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा,, हम आधुनिक भारत के निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों के साक्षी बन रहे हैं। कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, नया रक्षा भवन, भारत मंडपम, यशोभूमि, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा और अब कर्तव्य भवन - ये सिर्फ साधारण सुविधाएं नहीं हैं। यहां विकसित भारत की नीतियां बनेंगी, महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। आने वाले समय में राष्ट्र की दिशा यहीं से तय होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने काफी विचार-विमर्श के बाद इस भवन को कर्तव्य भवन नाम दिया। कर्तव्य पथ, कर्तव्य भवन नाम हमारे लोकतंत्र, संविधान के मूल मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### किराए के डेढ़ हजार करोड़ रुपये बचा पाएगी सरकार

प्रधानमंत्री ने कहा, काम की वजह से कर्मचारियों का यहां से वहां आना-जाना होता है। अनुमान है कि हर रोज आठ से दस हजार कर्मचारियों को एक मंत्रालय से दूसरे मंत्रालय में आना जाना पड़ता है। इसमें भी सैकड़ों गाड़ियों की आवाजाही होती है। खर्च होता है। सड़कों पर ट्रैफिक बढ़ता है। कितना समय खराब होता है। इन सबसे काम की दक्षता नहीं रहती है। इक्कीसवीं सदी के भारत को 21वीं सदी की व्यवस्थाएं चाहिए। इमारतें भी चाहिए। ऐसी इमारतें जो तकनीकी, सुरक्षा और सुविधा के लिहाज से बेहतरीन हो। जहां कर्मचारी सहज हो। फैसले तेज हो और सेवाएं सुगम हो। इसलिए कर्तव्य पथ के आसपास एक समग्र दृष्टि के साथ कर्तव्य भवन जैसी विशाल इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। ये तो पहला कर्तव्य भवन पूरा हुआ है। अभी कई कर्तव्य भवनों का निर्माण तेजी से चल रहे हैं। ये कार्यालय जब आसपास होंगे तो इससे कर्मचारियों को काम करने के लिए सही माहौल मिलेगा। जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। उनका कुल वर्क आउटपुट भी बढ़ेगा और सरकार डेढ़ हजार करोड़ रुपये किराए पर खर्च कर रही है, वह भी बचेगा।

# एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन जाएंगे पीएम मोदी, गलवां घाटी संघर्ष के बाद होगा पहला दौरा



- चीन जाने से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान दौरा पर पहुंचेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। पीएम मोदी की 2020 में गलवां घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने पिछली बार 2019 में चीन का दौरा किया था। चीन जाने से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान दौरा पर पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद पीएम मोदी की यात्रा को अहम माना जा रहा है। भारत की तरह चीन भी टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका के साथ तनातनी झेल रहा है। ट्रंप ब्रिक्स देशों पर डॉलर को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाने के साथ ही रूस से तेल आयात के मामले में हमलावर हैं। भारत और चीन दोनों ब्रिक्स के बड़े भागीदार हैं। पीएम मोदी की चीन की यह छठी यात्रा होगी। इससे पहले अक्तूबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की शी जिनपिंग से कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा तनाव कम करने के प्रयासों में तेजी आई थी।

### बैठक के इतर हो सकती है बैठक

एससीओ बैठक के इतर पीएम मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर सकते हैं। मगर यह चीन के सकारात्मक रुख पर निर्भर करेगा। भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद को लेकर चीन का रुख निराशाजनक था। इस कारण आतंकवाद पर संयुक्त बयान जारी नहीं हो पाया। इसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर की चीन यात्रा से चीजें कुछ बेहतर हुई हैं और बाद में अमेरिका की ओर से शुरू किए गए टैरिफ जंग के कारण वैश्विक परिदृश्य में तेजी से बदलाव आया है। ऐसे में चीन व भारत दोनों को आपसी सहयोग बढ़ाने की जरूरत पड़ सकती है।

### जयशंकर ने एससीओ बैठक में उठाया था पहलगाम का मुद्दा

वहीं पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि सदस्य देशों को संगठन के मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। उन्होंने कहा था कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धार्मिक तनाव पैदा करने के मकसद से किया गया था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी।

### अफगानिस्तान को मदद का आह्वान किया

विदेश मंत्री ने एससीओ से अफगानिस्तान को विकास सहायता बढ़ाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था, अफगानिस्तान लंबे समय से एससीओ के एजेंडे में है। क्षेत्रीय स्थिरता की मजबूरी के साथ-साथ हमें अफगान लोगों के कल्याण की भी चिंता है। जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर एससीओ सदस्य, को विकास सहायता बढ़ानी चाहिए। भारत इस दिशा में निश्चित रूप से कदम उठाएगा। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों के बीच परिवहन सुविधाओं और संपर्क को बेहतर बनाने की भी जरूरत पर जोर दिया था।

### भारत उठाएगे आतंकवाद का मुद्दा

एससीओ की बैठक में भारत की योजना आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को घेरने की है। एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में चीन-पाकिस्तान की जुगलबंदी के कारण भारत की नाराजगी बढ़ी। संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र न होने जबकि बलूचिस्तान का जिक्र होने के कारण भारत ने अपनी सहमति नहीं दी। इसके कारण यह बयान जारी नहीं हो पाया। इस बार क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, व्यापार सहयोग और बहुपक्षीय सहयोग पर विस्तृत बातचीत होगी। भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी की जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से रणनीतिक, आर्थिक, तकनीकी सहयोग पर विस्तृत बातचीत होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते पर सहमति बनने की संभावना है। इस बातचीत में भी टैरिफ जंग पर चर्चा हो सकती है।

# उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए को शिंदे का बिना शर्त समर्थन दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के बाद एलान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को बिना शर्त समर्थन देने का एलान किया है। उन्होंने यह घोषणा दिल्ली दौरे के दौरान की, जहां उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। शिंदे ने कहा कि बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी का महायुति गठबंधन महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव भी एक साथ लड़ेगा। एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उपराष्ट्रपति चुनाव में बिना किसी शर्त के समर्थन देगी। यह चुनाव 9 सितंबर को होना तय है। मौजूदा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह पद रिक्त हुआ है। शिंदे ने अपने बयान में यह भी कहा कि एनडीए आज पहले से कहीं अधिक एकजुट और मजबूत है।

### अमित शाह को बताया निर्णायक नेता

शिंदे ने अमित शाह की राजनीतिक उपलब्धियों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि अमित शाह न केवल देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गृह मंत्री बने हैं, बल्कि उन्होंने शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का सपना भी पूरा किया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह भारत में मिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है।

### दिल्ली दौरे पर 'तनाव' की अटकलें खारिज

शिंदे ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके लगातार दिल्ली आने को कुछ लोग मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मतभेद के रूप में पेश कर रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि उनके और फडणवीस के बीच कोई तनाव नहीं है और वे मिलकर महाराष्ट्र के विकास के लिए काम कर रहे हैं। दिल्ली दौरे का उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक समन्वय और केंद्रीय नेताओं से मुलाकात है।

### महायुति महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव भी लड़ेगी साथ

शिंदे ने यह भी बताया कि महाराष्ट्र में बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी का महायुति गठबंधन आगामी स्थानीय निकाय चुनाव एकजुट होकर लड़ेगा। इससे यह संकेत मिलता है कि तीनों पार्टियां राज्य स्तर पर चुनावी समीकरणों को लेकर पूरी तरह स्पष्ट और एकजुट हैं। शिंदे के इस बयान से यह साफ हो गया है कि एनडीए उपराष्ट्रपति चुनाव में मजबूत स्थिति में है और उसे सहयोगी दलों का पूरा समर्थन मिल रहा है।

# त्योहार के पहले आम आदमी को महंगाई का झटका, 120 रुपए किलो तक पहुंचे टमाटर के दाम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

त्योहार सीजन के पहले आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। टमाटर के बढ़ते दामों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। टमाटर के आसमान छूते भाव के पीछे टमाटर उत्पादक इलाकों में भारी बारिश बताई जा रही है। तेज बारिश की वजह से फसल को नुकसान हुआ है। टमाटर कारोबारी और उत्पादकों की मानें तो फिलहाल इसकी कीमतों से राहत मिलना मुश्किल है। राजधानी दिल्ली के खुदरा बाजारों में टमाटर 80 से 100 रुपये किलो बिक रहा है। जबकि महीने भर पहले यही टमाटर के खुदरा भाव 40 से 60 रुपये किलो थे। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश भर के खुदरा बाजारों में टमाटर के अधिकतम भाव 120 रुपये किलो तक हैं, जबकि इसकी औसत कीमत 50.88 रुपये किलो है।

# सरकारी अस्पतालों के अंदर जन औषधि केंद्र बंद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कर्नाटक के सभी सरकारी अस्पतलों में चलने वाले जन औषधि केंद्र को बीते दिनों बंद कर दिया गया। इसके बाद कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने बताया कि आखिर कर्नाटक सरकार ने ऐसा कदम क्यों उठाया है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों के अंदर चल रहे जन औषधि केंद्र (जेएके) बंद करने का फैसला इसलिए लिया है ताकि मरीजों को जरूरी दवाएं मुफ्त और भरोसेमंद तरीके से मिल सकें और उनका खर्चा कम हो। बता दें कि राव का यह स्पष्टीकरण केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी



नड्डा द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को लिखे एक पत्र में कर्नाटक के सरकारी अस्पतालों में जन औषधि केंद्रों को बंद करने के संबंध में उठाई गई चिंताओं के जवाब में आया है।

### मंत्री ने बताया क्यों उठाया कदम?

मंत्री राव ने बताया कि अब अस्पतालों में सरकारी डॉक्टर केवल उन दवाओं की ही लिखाई करेंगे जो अस्पताल की आपूर्ति में उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को दवाएं मिलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। अस्पतालों को दवाएं देने के लिए राज्य की मेडिकल सप्लाई कंपनी काम कर रही है और जरूरत पड़ने पर अस्पतालों को स्थानीय स्तर पर दवाएं खरीदने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### दिनेश गुंडू ने केंद्र सरकार से किया अनुरोध

इसके अलावा उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि योजना के तहत मिलने वाली दवाएं बाजार की दवाओं से 50 से 80 प्रतिशत सस्ती होती हैं। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि जन औषधि केंद्रों को दी जाने वाली दवाओं की कीमतें कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग को भी दी जाएं ताकि मुफ्त दवाओं की आपूर्ति और बेहतर हो सके। अंत में मंत्री ने कहा कि सरकार लोगों को सस्ती और अच्छी स्वास्थ्य सेवा देने के लिए लगातार काम कर रही है।

### केवल जन ऑषधि केंद्र पर लागू होगा फैसला

इसके साथ ही दिनेश गुंडू राव ने साफ किया कि यह फैसला केवल अस्पतालों के अंदर के जन औषधि केंद्रों पर लागू होगा, बाहर के केंद्र वैसे ही काम करते रहेंगे और लोग वहां अपनी पसंद से दवाएं खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि कर्नाटक में कुल 1,417 जन औषधि केंद्र काम कर रहे हैं, जिनमें से केवल 184 अस्पतालों के अंदर हैं। यह कदम खासतौर पर गरीब और कमजोर तबके के लिए उठाया गया है जो सरकारी अस्पतालों पर निर्भर हैं।

# बिहार एसआईआर पर संसद में हंगामा : विपक्ष ने चुनाव सुधारों पर चर्चा की पेशकश की, रखे कई प्रस्ताव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मानसून सत्र में इस बार लगातार हंगामा देखने को मिल रहा है। विपक्ष बिहार में चल रहे एसआईआर पर चर्चा को लेकर अड़ा हुआ है। इस बीच संसद में बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चल रही गतिरोध खत्म करने के लिए विपक्ष ने चुनावी सुधार पर चर्चा की पेशकश की है। विपक्ष का कहना है कि इसे मध्यम रास्ता माना जा सकता है ताकि संसद में कामकाज फिर से शुरू हो सके। सरकार ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि सरकार इस पर सहमति देने की संभावना कम है। वहीं मामले में गोगोई ने बताया कि 1961 में राज्यसभा में चुनाव नियमों में संशोधन पर चर्चा हुई थी, 1981 में चुनाव कानूनों की समीक्षा के लिए समिति बनाने का प्रस्ताव आया था, और 2019 में चुनाव सुधारों पर शॉर्ट डिस्कशन हुई थी। उन्होंने सरकार से अपील की कि चुनाव सुधारों पर चर्चा जल्द होनी चाहिए। विपक्ष का आरोप है कि बिहार में एसआईआर का उद्देश्य बड़ी संख्या में वोटरों को वोट से वंचित करना है ताकि राज्य चुनाव में सरकार को फायदा हो। पिछले कुछ हफ्तों से संसद में ज्यादातर दिन इस मुद्दे पर हंगामे के कारण कामकाज ठप पड़ा हुआ है।

### किरेन रिजिजू के बयान पर क्या बोले जयराम रमेश?

लोकसभा में संसद कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नियमों के तहत कोर्ट में चल रहे मामलों पर चर्चा नहीं हो सकती और चुनाव आयोग जैसे स्वतंत्र संस्थाओं के कामकाज पर संसद में चर्चा नहीं की जा सकती। वहीं कांग्रेस के जनसंपर्क महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव सुधारों और चुनाव आयोग के कामकाज पर संसद में पहले भी कई बार चर्चा हो चुकी है। उन्होंने अपने साथी सांसद गौरव गोगोई के ट्वीट का हवाला दिया जिसमें 1961 से लेकर 2019 तक चुनाव सुधारों पर विभिन्न मौकों पर हुई चर्चाओं का जिक्र है।

# बिजली विभाग के मुख्य अभियंता पर गिरी गाज अशोक कुमार को लापरवाही के कारण हटाया गया

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने गाजियाबाद क्षेत्र प्रथम के मुख्य अभियंता (वितरण) अशोक कुमार को पर्यवेक्षणीय शिथिलता और उपभोक्ता सेवाओं में लापरवाही के आरोप में उनके पद से हटा दिया है। यह कार्रवाई विद्युत कनेक्शन में देरी और बिजली आपूर्ति में व्यवधान से संबंधित शिकायतों के बाद की गई है। अशोक कुमार को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर पावर कॉर्पोरेशन मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। विद्युत विभाग में चल रही उठा पटक के बीच मुख्य अभियंता के खिलाफ कार्यवाही भी उसी का हिस्सा है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को अंकुर जैन नामक एक व्यक्ति ने 40 किलोवाट के विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था और इसके लिए 27,615 रुपये का भुगतान भी कर दिया था। इसके बावजूद, चार महीने बीत जाने के बाद भी कनेक्शन में लापरवाही बरती गई । जिससे उपभोक्ता को बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़े। इसके अतिरिक्त, 24-25 जुलाई की रात को लाल कुआं विद्युत उपकेंद्र में हुए व्यवधान को दो दिनों तक ठीक नहीं किया गया, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही और उपभोक्ताओं में आक्रोश फैल गया। उपभोक्ताओं ने विद्युत उपकेंद्र और का घेराव भी किया था। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। सूत्रों के मुताबिक जांच में अशोक कुमार को पर्यवेक्षणीय लापरवाही का दोषी पाया गया। इसके परिणामस्वरूप, 5 अगस्त को उनका स्थानांतरण कर दिया गया। साथ ही, अन्य जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की बात कही गई है। यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ता सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री द्वारा सेवा सुधार के लिए दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# रेल मंत्री बोले, रिंगस से खाटू श्याम नई रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण शुरू, 45 पैसे में यात्रा बीमा योजना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान में रिंगस से खाटू श्याम मंदिर तक सीधे रेल संपर्क के लिए 17 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन की योजना मंजूर दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी बुधवार को लोकसभा में दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर कुल 254 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेल मंत्री ने लिखित जवाब में कहा, फिलहाल खाटू श्याम मंदिर के लिए रिंगस स्टेशन रेलवे का मुख्य केंद्र है। यहां से दिल्ली तक मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की आठ जोड़ियां (दोतरफा ट्रेनें) चलती हैं, जिनमें से तीन जोड़ियां रोजाना चलती हैं। उन्होंने आगे बताया, खाटू श्याम के लिए सीधे संपर्क के मकसद से रिंगस-खाटू श्याम (17 किलोमीटर) नई रेल लाइन को 254 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है। इसके लिए वर्ष 2025-26 के लिए 43 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो चुका है। वैष्णव ने बताया कि साल 2024-25 में रिंगस और दिल्ली क्षेत्र के बीच कुल 4.98 लाख आरक्षित यात्रियों ने यात्रा की, जबकि 2025-26 (जून 2025 तक) में यह संख्या 1.25 लाख रही। उन्होंने कहा, 2024-25 और 2025-26 (जून 2025 तक) की अवधि के दौरान रिंगस और दिल्ली क्षेत्र के बीच चलने वाली ट्रेनों की औसत सीट भरने की दर 100 फीसदी से भी अधिक रही है। जब रेल मंत्री से पूछा गया कि क्या अलवर से नूंह-फिरोजपुर झिरका होते हुए एक नई ट्रेन सेवा शुरू हुई है, जिसे 2013-14 के बजट में मंजूरी मिली थी, तो उन्होंने बताया, दिल्ली से अलवर तक सोहना, नूंह और फिरोजपुर झिरका होते हुए 104.11 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन की योजना बजट में शामिल की गई थी, लेकिन इसके लिए जरूरी स्वीकृतियां मिलना बाकी थीं। उन्होंने आगे कहा, इसके लिए सर्वे कराया गया और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई। लेकिन कम यात्री संख्या की संभावना के कारण इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया गया। वैसे भी दिल्ली से अलवर पहले से ही रेवाड़ी के रास्ते जुड़ा हुआ है। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि इस समय कोटा से जयपुर के लिए 29 जोड़ियां ट्रेनें चलती हैं और कोटा से रिंगस के बीच भी तीन नियमित ट्रेन जोड़ियां चल रही हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा, कोटा-जयपुर-रिंगस क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए तीन विशेष ट्रेन जोड़ियां भी चलाई जा रही हैं।



### ई-टिकट पर सिर्फ 45 पैसे में मिल रही यात्रा बीमा योजना

रेल मंत्री वैष्णव ने लोकसभा में यह भी बताया कि जो यात्री ऑनलाइन ई-टिकट बुक करते हैं, वे सिर्फ 45 पैसे में रेलवे की वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं। यह बीमा प्रीमियम सभी करों सहित होता है। उन्होंने कहा कि यात्री अपनी इच्छा से टिकट बुकिंग के समय इस योजना को चुन सकते हैं। यह योजना सिर्फ उन्हीं यात्रियों के लिए है, जिनके ई-टिकट कन्फर्म या आरएसी में होते हैं। काउंटर से टिकट बुक करने वालों को यह सुविधा नहीं मिलती।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)